


सूर्योदय प्रातः 6:12 | सूर्यास्त संध्या 5:24 | पखवाड़ा माघ शु. एकादशी, संवत 2080 | तापमान अधिकतम 38° न्यूनतम 26°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024, वर्ष : 15, अंक : 66, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,488.99 | -454.69 (-0.62%) |
| निफ्टी | 22,212.70 | -4.75 (-0.02%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 22 carat | 57,500.00 |
| चांदी | | 745.00 |

# झारखंड में पारा 43 डिग्री पार, बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्कूलों का बदला समय

- मौसम केन्द्र के अनुसार संथाल परगना में 20 से 21 अप्रैल तक चलेगी हीट वेब





फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** राज्य में लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। सूर्य देवता आग उगल रहे हैं। कई जिलों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। कई जिलों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। रांची मौसम केन्द्र के अनुसार आनेवाले दिनों में पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के तापमान में वृद्धि की सम्भावना जतायी गयी है। मौसम विभाग ने 19 से 21 अप्रैल तक कोल्हान प्रमंडल में लू का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र के अनुसार संथाल परगना में 20 से 21 अप्रैल तक हीट वेब चलेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में दर्ज किया गया है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस बोकारो थर्मल में दर्ज किया गया। राजधानी रांची में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बढ़ते तापमान को देखते हुए कई निजी स्कूलों ने समय सारिणी में बदलाव शुरू कर दिया गया है। कई स्कूलों ने सुबह स्कूल पहुंचने और दोपहर छुट्टी के समय में बदलाव किया है। वहीं, कई स्कूल अगले सप्ताह से टाइमिंग में जल्द ही बदलाव करेंगे। डीएवी आलोक, डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी बरियातू, जेवीएम श्यामली, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रॉयल्स बड पब्लिक स्कूल और कैराली स्कूल ने पहले ही सुबह के शेड्यूल में बदलाव कर दिया है। डीएवी बरियातू में सुबह 08 बजे से कक्षाओं का संचालन होता था। अब 7.30 कर दिया गया है। डीएवी आलोक में 8.10 के बजाय सुबह 7 बजे से कक्षाएं चल रही हैं। इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 7.40 की बजाय 7 बजे से, जेवीएम श्यामली में 8 बजे के बजाय 7 बजे से और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 08 की जगह अब सुबह 06 बजे से कक्षाओं का संचालन हो रहा है।

## एक झलक

### कांकेर मुठभेड़ : मारे गये 29 में से 16 नक्सलियों की पहचान

**कांकेर :** हापाटोला जंगल में मंगलवार को मुठभेड़ में मारे गये 29 में से 16 नक्सलियों की पहचान हो गई है। बाकी 13 नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हुए थे। उल्लेखनीय है कि कांकेर में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान 15 महिला नक्सलियों सहित कुल 29 नक्सली मारे गए। ज्यादातर मारे गए नक्सलियों की पहचान दक्षिण बस्तर के निवासी के रूप में हुई है। मारे गए जिन नक्सलियों की पहचान हुई है उनमें शंकर राव-डीव्हीसी सदस्य/उत्तर बस्तर डिवीजन मास प्रभारी, ललिता डीव्हीसी-सदस्य/परतापुर एरिया कमेटी प्रभारी/जनताना सरकार, दिवाकर गावडे मोहला दलम कमांडर, सुखमति, जुगनी, बदरू, माधवी, सुखलाल पद्दा, हीरालाल, विनोद गावडे, राकेश, कमला सोढ़ी, रंजीत, हिड़मे मरकाम, नीतू वड्डा, मानकी कुड़ामी शामिल हैं।

एसपी कल्याण एलसेला ने बताया कि मुठभेड़ के बाद मंगलवार को दो नक्सलियों की पहचान की गई थी।अब तक मुठभेड़ में मारे गए 16 नक्सलियों की शिनाख्त कर ली गई है। बाकी शवों की शिनाख्त प्रकिया जारी है।

### ओड़िशा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने चार और उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों की सूची जारी की है। गुरुवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा यह सूची जारी की गई है। कांग्रेस ने ओडिशा विधानसभा के भुनेश्वर उत्तरी क्षेत्र से अशोक कुमार दास, भुवनेश्वर मध्य विधानसभा क्षेत्र से प्रकाश चंद जेना, सत्यबादी विधानसभा क्षेत्र से से मनोज रथ और महंगा विधानसभा क्षेत्र से देवेंद्र कुमार शाहु को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 75 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा रविवार को की थी। इसके पहले 2 अप्रैल को 49 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। ओडिशा विधानसभा में कुल 147 सीटें हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस अब तक 128 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है।

### भाजपा ने सिंधुदुर्ग-रत्नागिरी लोकसभा सीट से नारायण राणे को बनाया उम्मीदवार

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नारायण राणे को सिंधुदुर्ग-रत्नागिरी निर्वाचन क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। गुरुवार को जारी भाजपा के उम्मीदवारों की 13वीं सूची में राणे के नाम की घोषणा की गई। इसी के साथ नारायण राणे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के बीच टकराव पर ● शेष पृष्ठ 11 पर

## अंदर के पन्नों पर


2 पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की ...

5 रामनवमी पर राममय हुआ कोयलांचल धनबाद...

7 सड़क हादसे में दो बच्चों सहित 03 लोगों ...

8 कम मतदानवाले क्षेत्रों में चलायें जागरूकता ...

10 गुजरात पर बड़ी जीत के बाद दिल्ली पहुंची ...


## भारत ने एक बार फिर रचा इतिहास

# "निर्भय" सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**सफलता**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने दी डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई



- वायुसेना के लड़ाकू सुखोई-30 विमान से हुई मिसाइल के उड़ान पथ की निगरानी
- बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है निर्भय मिसाइल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने गुरुवार को लम्बी दूरी की स्वदेशी "निर्भय" सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण करके एक बार फिर इतिहास रच दिया है। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू सुखोई-30 विमान से भी नजर रखी गयी। यह मिसाइल बहुत कम ऊंचाई पर भी दुश्मन के राडार को धोखा देने में सक्षम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 18 अप्रैल को ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर), चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। इस दौरान मिसाइल की सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। मिसाइल के प्रदर्शन और उसके उड़ान पथ की निगरानी के लिए आईटीआर में विभिन्न स्थानों पर राडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम (ईओटीएस) और टेलीमेट्री जैसे कई सेंसर तैनात किये गये थे। मिसाइल की उड़ान पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई से भी नजर रखी गयी। डीआरडीओ के मुताबिक परीक्षण के दौरान मिसाइल ने पॉइंट नेविगेशन का उपयोग करके निर्धारित लक्ष्य तक रास्ते का अनुसरण किया और बहुत कम ऊंचाई वाली समुद्री स्किमिंग उड़ान का प्रदर्शन किया। इस सफल उड़ान परीक्षण ने बेंगलुरू के गैस टर्बाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान (जीटीआरई) में विकसित स्वदेशी प्रणोदन प्रणाली के विश्वसनीय प्रदर्शन को भी स्थापित किया है। बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए यह मिसाइल उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है। इस मिसाइल को डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) में विकसित किया गया है। इस परीक्षण को विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के कई वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ-साथ उत्पादन भागीदार के प्रतिनिधियों ने भी देखा। रक्षा ● शेष पृष्ठ 11 पर

## चुनाव आयोग की डमी कैंडिडेट पर रहेगी सख्त नजर

- चौथे चरण के चुनाव के लिए राज्य के चार लोस क्षेत्रों में पहले दिन एक भी नामांकन नहीं
- गाड़ी के परमिट में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए फूलप्रूफ व्यवस्था : के. रवि कुमार




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** लोकसभा चुनाव के दौरान डमी कैंडिडेट पर चुनाव आयोग की पैनी नजर रहेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि ऐसे कैंडिडेट की पहचान कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि आयोग के संज्ञान में आया है कि डमी कैंडिडेट के नाम पर दूसरे कैंडिडेट चुनावी खर्च मैनेज करते हैं।

**उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट होगा फूलप्रूफ**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि इस बार चुनाव में उम्मीदवारों के लिए गाड़ियों का परमिट फूलप्रूफ होगा। इसके लिए आयोग ने स्टैंडर्ड फार्मेट बनाया है। यह सात तरह का होगा। इसका डूप्लीकेट बनाना मुश्किल होगा। इसमें कोडिंग और माइक्रो चिप जैसी व्यवस्था होगी। इसे गाड़ी के स्क्रीन पर लगाना अनिवार्य होगा। वहीं, गाड़ी बदलने पर परमिट सरेंडर कर नयी गाड़ी का परमिट लेना होगा।

**पहले दिन एक भी नामांकन नहीं**

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिए झारखंड में चार लोस क्षेत्रों के लिए नामांकन के पहले दिन गुरुवार को एक भी नामांकन नहीं हुआ। पहले ● शेष पृष्ठ 11 पर

### नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नयी बुलंदियों पर पहुंचा : अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को गुजरात के जामनगर में पार्टी के चुनावी प्रचार कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतवर्ष के चारों अमृत स्तंभ यानी युवा, महिलाएं, किसान और गरीब को जो विकास, सम्मान दिया है, वो कांग्रेस ने 60 वर्षों में भी नहीं दिया। आज देश तेजी से गरीबी को मिटाकर आत्मनिर्भर तो बन ही रहा है, इसके साथ ही मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अभी से ब्लूप्रिंट पर काम करना चालू कर दिया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## पहले चरण के मतदान के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने की मतदाताओं से अपील



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक वीडियो संदेश जारी कर लोगों से मतदान की अपील की है। उन्होंने कर्तव्य और जिम्मेदारी को समझते हुए लोगों से स्वयं मतदान करने तथा अपने परिवारवालों और दोस्तों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। लोकसभा में पहले चरण का मतदान कल होगा। शुक्रवार 19 अप्रैल सुबह सात बजे से छह बजे तक 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान होगा। आयोग ने चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चुनाव पूर्व संदेश में राजीव कुमार ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की गौरवशाली अभिव्यक्ति है। इससे बेहतर कुछ नहीं है। लोगों के मतदान को सहज और सुलभ बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ी तैयारियां की हैं। उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। चुनाव अधिकारी लोगों का विनम्रता के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सलमान खान गोलीकांड मामले में एक और गिरफ्तार



### अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी पुलिस

**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हुई फायरिंग मामले में महाराष्ट्र पुलिस कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी। पुलिस ने अनमोल बिश्नोई के विरुद्ध पर्याप्त सबूत मिलने के बाद उसको सह आरोपित बनाया है। अनमोल ● शेष पृष्ठ 11 पर

एजेंसी

**मुम्बई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर 14 अप्रैल को की गयी फायरिंग के मामले में हरियाणा से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। फायरिंग की घटना के बाद से पुलिस की कार्रवाई जारी है। दो आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद एक और को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

### ईरान में फंसे भारतीय 17 क्रू मेंबर्स में से केरल की टेसा जोसेफ स्वदेश लौटीं

**नयी दिल्ली :** कंटेनर जहाज एमएससी एरीज के भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एक केरल के त्रिशूर की भारतीय डेक कैडेट एन टेसा जोसेफ गुरुवार को दोपहर कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित स्वदेश लौट आयीं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि तेहरान में भारतीय मिशन और ईरानी सरकार के ठोस प्रयासों से यह संभव हुआ है। मंत्रालय के अनुसार हवाई अड्डे पर कोचीन के क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने जोसेफ का ● शेष पृष्ठ 11 पर

## ईडी ने उद्योगपति राज कुंद्रा व फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की 97.79 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की



एजेंसी

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को उद्योगपति राज कुंद्रा और उनकी पत्नी फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की 97.79 करोड़ की सम्पत्ति जब्त कर ली है। इन सम्पत्तियों में शिल्पा के नाम पर जुहू स्थित फ्लैट, राज कुंद्रा के नाम पर पुणे स्थित बंगला और इक्विटी शेयर आदि शामिल हैं। ईडी की टीम मामले की छानबीन कर रही है। ईडी सूत्रों के अनुसार शिल्पा शेट्टी के पति रिपुसूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपये की अचल व चल सम्पत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया है। यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत की गयी है। कार्रवाई से ● शेष पृष्ठ 11 पर

# अब शांति और विकास की धरती बन गया है कोकराझाड़ : जेपी नड्डा

- भाजपा अध्यक्ष ने कोकराझाड़ में एनडीए समर्थित उम्मीदवार जयंत बसुमतारी के समर्थन में की सभा
- प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से सारे भ्रष्टाचार के खेल को खत्म कर दिया



एजेंसी

**कोकराझाड़ (असम) :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस के शासनकाल में जो कोकराझाड़ आन्दोलन की धरती बन गया था, वह आज शांति की धरती बन गया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने काम किया है। जेपी नड्डा गुरुवार को कोकराझाड़ में एनडीए समर्थित यूपीपीएल के उम्मीदवार जयंत बसुमतारी के समर्थन में एक चुनावी रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोकराझाड़ में बम धमाका, सड़क जाम, बंद, हड़ताल आदि की खबरें होती थीं। उस समय कोकराझाड़ की पहचान आन्दोलन की धरती की तरह बन गयी थी, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के प्रयासों से यह शांति और विकास की धरती बन गया है। उन्होंने कहा कि फैसले लेने में माहिर प्रधानमंत्री मोदी तथा उसे अमल करने में एक्सपर्ट अमित शाह ने मुख्यमंत्री डॉ. सरमा और यूपीपीएल के प्रमुख प्रमोद बोड़ो के सहयोग से यहां शांति की स्थापना हुई। जनवरी 2020 में बोड़ो शांति समझौता के जरिये इस सदी का एक ऐतिहासिक समझौता किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में भाई को भाई से लड़ा कर भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा था। आपस में खूनी संघर्ष हुआ करते थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से सारे भ्रष्टाचार के खेल को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के प्रयासों से पूर्वोत्तर में उग्रवाद का एक प्रकार से सफाया हो गया है। उग्रवादी संगठन के सदस्य मुख्य धारा में शामिल कर दिये गये और पूरे क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इसे अष्टलक्ष्मी कहा। साथ ही, उन्होंने इसके आठ आधार शांति, स्पोर्ट्स, हाइड्रो पावर जेनरेशन, 5जी कनेक्टिविटी, ऑर्गेनिक फार्मिंग, कल्चरल प्रोटेक्शन तथा टेरिटोरियल प्रोटेक्शन आदि को बताया। उन्होंने कहा कि 1500 करोड़ रुपये बोड़ो एकॉर्ड के तहत खर्च करके स्थाई शांति बोड़ोलैंड में बहाल की गयी। उन्होंने कहा कि आज पूर्वोत्तर के 90 फीसदी इलाके से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (आफ्सपा) हटाया जा चुका है। 05 लाख करोड़ रुपये पूर्वोत्तर के विकास पर पिछले 05 साल में खर्च किये गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लुक ईस्ट के साथ-साथ एक्ट ईस्ट, एक्ट फर्स्ट तथा एक्ट फास्ट की पॉलिसी अपनायी। यही वजह है कि पिछले 09 साल में पूर्वोत्तर में 06 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग 03 लाख करोड़ रुपए की लागत से बनाये गये। 06 हजार गांवों को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ा गया। असम में रेलवे का विस्तार चार गुणा कर दिया गया। पिछले 05 साल में आठ एयरपोर्ट बनाये गये। इनमें से तीन एयरपोर्ट असम में बनाये गये। नॉर्थ ईस्ट ट्रांसफार्मेशन एंड इंडस्ट्रियलाईजेशन स्कीम के तहत 10 हजार करोड़ रुपये खर्च किये गये। जेपी नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में दसवें स्थान पर थी, आज पांचवें स्थान पर आ चुकी है। उन्होंने कहा कि अगले 05 साल में भारत की अर्थव्यवस्था तीसरे नम्बर पर चली ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### रामनवमी मेला में पुरस्कार का हुआ वितरण



**भुरकुंडा** : रामनवमी के अवसर पर भुरकुंडा रामनवमी मैदान में क्षेत्र की कई समितियों की झांकियों का जुटान हुआ। श्रीश्री रामनवमी मेला और पूजा समिति के निर्णायक मंडली ने आकर्षक झांकी, महावीरी ध्वज, शस्त्र कला प्रदर्शन और अनुशासन वर्ग में प्रथम, द्वीतीय और तृतीय स्थान पर विजेताओं का चयन किया। झांकी में पहले स्थान पर महाबीर मंडल लादी, दूसरे स्थान पर शिवनगर चिकोर और तीसरे स्थान पर अंबेडकर कलब लादी रहा। महावीर ध्वज में चिकोर पहले, पटेलनगर दूसरे और पटेलनगर शीतला माता मंदिर तीसरे स्थान पर रहा। कला प्रदर्शन में मतकमा पहले, कुरसे दूसरे और संकटमोचन मंदिर, भुरकुंडा तीसरे स्थान पर रहा। वहीं जुलूस के दौरान अनुशासन में महाबीर मंडल लादी पहले, कुरसे दूसरे और देवरिय तीसरे स्थान पर रहा। अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अन्य समितियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडली में सीसीएल के अभियंता अंकुर विश्वनाथ, अभिनव आनंद, जेएम कालेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी, जुबिली कालेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी और जुबिली कॉलेज के प्रो. मनोज कुमार शामिल रहे।

### चैती दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन, रामनवमी जुलूस में हजारों हुए शामिल

**रजरप्पा (रामगढ़)** : कुंदरू कला पंचायत में चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी पर विशाल जुलूस एवं आकर्षक झांकियां प्रदर्शन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में महिला पुरुष राम भक्त शामिल हुए, गांव के विभिन्न टोला में दुर्गा प्रतिमा का भ्रमण कराया गया। इस दौरान ₹जय माता दी₹, जय अंबे जय जगदंबे के जयकारे से पूरा गूंजायमान हुआ, विशाल जुलूस के शक्ल केसरिया ध्वज कर राम भक्त जुलूस में एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज अखाड़े में खेल का प्रदर्शन किया महावीर झंडा और दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन पर आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई जिसे दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा, नेवालाल महतो, डॉ रेवालाल महतो, कजरु करमाली, मोहराय महतो, जितेंद्र करमाली, कुलदीप करमाली, अनिल केसरी, शैलेन्द्र महतो, बिजय केशरी, नागेश्वर करमाली, कांति करमाली, ज्ञानी ठाकुर,हीरालाल महतो, दिगम्बर गुप्ता,बिनोद करमाली कालेश्वर केशरी, सुरेश महतो विपुल केशरी, शम्भू महतो, पारस महतो, सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

### सीआईटी में शोकसभा के बाद कक्षाएं स्थगित



**अनगड़ा** : कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अध्यनरत 2022 बैच के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र विवेक साह की असामयिक मौत को लेकर गुरुवार को संस्थान में शोकसभा का आयोजन किया गया। मौके पर मृत छात्र की आत्मा की शांति के लिए विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान अपने सम्बोधन में प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने कहा की छात्र विवेक काफी होनहार और मिलनसार था। उसकी मृत्यु से संस्थान को अपूरणीय क्षति हुई है। दु:ख की इस घड़ी में और ईश्ववर परिजनों को दु:ख सहने का सबल प्रदान करें। मालूम हो की मृतक छात्र झारखण्ड के गोड्डा जिले के खिरोउंधी गांव का रहने वाला था.और छुट्टी के दौरान अपने घर गया था जँहा विगत 16 अप्रैल को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद छात्र की मृत्यु हो गई। छात्र की मौत को लेकर संस्थान में शोक की लहर है। शोक सभा के बाद सभी कक्षाए स्थगित कर दी गई।

### अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता व झांकी प्रदर्शनी का आयोजन

**अनगड़ा** : गेतलसूद स्कूल मैदान में गुरुवार को महावीर मंडल गेतलसूद के तत्वावधान में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता व झांकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अखाड़ा पुजन सांसद संजय सेठ ने किया। वहीं उदघाटन सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश कच्छप, प्रमुख दीपा उरांव, मंडल के मुख्य संरक्षक जैलेंद्र कुमार, मुखिया शांति मुंडा ने किया। मौके पर लाठी खिलाड़ियों ने करतब दिखाए, झांकी प्रदर्शनी आयोजित हुई। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने रामभक्तों का उत्साह बढ़ाया। मौके पर पुर्व प्रमुख अनिता गाड़ी, अनुराधा मुंडा, प्रमोद सिंह, सुजीत सोनी, अध्यक्ष संतोष सिन्हा, शंकर बैठा, हर्ष राज, संजय नायक, भोला महतो, गौरीशंकर मुंडा, बिगेश्वर महतो, शिकारी महतो, राजकुमार बैठा, नीलमोहन पाहन, रितेश उरांव, राजीव सिंह, सीताराम मुंडा, बिरेंद्र यादव, राजेंद्र महतो, रामसाय मुंडा ,सहित अन्य उपस्थित थे।

---

### खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 25 अप्रैल तक भरे जायेंगे नामांकन पत्र

# पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक उम्मीदार अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 27 और 28 अप्रैल को सांवजनिक अवकाश होने के कारण 29 अप्रैल को प्रत्यशी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। नामांकन के लिए उम्मीदवार को 12500 सुरक्षित राशि जमा करनी पड़ेगी। नामांकन के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवार को एक प्रस्तावक और



स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए दस प्रस्तावकों का होना जरूरी है। यह जानकारी जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने समाहरणालय सभागार में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भी मौजूद थे। एपायुक्त ने बताया कि नामांकन पत्र भरने में प्रत्याशियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा हेल्प डेस्क बनाया गया है। नामांकन के सबंध में डीसी और एसपी ने बताया कि समाहरणालय से दो सौ मीटर की दूरी तक किसी उम्मीदवार के साथ तीन गाड़ियों को ही जाने की अनुमति होगी। नामांकन के लिए उम्मीदवार के साथ जा सकते हैं। डीसी ने बताया कि खूंटी संसदीरू क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 13 लाख नौ हजार 677 है। इनमें छह लाख 66 हजार 584 महिला वोटर और छह लाख 43 हजार 87 पुरुष मतदाता हैं। बताया गया कि छह विघानसभा क्षेत्रों में फैले खूटी संसदीय सीट में 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए 1705 मतदान कंद्र बनाये गये हैं। इनमें खूंटी जिले के तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 252 और खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 297 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। खरसावां में 282, तमाड़ में 303, सिमडेगा में 270 और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में 301 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। बताया गया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए खूंटी जिले में 549 मतदान केंद्र बनाये गये हैं और 72 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 110 माइक्रो ऑब्जर्बर, और 659 पीठासीन पदाधिकारी अरौ इतनी ही संख्या में प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। जिला निवार्ची पदधिकारी ने बताया कि इस बार खूंटी जिले में युवा बूथ भी बनाये गये हैं, जहां सभी मतदान अधिकारी और कर्मचारी 30 वर्ग कें होगे। उन्होंने बताया कि जिले में 115 महिला बूथ बनाये गये हैं।

---

### श्री अग्रसेन स्कूल में मनाया गया वर्ल्ड हेरिटेज डे

## विरासतों को बचाना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेवारी : एसके चौधरी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : श्री अग्रसेन स्कूल में गुरुवार को वर्ल्ड हेरिटेज डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हेरिटेज डे मनाने के महत्व से अवगत कराया गया। उनके बीच हेरिटेज पर आधारित पेंटिंग, भाषण और क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक एकेडमिक एसके चैधरी ने कहा कि किसी भी देश के लिए उसकी धरोहर उसकी अमूल्य संस्कृति होती है। किसी भी देश की पहचान, उसकी सभ्यता की जानकारी इन्हीं धरोहरों से पता चलती है। हेरिटेज डे मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना होता है। उन्होंने कहा कि विरासत अतीत का खजाना है। आनेवाली पीढ़ी के लिए इसका संरक्षण करना वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है। अपनी ऐतिहासिक इमारतों, संस्कृति, धरोहरों और स्मारकों की खूबसूरती को बरकरार रखना बेहद जरूरी है. क्योंकि ये इमारतें या धरोहर हमें हजारों वर्ष पहले के इतिहास की झलक दिखाती हैं. इन्हें बचाकर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को इनके महत्व के बारे में बता सकते हैं। शिक्षिका साधना सिन्हा ने कहा कि आज ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण धरोहरों को कई तरह से नुकसान पहुंच रहा है। प्रदूषण, अम्लीय वर्षा, देखभाल का अभाव, लोगों द्वारा घूमने के दौरान दीवारों पर लिख देने आदि के कारण इनकी खूबसूरती प्रभावित हो रही है। बताया कि भारत में 3691 हेरिटेज हैं। जिसमें से 40 को यूनेस्को ने अपनी लिस्ट में रखा है। उन्होंने ताजमहल, लाल किला, कुतुबमीनार, बुलंद दरवाजा, हवा महल आदि के बारे में बताते हुए कहा कि इन हेरिटेज का देश की जीडीपी में भी पर्यटन के रूप में योगदान होता है।

---

## रामनवमी कमेटी सदस्यों और विधायक के अंगरक्षकों में धक्का-मुक्की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : रामनवमी के पावन अवसर पर घुटुवा का मैदान बुधवार की शाम राजनीति के दंगल में तब्दील हो गया। रात तकरीबन 08:30 बजे विधायक अंबा प्रसाद के मंचासीन होने के बाद विधायक समर्थकों और अखाड़ा समिति के लोगों के बीच माइक छीनाझपटी से शुरू हुआ विवाद आगे धक्का-मुक्की में तब्दील हो गया। मामले को लेकर रात लगभग 11:00 बजे तक बरकाकाना ओपी में गहमागहमी बनी रही। दोनों पक्ष के लोगों ने पुलिस को आवेदन देकर एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया



कि रामनवमी अखाड़ा समिति ने हर वर्ष की भांति घुटुवा मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया था। जहां लगभग छह गांव के जुलूस का जुटान हुआ। झांकियों के साथ लोग शस्त्र चालन का प्रदर्शन कर रहे थे। इस बीच अंबा प्रसाद अपने समर्थकों और अंगरक्षकों के साथ मंच पर पहुंची। उनका स्वागत करते हुए उन्हें मंचासीन कराया गया। आगे कार्यक्रम जारी रहा। इस बीच विधायक मंच से लोगों को संबोधित करना चाह रही थी। माइक के लिए उन्होंने समर्थकों को इशारा भी किया। विलंब होने पर विधायक के एक समर्थक जय प्रकाश सिंह ने मंच संचालन कर रहे लव श्रीवास्तव से माइक छीन लिया। जिसपर विवाद बढ़ गया और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने बीचबचाव करते हुए मामला शांत कराया। मामले को विधायक अंबा प्रसाद समर्थकों के बरकाकाना ओपी पहुंची। जहां उनके समर्थक जय प्रकाश सिंह की ओर से ओपी में आवेदन दिया गया। विधायक ने कहा कि रामनवमी कमेटी में शामिल आजसू के लोगों ने गुंडागर्दी की है। वहीं रामनवमी अखाड़ा समिति के हरि रत्नम ने भी बरकाकाना ओपी में आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर दोनों पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज किया है। बताते चलें कि इससे पूर्व वर्ष 2018 में भुरकुंडा रामनवमी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक अंबा प्रसाद से जुड़ा इसी प्रकार का विवाद प्रकाश में आया था।

---

## ककरिया में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा लोटन अनुष्ठान के साथ शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग** : लापुंग प्रखंड के ककरिया में शिवोपासना का सबसे कठिन पर्व मंडा गुरुवार को शोभायात्रा व लटन सेवा के साथ शुरू हो गया इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला व श्रद्धालुओं के द्वारा कलश में जल लेकर नगर भ्रमण किया गया वहीं पट्भोक्ता महेंद्र लोहरा व रंजीत लोहरा के नेतृत्व भोक्ता व सेवादार महिलाएं विधीवत पूजा अर्चना किया । इस दौरान मुहल्ला पहुंचने पर भोक्ताओं को धुप आरती दिखाकर और पैर धोकर प्रत्येक घरों के पास स्वागत किया गया। जिसके बाद लोटन करते हुए मंदिर की प्रक्रिमा किया गया। वहीं पुजारी सुरेश देवघरिया के द्वारा सारे अनुष्ठान करायें गये। शिव उपासना में शामिल भक्त आठ दिन पहले से फलाहार का सेवन कर उपासना कर रहे हैं वहीं शुक्रवार की देर रात शाम भोक्ताओं के द्वारा दहकते आग के ऊपर झुलकर धुआं सुआं व देर रात छोऊ नृत्य का आयोजन व रात तीन बजे के आसपास भोक्ताओं के द्वारा दहकते अंगारों पर चलेंगे साथ ही शनिवार की सुबह झुलन के साथ मंडा का समापन हो जाऐगा । वहीं लटन सेवा के बाद कई लोगों ने भोक्ताओं के बीच फल का वितरण किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडा पुजा समिति के संरक्षक बन बिहारी साहु, प्रदीप साहु, ग्रामीणों में गंगाधर साहु, सुमित कुमार, अनिल साहु, चितरंजन कुमार, सुदर्शन कुमार, लक्ष्मीनारायण साहु, सुधीर साहु, ब्रज बिहारी साहु, सुभाष साहु, चुनिया राम, देवेन्द्र वर्मा, प्रभात कुमार, समेत ग्रामीणों का योगदान रहा। मौके पर मुखिया बिरसमनी देवी पुर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंज समेत कई लोग शामिल हुए।

---

## मजदूरी करने गया पति लापता, पति की बरामदगी के लिए पत्नी ने लगायी पुलिस से गुहार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : थाना क्षेत्र के हुलसी गांव निवासी बबलू उरांव गुजरात के बड़ोदरा से घर लौटने के दौरान रास्ते से ही पिछले सात दिनों से लापता है। इसको लेकर बबलू उरांव की पत्नी प्रिया तिर्की ने बताया कि उनके पति पिछले जनवरी महीने में मजदूरी करने के लिए राजस्थान बड़ोदरा गए थे। बीते 12 अप्रैल को वे घर लौटने के लिए हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन पर चढ़े थे। प्रिया ने बताया कि मेरे पति ने मोबाइल पर फोन कर बात किया और घर लौटने की बात बताया। मेरे पति के साथ कर्रा थाना क्षेत्र के मनपुर गांव के सन्नी उरांव पिता गंदुरा उरांव भी ट्रेन पर सवार होकर आ रहे थे। तभी सन्नी उरांव सो गया जब ट्रेन राउलकेला पहुंची तो उसका नींद खुला तो देखा कि बबलू नहीं है। वहीं सात दिन बीत जाने के बाद भी वे घर नही लौटे। उनका कही कोई अतापता नही चल सका है। पत्नी ने बताया कि उनके पति के लापता होने के बाद अपने सभी सगे-संबंधियों व रिश्तेदारों के यहां भी पता किया लेकिन उनका कही भी आजतक पता नही चल सका। पत्नी ने बताया कि मेरे पति जेसीबी चालक मजदूरी का काम करने गए थे। काम करने के दौरान मालिक मालदीव से पैसा मांगने पर मालिक ने मारपीट किया और मोबाइल छीनकर एक कमरे बंद कर दिया था। वह किसी तरह से वहां से निकल कर के अपना घर आ रहे थे। उनके घर नही लौटने से पूरा परिवार काफी चिंतित व परेशान है। प्रिया तिर्की ने बेड़ो थाना पुलिस से पति के शकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। वही बेड़ो थाना पुलिस ने बताया कि लापता युवक को अपने स्तर पता करने का प्रयास करेंगे।

---

## शिव हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 6 मई से



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों के सहयोग से नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह कथा का आयोजन आगामी 6 मई सोमवार से शुभारंभ होगा। इस दौरान भव्य कलश यात्रा व पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 मई तक चलेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के यगाचार्य पंडित सतीश कथा व्यास निकुंज लाडली और यजमान जितेंद्र पाठक के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। वही धार्मिक अनुष्ठान में हवन आरती, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। इधर पांच दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में गांव की महिलाएं बढ़ चढ़ कर सफल बनाने में लगी है जिनमें प्रमिला देवी, सरिता देवी, देवंती देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी,बालो देवी, सारो देवी, रोहिणी देवी, ममता देवी, लाली देवी, लालो देवी प्रीति देवी, किरण देवी, शांति देवी, तेजो देवी, बसंती देवी, रिंकी देवी अनीता देवी, नीलम देवी,सरस्वती देवी, राखी देवी, संगीता देवी, लीला देवी, मानती देवी,मालती देवी, शोभा देवी, देवंती देवी युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सहित ग्रामवासी लगे हुए है।

---

## बैंक ऑफ इंडिया के एक ग्राहक सेवा केन्द्र में पसरा सन्नाटा, गुजारे की हो रही है चिंता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : रामनवमी का त्यौहार संपन्न होने के पश्चात भी गुरूवार को बैंक खुलने के बाद भी सन्नाटा पसरा रहा। पूर्व में जिस तरह से ग्राहक सेवा केंद्र से राशि की लेनदेन के लिए खाताधारकों की भीड़ देखी जाती थी वहीं आज बैंक ऑफ इंडिया के एक ग्राहक सेवा केंद्र में सन्नाटा पसरा हुआ नजर आया। इस संबंध में ग्राहक सेवा केंद्र की संचालिका का कहना है कि बी सी केंद्र के माध्यम से अपने परिवार का गुजर बसर करते थे लेकिन आधार के द्वारा जनधन खाता को छोड़कर अन्य खातों से राशि निकासी करने पर ग्रहकों के खाते से बैंक के द्वारा चार्ज कटने से ग्राहक सीधे बैंकों की ओर अपना रुख कर लिए। इस तरह से जहाँ एक तरफ बैंकों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ेगी लोगों को लंबी कतार में खड़ा होकर अपने काम के लिए घंटों इंतजार करना पड़ेगा वहीं इस तरह से ग्राहकों के साथ लेनदेन न होने पर ग्राहक सेवा केन्द्र के समक्ष रोजी रोटी पर विकट समस्या खड़ी हो गई है।

---

### मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज, गोला के संस्थापक सचिव की 22वीं मनी पुण्यतिथि

## उच्च शिक्षा की ज्योत जलानेवाले पुरोधा थे स्व. रिखेश्वर प्रसाद सिन्हा : सुजीत सिन्हा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज गोला के संस्थापक सचिव स्व. रिखेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ रिखु बाबू की पुण्यतिथि गुरुवार (18अप्रैल) को महाविद्यालय परिसर में मनाई गई। सर्वप्रथम उनके पौत्र सह कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य भोला महथा, वरीय व्याख्याता आशीष कुमार मिश्रा, प्रभात कुमार, संजीव कुमार सिन्हा, महरु रजवार एवं दिलीप रजवार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। गोला क्षेत्र में उच्च



शिक्षा का ज्योत जलाने वाले पुरोधा थे स्व.रिखु बाबू : सुजीत सिन्हा पुलिस इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका एक हीं लक्ष्य था कि किस तरह से इस पिछड़े हुए क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। इसी प्रयास के तहत उन्होंने अपने निजी मकान में हीं माँ छिन्नमस्ता कॉलेज की नींव रखी बाद में 2004 में इसे माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज का नया नाम दिया गया। उनके पौत्र ने बताया कि उन्होंने जीवन पर्यन्त गरीब, मेधावी छात्र/छात्राओं को काफी सहयोग किया। वो जिस थाने में पदस्थापित रहे वहाँ के शैक्षणिक संस्थानों को स्थापित करने या करवाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके उदाहरण स्वरूप चाकुलिया, निरसा( धनबाद) और झुमरीतिलैया(कोडरमा) है। नि:शुल्क शिक्षा के प्रति वे कृतसंकल्प थे, इसलिए उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के अनेक छात्र/छात्राओं को आर्थिक मदद देकर उनके शिक्षा रुपी रथ को रुकने नहीं दिया।

---

### चकला प्रीमियर नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

## क्रिकेट टूर्नामेंट कराने का उद्देश्य युवाओं को अच्छा प्लेटफार्म दिलाना है : साकिर अंसारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : चकला प्रीमियर नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट ग्रीन गार्डन मैदान बनाचीरा में आईपीएल के तर्ज पर सीपीएन क्रिकेट टूर्नामेंट का चौथा दिन का करीम 11 चकला बनाम लाल ईरबा के बीच खेला गया। जिसमें करीम 11 चकला ने पहले खेलते हुए 83रन का लक्ष्य लाल ईरबा टीम को दिया। इसके जवाबी पारी में लाल ईरबा ने रोमांचक मैच का प्रदर्शन करते हुए 75 रन पर ऑल आउट हो गई। और करीम 11 चकला ने 9 रनों से जीत दर्ज किया।वहीं करीम 11 चकला के खिलाड़ी आफताब ने अपने बैटिंग एवं बोलिंग का प्रतिभा



दिखाकर 18 रन एवं दो विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि रॉयल डीएवी स्कूल के के निदेशक सह झामुमो पार्टी के युवा प्रखण्ड अध्यक्ष साकिर अंसारी व अब्दुल कयूम अंसारी ने संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच दिया। साकिर अंसारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है। चकला जैसे छोटे गांव में इन्टरनेशनल आईपीएल मैच के तर्ज पर चकला प्रीमियर नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का इतना भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन वाकई में काबिले तारीफ है। खिलाडियों को खेल को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत तो एक सिक्के के दो पहलू हैं। इसलिए हार से निराश न होकर जीत के लिए मेहनत व लगन के साथ खेले। वहीं हार से व्यक्ति को कभी भी घबराना नहीं चाहिए व जीत का कभी घमंड न करें। यदि आज हार हुई है तो कल जीत भी अवश्य होगी। खेल के मैदान या जीवन में जीतने के लिए बेहतर प्रदर्शन के साथ साथ सही रणनीति , आपसी तालमेल व अनुशासन का बहुत महत्व है। अगर आप आपस में तालमेल सही रणनीति नही बनाते हैं तो बेहतर प्रदर्शन के बाद भी सफल होना काफी कठिन हो जाता है। मौके पर मुख्य रूप से टूर्नामेंट के अध्यक्ष इरफान अंसारी, सचिव तबरेज आलम, अरशद रजा,मुख्य संरक्षक उप प्रमुख रिजवान अंसारी, संरक्षक मोतीलाल महतो, डबलू, मुन्ना, साहिद प्रवेज, जावेद,जफर आलम, अब्दुल अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

---

## तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्टैटिक सर्विलांस टीम क्रियाशील

- तीन पालियों में 24/7 की जा रही सतत निगरानी
- मांडर विधानसभा क्षेत्र के 7 और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के 4 स्थानों पर SST की प्रतिनियुक्ति
- भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि निर्वाचन क्षेत्र में लाये जाने पर नजर रखते हुए वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी लेने और वीडियोग्राफी का निर्देश




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**तमाड़** : रांची जिला में लोकसभा निर्वाचन के स्वच्छ एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु स्थैतिक निगरानी दल (स्टेटिक सर्विलांस टीम) का गठन किया गया है। गठित दल में पर्यवेक्षीय पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही रांची जिला अंतर्गत तमाड़ और मांडर विधानसभा के वैसे क्षेत्र जो क्रमशः खूंटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में आते हैं, वहां एसएसटी क्रियाशील हो गयी है। स्थैतिक निगरानी दल द्वारा तीन पालियों (सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक, दोपहर 2:00 बजे से रात 10:00 बजे तक, रात 10 बजे से सुबह 6:00 बजे तक) में 247 सतत निगरानी रखी जा रही है। टीम को तीन अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है, जो मतगणना तक क्रियाशील रहेगी। एसएसटी को भारी मात्रा में नकद, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्र इत्यादि निर्वाचन क्षेत्र में लाये जाने पर नजर रखते हुए वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी लेने के साथ वीडियोग्राफी का निर्देश दिया गया है। बिना उचित कागजातों के बेहिसाब नकदी/10 लाख से अधिक नकदी पाए जाने पर अविलंब विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए एसएसटी द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाएगा, इसके आधार पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर व्यय अनुवीक्षण कोषांग द्वारा इस आशय से आयकर विभाग के सहायक निदेशक को सूचित किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्थैतिक निगरानी दल को उड़न दस्ता दल के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

---

## सोंढ़ में धूमधाम के साथ मनाया गया मंडा पर्व



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत मारंगमर्चा पंचायत के सोंढ गाँव में धूमधाम के साथ मंडा पर्व मनाया गया। भोलेनाथ के जयकारे से गूंजा पूरा गाँव। इस मंडा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन रामगढ़ विधानसभा के युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी ने विधिवत फीता काटकर किया। पियुष चौधरी ने कहा कि भगवान शिव की आराधना का पर्व मंडा हमारी प्राचीन धरोहर और पहचान है। इन्हें सहेजकर रखना हम सबों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि मंडा सिर्फ एक त्योहार हीं नहीं, बल्कि लोगों के मिलने जुलने और सामाजिक एकता का मजबूत स्तंभ है। मौके पर मुख्य रूप से युवा आजसू रामगढ़ जिला के सह प्रभारी सुबीन तिवारी,अनुसूचित जाति महासभा के गोला प्रखंड अध्यक्ष बिशु रजवार, छात्र नेता अरुण कुमार, विजय साव, कृष्णा कुमार, विक्की, विनय नायक, अनिरुद्ध कुशवाहा, नीरज नायक आदि मौजूद थे। इस अवसर पर कमिटी सदस्य - राजेश महतो, आलेश महतो, कमलेश महतो, किस्टो महतो, शत्रुधन महतो, मोतीलाल महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया।

## एक झलक

### झारखंड बंगला भाषा उन्नयन समिति की बैठक संपन्न

**धनबाद** : गुरुवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक एलसी रोड हीरापुर में संपन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता टनी बनर्जी ने किया। बैठक में सभी वक्ताओं ने एक सुर से कहा कि झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने अभी तक धनबाद लोकसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन नहीं दिया है। अगर संगठन के किसी भी साथी अगर किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन देता है तो वह उसका व्यक्तिगत समर्थन है ना कि संगठन का। संगठन में रहकर किसी भी सदस्य आम सहमति के बिना किसी प्रत्याशी को अपना समर्थन देता है तो वह अपना निजी लाभ लेने के लिए समर्थन दे रहा है वह व्यक्ति संगठन के खिलाफ काम कर रहा है, इसके खिलाफ संगठन उचित कार्रवाई करेगा। समिति का अगला बैठक 28 अप्रैल को रखा गया है और उसी दिन धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जिनका समर्थन समिति द्वारा किया जाएगा उनके नाम की घोषणा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से भवानी बंदोपाध्याय, सम्राट चौधरी, कल्याण घोषाल, कल्याण भट्टाचार्य, मानिकचंद महतो, प्रकाश मिश्रा, अमिताभ बैनर्जी उपस्थिति थे।

### बेरोजगार युवकों को रोजगार देने को लेकर हुई समझौता

**पाथरडीह (धनबाद)**: सेल चासनाला कोलियरी प्रबंधन द्वारा न्यू मोतीनगर के ग्रामीणों के साथ वर्ष 2018 में हुई समझौता वार्ता के सवाल पर प्रबंधन ग्रामीणों के साथ वादा खिलाफी कर रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जनता मजदूर संघ कुंती गुट महिला मोर्चा के सचिव नमिता देवी ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता कर कहा है कि प्रबंधन द्वारा 8 सितंबर 2018 को न्यू मोतीनगर के बेरोजगार युवकों को रोजगार देने को लेकर हुई समझौता वार्ता में प्रबंधन ने कुछ युवकों को ठेका के तहत काम दिया गया। जिसके बाद समझौता के अनुसार अन्य युवकों को काम नहीं दिया जा रहा है,और बाहरी मजदूरों को ठेका के तहत काम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार एवं प्रबंधन की मिली भगत बाहरी मजदूरों को ठेका काम में रखा जा रहा है जिससे बेरोजगार युवकों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद जनता मजदूर संघ महिला मोर्चा तीव्र आंदोलन करने पर बाध्य होगी,जिसका जिम्मेदारी सेल प्रबंधन की होगी।

### सिंदूर खेला के बाद हुआ मां दुर्गा की कलश विसर्जन

**बाघमारा (धनबाद)**: चैती दुर्गा पूजा के विजयदशमी पर कतरास राजबाड़ी में सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर पहनाया एवं विजयदशमी की बधाई दी । बाद में कलश विसर्जन के लिए बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई । जिसमें महिला पुरुष एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और झूमते गाते पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए राजा तालाब पहुंचे, जहां कलश विसर्जन के बाद पुनः पूजा पंडाल पहुंचे ।इस दौरान महाभोग की व्यवस्था की गई थी, महाभोग में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर अपने मान को तृप्त किया।

### महुदा में दूध से भरा वाहन पलटी

**महुदा (धनबाद)** : धनबाद–बोकारो मुख्य मार्ग पर महुदा पेट्रोल पंप के पास बुधवार की देर रात दूध के पैकेट भरा बोलेरो पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में 13 सौ लीटर दूध बरबाद हो गया और सड़क पर गिर गया। घटना में चालक बाल–बाल बच गया, जबकि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना पाकर महुदा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और किरान के माध्यम से वाहन को हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इस बाबत वाहन चालक रामू ने बताया कि वह बोकारो से दूध लेकर कपुरिया जा रहा था, इसी बीच घटनास्थल के पास सड़क पर बैठी गाय को बचाने के क्रम में वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

# रामनवमी पर राममय हुआ कोयलांचल धनबाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : कोयलांचल धनबाद में रामनवमी का पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ। रामनवमी के अवसर पर धनबाद के विभिन्न दलों के द्वारा अखाड़ा का आयोजन किया गया। वही जगह जगह पर देवी देवताओं की झांकी व शोभायात्रा निकाली गई ।वही महिला पुरुष कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर एक करतब दिखाया गया। धनबाद, झरिया, बाघमारा, निरसा समेत सभी प्रखंडों में रामनवमी की धूम देखी गई ।जवान से लेकर बच्चे राममय हो गए थे। बच्चों से लेकर बूढ़े तक जय श्री राम का गगन भेदी नारा लगाया गया। इस दौरान कई अखाड़ा दलों के खिलाड़ी एक से बढ़कर एक हैरतअग्रेज खेल दिखाया। निरसा में बच्चियों ने भी पारंपरिक हथियार लाठी के साथ अपना करतब दिखाया। वहीं धनबाद के हीरापुर हरि मंदिर, जैसी मलिक रोड में कलाकरों प्राचीन युद्ध शैली की तलवारबाजी को प्रदर्शित किया। झरिया क्षेत्र के श्री संकट मोचन दल के द्वारा अखाड़ा निकला गया। अखाड़ा में राम सीता लक्ष्मण तथा हनुमान की झांकी निकल गई। जिसे देखने के लिए आसपास के सैकड़ो श्रद्धालु वहां पहुंचे,और भूरी भूरी प्रशंसा करते दिखे। अखाड़ा भगतडीह से कतरास मोड़ होते हुए झरिया देशबंधु के पास पहुंची ,जहां विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा सरदार को तलवार भेंट कर सम्मानित किया।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार ने मनाया रामनवमी उत्सव



**निरसा (धनबाद)**: राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण, भारत के धनबाद ईकाई के सदस्यों के द्वारा धूमधाम से रामनवमी उत्सव मनाया गया। उत्सव में शामिल अखाड़ों के खिलाड़ियों एवं श्रद्धालुओं के बीच ठंडा पानी, शर्बत और प्रशाद के रुप में बुंदिया का वितरण कर साथ में फर्स्ट ऐड की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव राजेश गुप्ता ने कहा कि संघठन में हम सब हिंदू, मुस्लिम, सिख,ईसाई एक मंच में मौजूद होकर एक साथ भाईचारा के साथ कार्यक्रम में शामिल हैं।इस कार्यक्रम में संघठन से जुड़े सभी धर्म के सद्स्य अपना अपना बढ़ चढ़ कर भागीदारी दी। श्री गुप्ता ने मंच में सभी को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण, धनबाद कि टीम हर समय शोषित,पीड़ित लोगों के लिए खड़ी है।

## रामनवमी पर फुल एक्शन में रही पुलिस, ड्रोन कैमरे से किया निगरानी



**झरिया(धनबाद)** : झरिया धनबाद कोयलांचल में रामनवमी महापर्व के दौरान पुलिस फुल एक्शन में रही ,ड्रोन कैमरे से पुलिस ने भीड़ एवं आसपास के क्षेत्र की निगरानी की। पुलिस के एक्शन मोड में रहने से रामनवमी महापर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। धनबाद, झरिया, डिगवाडीह,सिंदरी, गोविंदपुर, केंदुआ,करकेंद, निरसा,चिरकुंडा सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए दंडाधिकारी व भारी संख्या में पुलिस बैल तैनात थे। अपराह्न 4:00 बजे से रामनवमी की झांकियां निकलना शुरू हुआ साथ में अखाड़े के खिलाड़ी अपना करतब दिखा रहे थे।एसएसपी, सिटी एसपी, डीएसपी, थाना प्रभारी एवं जवान सड़कों पर मुस्तैद थे।

# एसके बक्शी की तीसरी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद)** : कामरेड चासनाला स्थित बीसीकेयू कार्यालय में गुरुवार को सीपीआईएम की ओर से आयोजित कॉ स्वः एसके बक्शी का तीसरा पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रख कॉ स्वः बक्शी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीकेयू के केंद्रीय सचिव योगेंद्र महतो व संचालन कार्यकारी अध्यक्ष सुंदरलाल महतो ने की। कार्यक्रम के सर्व प्रथम स्वः बक्शी की धर्मपत्नी कॉ संध्या बक्शी ने स्वः बक्शी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए रो पड़ी और नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद सभी ने बारी बारी से माल्यार्पण कर श्रंद्धाजलि अर्पित किया। श्रद्धाजंलि सभा को सम्बोधित करते हुए सीपीआईएम के जिला सचिव संतोष घोष ने कहा कि कॉ बक्शी गरीब मजदूर व शोषक वर्ग के लिए मसीहा के रूप में उनके हिमायती बनकर उद्योग के प्रबंधन से लड़ाई लड़कर उनका मौलिक अधिकार दिलाने का काम करते रहे है।उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। जनवादी महिला समिति के पूर्व अध्यक्ष कॉ संध्या बक्शी ने कहा कि कॉ एसके बक्शी कोयला क्षेत्र के महिला एवं पुरुष कामगारों को उनका लड़ाई लड़कर रोजगार दिलाया और उनके हक एवं अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। जिन्हें आज भी लोग मजदूर मसीहा के रूप में उनका स्मरण करते हैं। श्रद्धाजंलि सभा को सीपीआईएम के नेता मानस चटर्जी,काली सेनगुप्ता,सुंदर लाल महतो, योगेंद्र महतो, गणेश धर, संतोष महतो, मंजू पासवान, रानी मिश्रा, शिव बालक पासवान, विकाश ठाकुर, कृष्णा पासवान, नटवर महतो, गोपाल लाल,भरत भूषण, शिव कुमार सिंह, सपन बनर्जी, अशोक महतो, मलय चन्द्र महतो, नोशाद अली, अजित महतो,आदि उपस्थित थे।

# एल एंड टी कंपनी के गोदाम में लगी आग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद** : बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पंडुकी स्थित एल एंड टी कंपनी के गोदाम में गुरुवार को भीषण आग लग गई। इस आगलगी की घटना में लाखों रुपए के सामान जल कर खाक हो गए। आग इतनी भयावह थी की मौके पर तीन दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। घटना दोपहर की है जब आग लगने की सुचना के बाद कंपनी के कर्मचारियों ने स्थानीय थाना एवं अग्निशमन विभाग को सूचना दिया। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग की तीन दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। लेकिन गोदाम में रखे लाखों रुपए का समान जल कर राख हो गया। एल एंड टी कंपनी के एक कर्मचारी भानु प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पंडुकी में कंपनी का एक गोदाम संचालित है, जहां धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड सरकार के द्वारा वाटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्य को संचालित करने वाली कई समान यहां पर रखी जाती है। कंपनी के गार्ड द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि कंपनी के गोदाम में आग लग गई है, जिसके बाद हमलोग सभी पंहुचे तब तक काफी नुकसान हो चुका था। बताया जाता है की गोदाम के बाउंड्री के बाहर झाड़ी में किसी ने आग लगाई थी, जिसकी चिंगारी उड़ कर गोदाम में आ गया और आग लगी गई। जिससे गोदाम में रखे कई कीमती सामान जल गए। आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। वहीं मौके पर पहुंचे फायर विभाग के अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद ने बताया की आग काफी भीषण थी, एक दमकल से काबू नही पाया जा सका तो तीन दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाई। अब आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

### प्रीसाइडिंग ऑफिसर को दी जाने वाली ट्रेनिंग का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

# मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की भूमिका महत्वपूर्ण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में प्रीसाइडिंग ऑफिसर को दी जाने वाली ट्रेनिंग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए सभी प्रीसाइडिंग ऑफिसर का आयोग के निदेर्शानुसार आचरण अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान



के दिन हर मतदान केंद्र में सुबह 7:00 बजे से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताई जाने वाली हर छोटी बात का गहराई से अध्ययन कर उसका अक्षरशः पालन करे। आयोग ने त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रक्रिया का पालन करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री निशु कुमारी, मास्टर ट्रेनर श्री राजकुमार वर्मा, श्री घनश्याम दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पार्टी ने जो सम्मान दिया है उसे पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता : अनुपमा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : इंडिया गठबंधन से धनबाद संसदीय सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के धनबाद पहुंचने पर पार्टी की धनबाद नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पूनम देवी सहित उनके समर्थकों ने गाजे बाजे के साथ माल्यर्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की हर गरीब महिला को चाहे वह मजदूरी करें, खेती करें या छोटी नौकरी करें हर गरीब महिला को साल में एक लाख रुपए देने की घोषणा की गई है। साथ ही साथ महिला सशक्तिकरण को भी मजबूत बनाने का उन्होंने संकल्प लिया। अनुपमा सिंह ने कहा की



टिकट देकर पार्टी ने उन्हें जो अवसर दिया है उसपर वह शत प्रतिशत खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमारे परिवार की कर्म भूमि रही है, यहां के एक-एक मजदूर कि मैं ऋणी हूं। समय आ गया है कि आपका आशीर्वाद से एक बार जनहित और महिलाहित में कुछ करके दिखाओ तथा महिलाओं का उनका अधिकार और हक दिलवा सकूं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि केंद्र की मोदी सरकार की महंगाई सहित विभिन्न जनहित विरोधी नीति के खिलाफ वह हमें जिताकर सेवा का अवसर जरूर देंगे। कार्यक्रम को पूनम देवी सहित अन्य कांग्रेस महिला वक्ताओं ने बारी-बारी से संबोधित कर धनबाद संसदीय सीट से कांग्रेस को जीतने का संकल्प लिया।

## चोरी किए गए सामान पुलिस ने किया बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिंदरी (धनबाद)** : घनुवाडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व मे गठित टीम ने 24 घंटे के भीतर धनुवाडीह के सुनसान स्थान पर चोरी ,छिनतई की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी छिनतई का सामान भी बरामद कर लिया। घटना के संबंध मे एसडीपीओ सिंदरी भूपेंद्र प्रसाद राउत ने अपने सिंदरी कार्यालय मे गिरफ्तार अपराधियो को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि कुसमाटांड, बलियापुर के रंजीत रवानी और उसके पत्नी को 16 अप्रैल कि रात में घनुवाडीह ओपी अंतर्गत लालटेणगंज के निकट उस समय लूट लिया गया था जब रंजीत रवानी छलकाया धौडा से अपने रिश्तेदार के यहां से तिलक समारोह से वापस लौट रहा था, लुटेरों ने इस दंपती के पास से दो मोबाइल, चैन और पांच हजार रुपए छिन लिए थे । पीड़ित रंजीत रवानी ने तुरंत अपने साथ घटी घटना की जानकारी घनुवाडीह ओपी पुलिस को दी। लूट की वारदात की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ भूपेंद्र प्रसाद राउत के निर्देश पर घनुवाडीह ओपी प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व मे एक टीम का गठन किया गया,इस टीम ने 24 घंटे के भीतर अपराधियों का सुराग लगाया और गिरफ्तार किया।

# आज से 20 तक झरिया के पांच मंडलों में होगी बैठक

## झरिया विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलेंगे ढुल्लू महतो

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया** : धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी व बाघमारा विधायक ढुलू महतो झरिया विधानसभा के पांचों मंडलों में अलग अलग बैठक लेंगे। इसकी रूपरेखा भी पार्टी ने तैयार कर ली है। झरिया विधानसभा के बस्ताकोला मंडल, झरिया नगर मंडल, भागा मंडल, लोदना मंडल और जोरपोखर मंडल के अध्यक्ष को दिशा निर्देश भी दिया गया है। पार्टी के दिशा निदेर्शाअनुसार ढुल्लू महतो एक मंडल में तीन घंटे तक रहेंगे। इस दौरान एक एक पदाधिकारी से परिचय प्राप्त करेंगे। इसके अलावा वे समाज के प्रमुख लोगों से भी मिलेंगे। झरिया विधानसभा के संयोजक राजकुमार अग्रवाल प्रत्येक मंडल की निरंतर बैठक भी ले रहें हैं। अंतिम बैठक वृहस्पतिवार को हुई। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार पार्टी के प्रत्याशी से भाजपा के सभी पदाधिकारियों का परिचय होने से सकरात्मक उर्जा मिलती है और सब चाहते हैं कि प्रत्याशी उन्हें सीधे तौर पर जाने। मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने बताया कि 19 अप्रैल को भागा मंडल व झरिया नगर मंडल की बैठक है, जबकि 20 अप्रैल को बस्ताकोला, लोदना व जोरपोखर मंडल की बैठक होगी।

## अर्बन वुड का दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : गुरुवार को नवाडीह बिरसा मुंडा पार्क के समीप श्री कॉम्प्लेक्स में एक्सक्लूसिव फर्नीचर शोरूम अर्बन वुड फॉर बैटर होम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतिष्ठा के ओनर मृत्युंजय राय ने बताया इस शोरूम में लेटेस्ट डिजाइन के आकर्षक एवं मॉडर्न फर्निचर्स विभिन्न रेंज में उपलब्ध है।इसमें राउंड एवं एल आकार के सोफा, डाइनिंग टेबल एवं बेड के कलेक्शंस जो एक से बढ़कर एक खूबसूरत लुक में है जो देखते ही धनबाद वाशियों को काफी पसंद आ रहे हैं। मृत्युंजय राय ने बताया इनॉग्रेशन के मौके पर शोरूम के सारे चुनिंदा फर्नीचर जो अन्य शोरूम से अलग हटकर है और काफी आदर्श कीमतों पर उपलब्ध है और साथ ही विशेष डिस्काउंट उपलब्ध है जिससे हर एक कस्टमर निश्चित रूप से संतुष्ट होगा। उद्घाटन के मौके पर बृजनंदन सिंह,मृत्युंजय राय, रणधीर सिंह, गौतम सोनी समेत अन्य अतिथियों एवं ग्राहकों ने शोरूम का निरीक्षण किया,और फर्नीचर बुक किए एवं खरीदे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : गुरुवार 18 अप्रैल को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दशार्ये गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की।



इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बाजार समिति परिसर में खड़े सभी वाहनों को बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर के आस पास से अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डायरेक्टर डीआरडीए श्री राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर द्विवेदी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला आपदा प्रबंधन प्रबंधक संजय झा, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

### धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**धनबाद** : यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल (कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते): गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 19.04.2024 को धनबाद से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

सम्पादकीय.....

# हिन्दू नववर्ष में शांति से काम लें

**जैसा** की मालूम होगा हिंदी कैलेंडर के अनुसार, चैत्र मास की प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष की शुरूआत मानी जाती है। इस बार हिंदू नववर्ष 09 अप्रैल 2024 से शुरू हुआ, जो विक्रम संवत 2081 के नाम से भी जाना जाता है। इसका वैदिक मान्यता यह है कि स्वर्णिम देह भगवान ब्रह्मा जी ने आज ही सृष्टि रचना प्रारंभ की थी। जब ओंकार वाच्य परब्रह्म को विश्व रचने का संकल्प हुआ तो सबसे पहले हिरण्मय ब्रह्मा का रूप धारण किया, इसीलिए कहा है, स वे शरीरी प्रथम। सबसे बड़ी शक्ति तो परब्रह्म या ब्रह्म ही है जिसका शाब्दिक अर्थ है जिससे बड़ा कोई न हो।यही कारण है ब्रह्म का साकार रूप ब्रह्मा है। वृद्ध रूप में वे हो ब्रह्मांड रूप परिवार के मुखिया अर्थात पितामह अर्थात इतने आदरणीय है कि पिता के भी पिता है। ब्रह्माजी ने ही सूर्य, चंद्र, पृथ्वी का सृजन कर उसे धारण किया है अतः उन्हें धाता कहा गया है। चाहे श्रमिक हो या चक्रवर्ती सम्राट ब्रह्मा जी के विधान से नहीं बच सकता। कहा भी है विधाता का विधान कोई टाल नहीं सकता। भविष्य पुराण अनुसार ब्रह्माजी के विधान को न तो भगवान विष्णु टाल सकते न परमेश्वर शिव ही। विश्व की रचना का कर्म करने कारण नहीं ही विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद के एक श्लोक अनुसार अजन्मा प्रजापति ब्रह्मा बारंबार शिशु के रूप में जन्म ले रहे हैं, इस प्रकार सारे मनुष्यों को ब्रह्मा दशार्या गया है। यही कारण है कि स्कंद पुराण में स्वयं साक्षात शिव, जगदम्बा पार्वती से कहते हैं, ब्रह्मा के समान न तो देव, न गुरु और न ज्ञान है। विभिन्न धर्म ग्रंथों भविष्य पुराण, अग्नि पुराण आदि के अनुसार आज ब्रह्माजी की पूजा अर्चना का दिवस है। स्वर्णिम देह ब्रह्मा जी पूरे भारत को स्वर्णिम वैभव से पूरित है संवत्सर पर्व, नव वर्ष वर्ष के कल्याणकारी होता है यदि हम भगवान श्री राम के महत्व को जानते हैं तो क्योंकि रामनवमी भी इसी नवरात्र के अंत में आता है और कहा गया है अंत भला तो सब भला। ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। इस दिन देश के विभिन्न राज्यों में गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि जैसे महापर्व भी मनाए जाते हैं। इस नए संवत्सर 2081 की शुरूआत मंगलवार से हो रहे इसलिए मंगल ग्रह ही इस वर्ष का राजा है। जबकि शनि देव इसके मंत्री होते हैं। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 9अप्रैल से शुरू हुआ। हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष आरंभ होता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमते हुए सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र शुरू करती है तब हिंदू नववर्ष आता है। इस दिन देश के विभिन्न राज्यों में गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि जैसे महापर्व भी मनाए जाते हैं। यह हिंदू नववर्ष अधिक खास है भारतीय के लिए, हम गुलामी की जंजीर में ऐसे जकड़े की अपना समय को भी अपने अनुसार नहीं ढाल पाएं और इसलिए लोगों की वैदिक अवधारण नस्ट हो रही है कोई राजनेता वो भी हेलीकाप्टर से मछली खाता है और सबों को नास्तिक बनाता है कभी बिहार में नीतीश कुमार ने ऐसा नहीं किया जो शर्मनाक मकसद से बनाया गया जाति में बांटो और, वोट मजबूत करो लेकिन आप ऐ याद रखें जो अपनी आँखो से नहीं तो टीवी में देखा होगा आपको कभी हेलीकाप्टर पर बिठाया मोदी करेंगे कुछ वक़्त और मिलेगा तो नवभारत का निर्माण होगा और वैदिक विज्ञान से भारत को नई दिशा मिलेगी जो कहते हैं राम मंदिर उनका यानि बीजेपी वालों का हैं तो क्या हम बाबारी मस्जिद को लाएंगे यदि किसी ने भगवान राम को जन्मभूमि मान कर पूजन कर लिया तो क्या गलत है इसमें यानि यदि गलती से आप आयेंगे तो राम का नाम लेने पर बैन लगा देंगे साध्वी प्रज्ञा को जेल में फालतू डालकर आपने जो किया वही आपको दिशाहिन बना रहा है यदि उछलना नहीं है तो शांत मन एक बार अपनी गलती को समझने की कोशिश करें और सुधार करें यदि इसी तरह उछलते रहें तो लोकतंत्र में जनता आपको उछाल देगी।

# 'इसलिए' लोगों को पसंद हैं नरेन्द्र मोदी

विशेष | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> 2017 में 55 प्रतिशत देशवासी ऑटोक्रेसी को पसंद करते थे। अब उसका ग्राफ तेजी से बढ़ा है। आज 67 प्रतिशत लोगों को ऑटोक्रेसी (अधिनायकवादी नेता) पर अधिक विश्वास है। ऑटोक्रेसी पर विश्वास बढ़ने वाले देशों में भारत के अलावा केन्या, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, पोलैंड सहित कई देश हैं। सर्वेक्षण में शामिल 24 में से आठ देशों में ऑटोक्रेसी के प्रति रुझान बढ़ा है। दरअसल लोग निर्णय करने वाले नेता को पसंद करते हैं। कुछ करने का जज्बा ही देशवासी नेता में खोजते हैं। विपक्ष के लाख आरोप-प्रत्यारोपों के बीच नरेन्द्र मोदी पिछले दो चुनाव में लगातार जनता की पसंद बने रहे और 2024 का चुनाव भी लगभग उसी दिशा में बढ़ रहा है।

**देश** में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में फरवरी में आई अमेरिकी थिंकटैंक प्यू रिसर्च सेंटर की लोकतांत्रिक देशों को लेकर जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट समीचीन हो गई है। यह रिपोर्ट कुछ लोगों के लिए चौंकाने वाली हो सकती है। वह इसलिए कि देशवासियों को डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल अधिक लुभा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार देश की लोकतांत्रिक सरकार की कार्य व्यवस्था को लेकर स्वीडन के बाद दूसरे नंबर पर भारत के लोग संतुष्ट है। स्वीडन में जहां 75 फीसदी लोग वहां लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर तरीके से संतुष्ट हैं वहीं भारत में 72 प्रतिशत लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर-तरीकों को पसंद करते हैं। इस साल भारत समेत दुनिया के करीब 50 देशों में चुनाव होने जा रहे हैं। इस मायने में 24 देशों में किया गया यह सर्वेक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर खास महत्व रखता है। मजे की बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल देशों में केवल 33 फीसदी अमेरिकी ही अपने यहां की लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट है। खैर यह तो अलग बात हुई। मगर सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि दुनिया के अधिकांश देशों की आम जनता बोल्ड निर्णय करने वाले नेता को अधिक पसंद करने लगी है। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। 2017 में 55 प्रतिशत देशवासी ऑटोक्रेसी को पसंद करते थे। अब उसका ग्राफ तेजी से बढ़ा है। आज 67 प्रतिशत लोगों को ऑटोक्रेसी (अधिनायकवादी नेता) पर अधिक विश्वास है। ऑटोक्रेसी पर विश्वास बढ़ने वाले देशों में भारत के अलावा केन्या, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, पोलैंड सहित कई देश हैं। सर्वेक्षण में शामिल 24 में से आठ देशों में ऑटोक्रेसी के प्रति रुझान बढ़ा है। दरअसल लोग निर्णय करने वाले नेता को पसंद करते हैं। कुछ करने का जज्बा ही देशवासी नेता में खोजते हैं। विपक्ष के लाख आरोप-प्रत्यारोपों के बीच नरेन्द्र मोदी पिछले दो चुनाव में लगातार जनता की पसंद बने रहे और 2024 का चुनाव भी लगभग उसी दिशा में बढ़ रहा है। विपक्ष दल मुद्दे बनाने के प्रयास करते हैं पर वहीं मुद्दे सेल्फ गोल में परिवर्तित होने लगते हैं। हालिया इलेक्शन बॉन्ड को लेकर जिस तरह से भाजपा को घेरने का प्रयास किया गया वह अभी तक तो सिरे नहीं चढ़ता नहीं नजर आ रहा है। समझने वाली एक महत्वपूर्ण बात यह हो जाती है कि चंदा देने वाले कौन हैं? साफ है पैसे वाले अमीर लोग। इलेक्शन बॉण्ड में पैसा तो अमीर लोगों से आ रहा है और उनका प्रतिशत इतना नहीं है कि वह चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सके। इसके विपरीत सत्तारूढ़ दल को गरीब आम मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है। यानी कि इसे मुद्दा बनाने के बावजूद नरेन्द्र मोदी या भाजपा आम मतदाता को अपने पक्ष में साधने में पूरी तरह सफल है। दूसरा यह कि कोई भी पार्टी हो उसके अधिकांश टिकट पैसे वाले लोगों को ही मिलते हैं। जहां तक लोकतंत्र के ऑटोक्रेसी मॉडल की बात है आज नरेन्द्र मोदी पर यह आरोप खुले आम विपक्ष लगाता आ रहा है पर विगत के पन्ने खोलें तो नरेन्द्र मोदी का गुजरात मॉडल ही उन्हें केन्द्र की सत्ता दिलाने में सहायक रहा है। दरअसल देश को हमेशा सख्त मिजाज मजबूत नेता की आवश्यकता महसूस होती रही है। किसी भी दल से सख्त मिजाज नेता सामने आया है तो आमजन ने उसे हाथों हाथ लिया है। नेहरू को इस समय के संदर्भ में लोगों द्वारा महत्व दिया गया तो नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री को ईमानदार और दबंग नेता के रूप में आज भी याद किया जाता है। जय जवान-जय किसान जो आज एक कदम आगे बढ़कर जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान हो गया है। 1971 की भारत-पाक लड़ाई और बांग्लादेश के गठन के चलते इंदिरा गांधी को देशवासियों ने सिर चढ़ाया। इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में ऑटोक्रेसी को पसंद करने वाले लोगों की 12 प्रतिशत बढ़ोतरी से साफ समझ में आ जाना चाहिए कि लोग परिणाम पर नहीं जाते, आलोचना-प्रत्यालोचना को भी खारिज कर देते हैं जब कोई निर्णय लेने में हिचकता नहीं है। नरेन्द्र मोदी के पक्ष में यही बात जाती है। नरेन्द्र मोदी पर विपक्ष तानाशाही और जुमलेबाज जैसे आरोप लगाते हैं पर 2014 और 2019 के चुनाव परिणाम तो विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकार रहे हैं। 370, राम मंदिर, तीन तलाक, पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसे बोल्ड निर्णय और विदेशी नेताओं के बीच बॉस की भूमिका को देशवासी अपना गौरव समझने लगे हैं। दरअसल इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। यही कारण है कि यह चुनाव भी मोदी बनाम विपक्ष के बीच लड़ा जा रहा है। लोकसभा के पिछले दो चुनाव भी मोदी के नाम से ही लड़े गए और जनता ने भारी बहुमत देकर सब कुछ साफ कर दिया। कुछ समय पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी भाजपा ने क्षेत्रीय क्षत्रपों के स्थान पर मोदी की गारंटी के नाम से लड़े। परिणाम सामने हैं।

# लोकतंत्र के यज्ञ की प्रथम आहुति से पहले...

गौरतलब | राकेश अचल

> आंखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता। पिछले 77 साल में ये दूसरा मौका है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं ,लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुआ था । 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है।

**अठारहवीं** लोकसभा के लिए 19 अप्रैल 2024 को मतदान का पहला चरण है । आप इसे डूबते,मरते,सिसकते लोकतंत्र के पुनर्जीवन के लिए होने जा रहे महामृत्युंजय यज्ञ की प्रथम आहुति भी कह सकते हैं। दरअसल ये शब्द इसलिए इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि घोर सनातनियों की समझ में भी ये बात आ जाये कि यज्ञ में आहुति आँखें बंद कर नहीं दी जाती,इसके लिए आँखें खोलकर रखना पड़तीं हैं। आंखें बंद कर किया जाने वाला कोई भी काम मनोरथ को पूरा नहीं करता। पिछले 77 साल में ये दूसरा मौका है जब लोकसभा के चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में हो रहे हैं। 1977 में भी कमोवेश ऐसी ही स्थितियां थीं ,लेकिन आज जैसी गंभीर स्थितयां नहीं थीं। तब सत्ताधीशों के मन में तानाशाही का बीज अंकुरित हुआ था । 2024 में ये वटवृक्ष बन गया है। अंकुरित बीज को जनता ने एक झटके में उखाड़ फेंका था लेकिन तानाशाही के वटवृक्ष को उखाड़ने में उसकी दो कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं। ये तीसरा और शायद आखरी अवसर है जब जनता तानाशाही को निर्मूल कर लोकतंत्र को निर्जीव होने से बचा सकती है। देश में जिन जगहों पर 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होना है, वहां चुनाव प्रचार बुधवार थम चुका है किन्तु भीतर ही भीतर मतदाता का अनमोल मत हड़पने की साजिशें जारी हैं। प्रथम चरण में देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर जनता तय करेगी की उसे तानाशाही चाहिए या लोकतंत्र। आजकल चुनाव में प्रचार थमता नहीं ह। प्रचार थमने की औपचारिकता होती ह। नेता देश कि किसी भी कोने में खड़े होकर भाषण दे सकते हैं और उसका असर उन क्षेत्रों में भी होता है जहाँ औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार रोक दिया जाता है। केंचुआ अभी इस बीमारी का तोड़ नहीं खोज पाया है। आप मानें या न मानें किन्तु अठारहवीं लोकसभा का चुनाव किसी समुद्र मंथन से कम नहीं है । सत्ता सुंदरी को हासिल करने के लिए एक तरफ तानाशाही और प्रतिक्रियावादी शक्तियां हैं और दूसरी और लोकतान्त्रिक और समतावादी शक्तियां।

## आज का इतिहास

- बहलोल लोदी ने 1451 में दिल्ली पर कब्जा किया।
- कैप्टन जेम्स कुक 1770 में ऑस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने।
- अमेरिकी क्रांति की 1775 में शुरूआत।
- कैलिफोर्निया हिस्टोरिकल सोसायटी का 1852 में गठन हुआ।
- हैली पुच्छल तारा 1910 में पहली बार खुली आँखों से देखा गया।
- अमेरिका के लेस्ली इरविन ने 1919 में पैराशूट से पहली छलांग लगायी।
- फिलिस्तीन में 1936 में यहूदी विरोधी दंगे शुरू हुए।
- श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1950 में इस्तीफा देने वाले पहले कैबिनेट मंत्री बने।
- बांग्लादेश 1972 में राष्ट्रमंडल का सदस्य बना।
- तत्कालीन सोवियत रूस की मदद से 1975 में पहला भारतीय उपग्रह आर्यभट्ट प्रक्षेपित किया गया।
- नासा ने 1982 में सैली राइड को पहली महिला अंतरिक्ष यात्री होने का नाम दिया
- अफ्रीकी देश सिएरा लियोन ने 1989 में गणतंत्र की घोषणा की।
- बी.बी.सी. द्वारा 1999 में अंतर्राष्ट्रीय समाचार पत्रिका आरम्भ करने की योजना बनायीं।
- बी.एस.एफ. ने 2001 में मेघालय के गांव से बांग्लादेशी सेना को मार भगाया था।
- चीन की महिला भारोत्तोलक बांग मिंग च्यान ने 2003 में विश्व रिकार्ड बनाया।
- जर्मनी के कार्डिनल योसिफ रान्सिंगर रोमन कैथोलिक चर्च के 2005 में नये पोप चुने गये।
- प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को 2006 में उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया।
- क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो ने 2011 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ क्यूबा की केन्द्रीय समिति में 45 वर्षों तक बने रहने के बाद पद से इस्तीफा दिया।

## ● किसने क्या कहा



इंडी गठबंधन का उद्देश्य भ्रष्टाचारियों को बचाना है

जेपी नड्डा,
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

सपा–बसपा व कांग्रेस की थी दंगा पॉलिसी, हमारी नीति विकास है

योगी,
मुख्यमंत्री



## अंकजाल - 7522

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 22 | 20 | 23 | ■ | 23 | 16 | 19 | 17 | ■ |
| 13 | | 5 | | ■ | | 4 | | 8 | 22 |
| 21 | 8 | | 8 | ■ | 6 | | 5 | | 19 |
| 18 | | 2 | | ■ | | 8 | | 5 | 25 |
| 23 | 3 | | 2 | | 3 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 4 | | 7 | | 3 | 29 |
| 21 | 7 | | 5 | | ■ | | 5 | | 14 |
| 22 | | 9 | | 3 | ■ | 8 | | 6 | 19 |
| 20 | 7 | | 6 | | ■ | | 6 | | 19 |
| ■ | 22 | 14 | 13 | 25 | ■ | 22 | 25 | 24 | ■ |

*अंकजाल 7521 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 22 | 22 | 24 | ■ | 26 | 17 | 16 | 12 | ■ |
| 15 | 6 | 4 | 5 | ■ | 2 | 5 | 6 | 3 | 16 |
| 19 | 4 | 7 | 8 | ■ | 4 | 9 | 2 | 7 | 22 |
| 20 | 5 | 8 | 7 | ■ | 5 | 3 | 8 | 2 | 18 |
| 22 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | 28 |
| 19 | 5 | 7 | 2 | 5 | ■ | 7 | 8 | 9 | 24 |
| 18 | 2 | 3 | 8 | 5 | ■ | 6 | 7 | 3 | 16 |
| 27 | 8 | 5 | 8 | 6 | ■ | 4 | 6 | 8 | 18 |
| ■ | 15 | 15 | 18 | 25 | ■ | 20 | 28 | 22 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अहंकार से ज्ञान का नाश

**अहंकार** से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। अहंकार से ज्ञान का नाश हो जाता है। अहंकार होने से मनुष्य के सब काम बिगड़ जाते हैं। भगवान कण-कण में व्याप्त है। जहाँ उसे प्रेम से पुकारो वहीं प्रकट हो जाते हैं। भगवान को पाने का उपाय केवल प्रेम ही है। भगवान किसी को सुख-दुख नहीं देता। जो जीव जैसा कर्म करेगा, वैसा उसे फल मिलता है। मनुष्य को हमेशा शुभ कार्य करते रहना चाहिए। कभी किसी को नहीं सताओ : धर्मशास्त्र के श्रवण, अध्ययन एवं मनन करने से मानव मात्र के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भावना एवं मयार्दा का उदय होता है। हमारे धर्मग्रंथों में जीवमात्र के प्रति दुर्विचारों को पाप कहा है और जो दूसरे का हित करता है, वही सबसे बड़ा धर्म है। हमें कभी किसी को नहीं सताना चाहिए। और सर्व सुख के लिए कार्य करते रहना चाहिए। गुप्तदान महादान : मनुष्य को दान देने के लिए प्रचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि दान में जो भी वस्तु दी जाए, उसको गुप्त रूप से देना चाहिए। हर मनुष्य को भक्त प्रहलाद जैसी भक्ति करना चाहिए। जीवन में किसी से कुछ भी माँगो तो छोटा बनकर ही माँगो। जब तक मनुष्य जीवन में शुभ कर्म नहीं करेगा, भगवान का स्मरण नहीं करेगा, तब तक उसे सद्बुद्धि नहीं मिलेगी।

## सुविचार

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है।
शंकराचार्य

बच्चों को पालना, उन्हें अच्छे व्यवहार की शिक्षा देना भी सेवाकार्य है, क्योंकि यह उनका जीवन सुखी बनाता है।
स्वामी रामसुखदास

# ईड़ी ने 10 साल में डाले 7264 छापे, 755 गिरफ्तारियां, अधिकांश विपक्षी दलों के नेता

सनत जैन

**मनी** लॉन्ड्रिंग कानून देश में आतंकवादी गतिविधियों,ड्रग्स और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहम?ति से बनाया हुआ कानून है। भारत में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय को मनी लांड्रिग कानून के तहत कार्रवाई करने के अधिकार प्रवर्तन निदेशालय ईड़ी को दिए गए। 2005 से 2014 के 10 वर्षों में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने 1797 मामलों की जांच शुरू की थी। इसमें 84 छापे डाले गए 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 102 मामलों की जांच की गई थी। 2005 से 2014 के बीच में 5086 करोड रुपए की संपत्ति अटैच की गई थी। 43 लाख रुपए की जपती बनाई गई थी। पीएमएलए कानून 2002 में बनाया गया था। जब अटल जी की सरकार केन्द्र में थी। अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को रोकने के लिए यह कानून बनाया गया था, जो भारत में 2005 से लागू किया गया। 2014 के बाद से इस कानून का उपयोग लगभग बदल गया है, जो कानून अंतरराष्ट्रीय सहमति से आतंकवादी गतिविधियों और ड्रग्स के कारोबार तथा मनी लांड्रिंग के गंभीर अपराधों को रोकने के लिए बनाया गया था। उस कानून का उपयोग पिछले 10 वर्षों से भ्रष्टाचार के आरोप मैं शिकायतों की जांच के लिए किया जाने लगा। अप्रैल 2014 से लेकर मार्च 2024 के बीच में ईड़ी ने 5155 मामलों को जांच के दायरे में लिया। 7264 स्थानो पर छापेमारी की 755 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें अधिकांश राजनीतिक दलों के नेता, कारोबारी और कुछ सरकारी अधिकारी शा?मिल हैं। जिनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, उनकी जांच ईड़ी के अधिकारी कर रहे हैं। पिछले 20 सालों में अभी तक 36 मामलों में ही न्यायालय से 63 लोगों को सजा मिली है। ईड़ी ने पिछले 10 वर्षों में 24 मामलों में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए हैं। छापे में 1,21,618 करोड रुपए की संपत्ति को अटैच किया है। 2310 करोड रुपए की नगदी को जप्त किया है। यूपीए सरकार के कार्यकाल में पीएमएलए कानून के तहत 1797 मामलों की जांच में 102 चार्ज सीट न्यायालय में दाखिल की गई वहीं एनडीए के 10 सालों के कार्यकाल में 5155 मामलों में मनी लेंडिंग की जांच शुरू हुई। एनडीए के कार्यकाल में 1281 मामलों में जांच शुरू की। अभी तक मात्र 6 फीसदी मामलों की ही चार्ज शीट न्यायालय में पेश हो पाई है। 2014 के बाद से विपक्षी दलों के नेताओं और उनसे जुड़े मामलों को लेकर ईडी द्वारा जांच की जा रही है। नेताओं को जेल में इस कानून के तहत बंद किया जा रहा है। इस कानून में जमानत देने के अधिकार न्यायालयों के सीमित है। यूपीए के कार्यकाल में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उन में अधिकांश मामलों में चार्ज शीट न्यायालय में पेश नहीं हो पाई है। वर्षों से आरोपी न्या?यिक हिरासत में जेलों में बंद है। जिन मामलों में अभी तक सजा हुई है, वह सभी मामले यूपीए के कार्यकाल में शुरू की गई जांच के मामलों में हुई है। 2005 से 2014 की तुलना में 2014 से 2024 के बीच में 84 फीसदी तलाशी और छापे की कार्रवाई बढ़ गई है। गिरफ्तार लोगों की संख्या भी 29 से बढ़कर 755 पर पहुंच गई है। पिछले 10 सालों में भ्रष्टाचार के आरोप में जो जांच शुरू की गई थी, उस पर ईड़ी ने पीएमएलए कानून के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तारियां की हैं। जबकि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए भारत में केंद्रीय स्तर पर और राज्य स्तर पर अलग एजेंसियां और अलग कानून हैं। आरो?पियों को पीएमएलए कानून के तहत गिरफ्तार करने से न्यायालयों से जमानत नहीं मिल रही है। ईड़ी के अधिकारी दिल्ली के शराब घोटाले के आरोप की जांच 2 साल में भी पूरी नहीं कर पाए।

## राशिफल

**मेष** फायदेमंद दिन रहेगा। परिस्थितियां अनुकूल रहेगी। आपको अपनी मेहनत और कार्यकुशलता द्वारा उम्मीद के मुताबिक फायदा मिलेगा।

**तुला** सकारात्मक दृष्टिकोण रखे तथा योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यों को संपन्न करें। आपको अपने प्रयत्नों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृष** व्यस्ततम दिनचर्या में से कुछ समय अपने मन मुताबिक कार्यों के लिए भी समय जरूर निकालें, इससे आपको सुकून और शांति महसूस होगी।

**वृश्चिक** दूसरों से सलाह लेने के बजाय अपने निर्णय को प्राथमिकता दें। आज प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त संबंधी चल रही कोई डील फाइनल हो सकती है।

**मिथुन** परिवार से जुड़े किसी फैसले पर अमल करने का बेहतरीन समय है। इस समय प्रकृति आपकी तरक्की के लिए नए रास्ते खोल रही हैं।

**धनु** समय अनुकूल है। अधिकतर काम अल्प प्रयास से ही पूरे हो जाएंगे। कोई पारिवारिक समस्या हल होने से राहत मिलेगी।

**कर्क** आज कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारियां आपके ऊपर आ सकती है। लेकिन सभी काम सरलता से बनने की वजह से प्रफुल्लित भी रहेंगे।

**मकर** निजी जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। आज बाहरी गतिविधियों को स्थगित करके घर पर ही अपनी वित्तीय योजनाओं संबंधी कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखें।

**सिंह** अचानक ही कोई रुकी हुई पेमेंट आने से अथवा कोई खास काम बन जाने से आप तनावमुक्त महसूस करेंगे।

**कुंभ** प्रॉपर्टी से संबंधित कोई भी कार्य करने का उचित समय है। इस समय फाइनेंस से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय के भी सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

**कन्या** कुछ राजनीतिक लोगों से मुलाकात आपकी लोकप्रियता को बढ़ाएगी। साथ ही जनसंपर्क का दायरा भी विस्तृत होगा।

**मीन** अनुकूल समय है, उसका सदुपयोग करना आपकी योग्यता पर भी निर्भर करता है। आज अचानक ही किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी।

# एक झटके में नहीं, सही नीति और साफ नीयत से खत्म होगी गरीबी

अध्यात्म | डॉ. आशीष वशिष्ठ

> राहुल गांधी के बयान देने के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिपरिया शहर में एक चुनावी रैली के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के 'शाही जादूगर' कहते हैं कि एक झटके में गरीबी मिटा दूंगा। 50 साल पहले उनकी दादी इंदिरा गांधी ने भी गरीबी हटाने का नारा दिया था, लेकिन हुआ क्या? अब राहुल गांधी यह बोलकर गरीबों का अपमान कर रहे हैं, उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रहे हैं। राहुल ने गरीबी हटाने का बयान मोदी सरकार को घेरने के लिए दिया था, लेकिन लगता है कि उन्होंने ये बयान देकर खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है।

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 13 अप्रैल को बस्तर में चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनी तो हम एक झटके में देश से गरीबी खत्म कर देंगे। राहुल गांधी के बयान देने के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिपरिया शहर में एक चुनावी रैली के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस के 'शाही जादूगर' कहते हैं कि एक झटके में गरीबी मिटा दूंगा। 50 साल पहले उनकी दादी इंदिरा गांधी ने भी गरीबी हटाने का नारा दिया था, लेकिन हुआ क्या? अब राहुल गांधी यह बोलकर गरीबों का अपमान कर रहे हैं, उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रहे हैं। राहुल ने गरीबी हटाने का बयान मोदी सरकार को घेरने के लिए दिया था, लेकिन लगता है कि उन्होंने ये बयान देकर खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। भाजपा राहुल गांधी को कांग्रेस के पांच दशक से ज्यादा के शासन की याद दिला रही है। केंद्र और देश के ज्यादातर राज्यों में लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने शासन किया। उस कालावधि में गरीबों, किसानों, श्रमिकों, आदिवासियों, वनवासियों और वंचितों के कल्याण और विकास के लिए तत्कालीन कांग्रेस की सरकार को करना चाहिए था, वो किया नहीं गया। जिसका नतीजा यह है कि आज आजादी के 75 वर्षों बाद आबादी का एक बड़ा हिस्सा गरीबी का दंश झेल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1971 के चुनाव में ह्यगरीबी हटाओह्न के नारे को भुनाया। चुनाव प्रचार में उन्होंने यह कहते हुए आमजन की हमदर्दी बटोरी, ह्यवो कहते हैं इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओह्न। विरोधियों ने गरीबी हटाओ के जवाब में नारा दिया, 'देखो इंदिरा का ये खेल, खा गई राशन, पी गई तेल'। लेकिन वह काम नहीं आया। पांचवीं लोकसभा चुनाव के नतीजे आए तो कांग्रेस ने चुनाव में दो तिहाई सीटें हासिल की। गरीबी हटाओ उन बिरले नारों में से था, जिसने उसे गढ़ने वाले को चुनाव में बड़ी सफलता दिलाई। उसके बाद कांग्रेस करीब 40 से अधिक समय तक सरकार में रही लेकिन उनकी नीति और नीयत ठीक नहीं थी और गरीबी दूर नहीं हुई। कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और घोटालों की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को जो मिलना चाहिए था, वो कभी मिला नहीं। 1971 के जनगणना के मुताबिक भारत में उस वक्त करीब 54 करोड़ आबादी थी, जिसमें से 57 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे थे। देश में 66 फीसदी लोग अनपढ़ थे। ग्रामीण से ज्यादा शहरी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर कर रही थी। लम्बे वक्त तक इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री रहीं, लेकिन गरीबी के स्तर पर कोई सुधार नहीं देखने को मिला।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651–3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### दो ट्रांसफार्मरों में लगी आग, घंटों रही बिजली गुल

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के श्री दुर्गा मंदिर के नजदीक इंस्पेक्टर बंगला के सामने स्थित ट्रांसफर में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गयी. आग लगने से ट्रांसफार्मर में विस्फोट होने लगा। यह देख वहां अफरा-तफरी मच गयी.इसके बाद स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के कनीय अभियंता अंकित कुमार और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद बिजली विभाग ने कनेक्शन काटा। फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इधर पावर सब स्टेशन के एक ट्रांसफार्मर में भी आग लगने की सूचना है। ज्ञात हो कि पिछले तीन दिनों में ट्रांसफार्मर में दूसरी बार आग लगी है।

### लोकसभा के निर्वाचन के पहले दिन एक भी नामांकन नहीं

**मेदिनीनगर** : पलामू संसदीय क्षेत्र के चुनाव का नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गया जहां 4 एनआर काटा गया। नामांकन के पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा नामांकन नहीं किया गया। आज से शुरू हुआ नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा।नामांकन का पर्चा कलेक्ट्रेट स्थित निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसको लेकर समाहरणालय के समीप सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है।पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है,जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं।

### 13 व 20 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करना सुनिश्चित

**पलामू** : पलामू लोकसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि देश के भविष्य गढ़ने की तिथि 13 मई व 20 मई निर्धारित की गयी है ऐसे में आप सभी दोनों ही दिन को मतदान जरूर करें।उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बूथ पर किसी तरह की कोई समस्या ना हो,इसे लेकर सभी बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी बूथों पर पेयजल की व्यवस्था की गयी है।उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने व लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

### 37 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**बिशुनपुर** : प्रखंड के गुरदरी थाना क्षेत्र के गढ़हा टुटवा परमिंदर मुंडा (37) ने बुधवार के दिन अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सूचना मिलने पर गुरदरी थानेदार संजीवन उरांव ने शव का पंचनामा उपरांत शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम कराकर गुरुवार की सुबह परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि परमिंदर मुंडा अत्यधिक नशे का सेवन करता था। घर में पत्नी समेत 8 बच्चे हैं। नशा करने को लेकर कभी-कभार घर में विवाद की स्थिति उत्पन्न होते रहता था। इसी क्रम में बुधवार को अचानक नशे में धुत होकर घर पहुंचा। और घर में रखे पत्नी की साड़ी से फंदा बनाकर घर में ही फांसी लगा ली। पत्नी बसंती मुंडाइन जब घर आयी, तो देखा वह फंदे से झूल रहा था। पुलिस अत्यधिक नशा को ही आत्महत्या के कारण से जोड़कर देख रही है।

### सड़क हादसे में दो युवको की हुई मौत

**पालकोट** : थाना क्षेत्र के नाथपुर लौवाकेरा गांव में गत बुधवार की रात बाइक सवार बसिया थाना क्षेत्र के कलिगा गांव के दो युवक खडी टेलर नंबर पीबी 02 इक्यू 9712 को पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें लोंगा बसिया निवासी मुकेश मिंज (24) की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जबकि सौरभ कुमार मांझी (18) घायल हो गया। घायल दोनों युवकों को पालकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लाया गया। और बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर करने के दौरान मुकेश मिंज की मौत हो गयी। जबकि सौरभ मांझी को सदर अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा रिम्स रेफर किये जाने के बाद रिम्स ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

# सड़क हादसे में दो बच्चों सहित 03 लोगों की मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में ऑटो और ट्रैक्टर की टक्कर में दो बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतक पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर के रहने वाले हैं।मृतक की पहचान 43 वर्षीय जुगनू बीबी, सात वर्षीय सान्या प्रवीण और आठ वर्षीय सायबा के रूप में हुई है।जबकि करीब 6 लोग जख्मी हैं।दो जख्मी की हालत गंभीर बनी हुई है।मृतक के परिजनों के अनुसार, वे लोग चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर का रहने वाले हैं और पलामू चतरा सीमा पर मौजूद बरौरा शरीफ में एक धार्मिक समारोह में भाग लेने के लिए गए हुए थे।धार्मिक समारोह में भाग लेकर



सभी बुधवार देर शाम वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में ऑटो दुर्घटना का शिकार हो गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी लोगों को इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। जहां डॉक्टरों ने महिला और दोनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। वही सभी जख्मी का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में किया जा रहा है।मृतक के परिजन एवं अन्य लोगों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल चौक को जाम कर दिया था। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के पहुंचने के बाद परिजन एवं अन्य लोगो को समझाया बुझाया गया,इसके बाद जाम को हटाया गया। इससे पहले अस्पताल में कुछ देर तक हंगामा होते रहा, हंगामा के बाद डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौके से फरार हो गए, जिसके बाद घायल और मृतक के परिजनों ने शव के साथ अस्पताल चौक को जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि घायलों को बचाया जा सकता था, लेकिन इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं थी और ऑक्सीजन भी नहीं था, डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी इलाज करने के बजाय फरार हो गए। डॉक्टर स्वास्थ्य कर्मियों के भागने के बाद काफी देर तक हंगामा हो रहा था।मामले की जानकारी मिलने के बाद टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है और लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया।सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी।पुलिस पूरे मामले में आगे की छानबीन कर रही है। मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जनरल खलीफा शहरियार अली ने बताया कि डॉक्टरों की लापरवाही कारण सभी की मौत हुई है। क्या की डाक्टर को अस्पताल छोड़कर भागना नहीं चाहिए था। इस लिए। डॉक्टरों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### किशोरी ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**लातेहार** : सदर थाना क्षेत्र के हेठपोचरा पंचायत के सुकरी गांव में जगदीश भुईया की 13 वर्षीय बेटी फूल कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस सम्बन्ध में मृतका के पिटा जगदीश भुईया ने बताया कि रामनवमी पूजा को लेकर फूल कुमारी को घर की साफ-सफाई करने के लिए कहा था। जिसकी वजह से वह नाराज हो गयी थी। रात को खाना बनाकर वह घर के अंदर सोने चली गयी। जबकि वे घर के बाहर सोये थे। जब सुबह घर का दरवाजा खोला तो देखा कि फूल कुमारी ने फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है। फूल कुमारी के पिता ने तुरंत घटना इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

## लोकसभा चुनाव के लिए आज से 25 तक कर सकेंगे नामांकन पत्र दाखिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : 12 लोहरदगा (अ.ज.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा आम चुनाव 2024 के बारे में गुरुवार को गुमला समाहरणालय स्थित सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए निवार्ची पदाधिकारी, 12-लोहरदगा ( अ. ज.जा.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सह उपायुक्त गुमला श्री कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आज 18 अप्रैल से लेकर उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 25 अप्रैल 2024 तक का समय होगा। 25 अप्रैल तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक ( सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर ) नाम निर्देशन किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र संविक्षा की तिथि 26 अप्रैल 2024 को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। प्रतीक आवंटन की तिथि 29 अप्रैल को निर्धारित है एवं मतदान दिवस का आयोजन 13 मई को किया जाएगा, तथा इस बार मतदान का समय पूर्वाह्न 7 बजे से लेकर अपराह्न 5 बजे तक के लिए निर्धारित है। इसके साथ ही मतगणना 4 जून को की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 18 से 25 अप्रैल तक जिला प्रशासन कार्यालय के आसपास 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस दौरान एक उम्मीदवारों को केवल तीन वाहनों को उपायुक्त कार्यालय परिसर के अंदर पार्क करने की अनुमति होगी और नामांकन पत्र दाखिल करते समय उम्मीदवार सहित केवल पांच लोगों को कार्यालय में प्रवेश करने की अनुमति होगी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा नाम निर्देशन के साथ अभियार्थियों द्वारा समर्पित किए जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अभियार्थी नामांकन हेतु फॉर्म समाहरणलय स्थित नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### एम.के.डी.ए.वी. में पूर्व छात्र की पुस्तक का हुआ विमोचन

## जल सेना में सेकंड नेविगेटिंग ऑफिसर पद पर कार्यरत हैं ज्ञान सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : एम.के. डी.ए.वी पब्लिक स्कूल विद्यालय के पूर्व छात्र ज्ञान सिंह द्वारा लिखित पुस्तक ₹क्रश्ड स्नैक ऑफ लॉर्ड शिवा₹ का विमोचन किया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डी.ए.वी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन. खान ने इस पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह जो बारालोटा निवासी श्री अखिलेश सिंह एवं श्रीमती सुनैना देवी के पुत्र हैं, उन्होंने इस विद्यालय से 2011 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। छात्र जीवन से ही लेखन में रुचि होने के कारण अनेक प्रयास किया और प्रथम पुस्तक



₹समथिंग लाइक लव₹ लिखी। उसके बाद कई अन्य रचनाओं के बाद यह ₹क्रश्ड स्नैक ऑफ लॉर्ड शिवा₹ पुस्तक लिखी। इसे लिखने में उन्हें डेढ़ साल का समय लगा। इसकी 1000 से अधिक प्रतियां छप चुकी हैं। यह पुस्तक शिव पुराण में वर्णित कथाओं को आधार बनाकर लिखी गई है, जो छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई, डॉक्टर जी.एन.खान ने कहा कि बच्चे चिकित्सक, इंजीनियर,भारतीय सेना के अतिरिक्त लेखन क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। छात्रों के लिए यह क्षेत्र भी उन्हें प्रसिद्धि एवं आजीविका का साधन,दोनों उपलब्ध करा सकता है। विद्यालय के छात्र अपने वरिष्ठ छात्र से प्रेरणा लेकर लेखन के क्षेत्र में किस्मत आजमा सकते हैं। यह क्षेत्र भावा भिव्यक्ति का श्रेष्ठ क्षेत्र है। छात्रों को संबोधित करते हुए पुस्तक के लेखक ज्ञान सिंह ने कहा कि आज के विद्यार्थी कैरियर निर्माण की चिंता में भारतीय अध्यात्म एवं दर्शन से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह पुस्तक उन्हें अपनी विरासत से जोड़े रखने का साधन बन सकती है । आध्यात्मिक कहानियो से लिए प्रसंग छात्रों को रोचक लगेंगे और यह पुस्तक उन्हें पसंद आएगी, ऐसा विश्वास है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री आलोक कुमार, श्री सी.एस. पांडे, श्री नीरज कुमार श्रीमती निशा मल्होत्रा एवं श्रीमती मंजू चंदेल उपस्थित थी।

## क्रिकेट मैच में वेस्ट सिंघभूम की टीम ने गढ़वा को 08 विकेट से हराया

■ इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट मैच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर -16बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट मे गुरुवार के जमकर रन बरसे और वेस्ट सिंहभूम की टीम ने गढ़वा को आठ विकेट से पराजित किया ' जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला क्रिकेट में गुरुवार को गढ़वा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 269 रनों का स्कोर खड़ा किया ' गढ़वा की ओर से अर्पित कुमार गिरी व आकाश पाल




ने बेहतरीन शुरूआत करते टीम के लिए सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया ' अर्पित ने 146रनो की आकर्षक नाबाद पारी खेली ' आकाश में 68 रन का अहम योगदान दिया' ' 26 अतिरिक्त रनो के साथ निर्धारित ओवरो में अच्छा स्कोर बना लिया' वेस्ट सिंहभूम की ओर से प्रिंस महाराणा व प्रिंस कुमार यादव ने दो दो विकेट अर्जित किया ' जवाबी पारी खेलने उतरी वेस्ट सिंहभूम की टीम शुरूआत से ही आक्रामक मूड में दिखी ' टीम की ओर से आर्यन राणा ने 56 एस कार्तिक 46 के साथ-साथ कृपा सिंधु की नाबाद 85व अंजनी यादव के नाबाद 54 रनों के बदौलत टीम ने आसान जीत दर्ज किया' बेहतरीन पारी खेलने वाले गढ़वा के अर्पित प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ' टी आर डी ओ पप्पू कुमार सिंह, अंपायर हेमंत ठाकुर व प्रशांत कुमार के साथ स्कोरर जुलकर नैन ने मैन ऑफ द मैच अर्पित को पांच हजार कैश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया ' मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव जितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, लाल चंद्रशेखर, रोहित उरांव, अंकित विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, सनी साहू

## नाबालिक को दुल्हन बनने से बचाया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : अग्रगति संस्था ने गुरुवार को एक नाबालिक को दुल्हन बनने से बचा लिया गया। इस संस्था के जिला कॉर्डिनेटर निक्कू पाठक को सूचना मिली थी की चैनपुर प्रखण्ड के कुरका गांव में एक नाबालिक की शादी स्थानीय मंदिर में 18 अप्रैल को किया जा रहा है। संस्था ने इसकी जानकारी सी डब्ल्यू सी,डीसीपीओ एवं चैनपुर थाना को दी। संयुक्त रूप से टीम का गठन कर रिस्क्यू किया गया। बाल विवाह होने से बचाया गया। रेसक्यू के पश्चात नाबालिक बच्ची को



सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि बाल विवाह के रोकथाम के लिए पूरे जिले में अग्रगति संस्था ने अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आगे बताया गया कि अक्षय तृतीया पर सबसे ज्यादा बाल विवाह होता है। इसके लिए मंदिर मस्जिद ,गुरुद्वारा आदि धार्मिक स्थानों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। ताकि जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाया जा सके।

## 6 दिवसीय मंडा मेला का भोक्ता के मंडप प्रवेश के साथ हुआ सुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : हापामुनि गांव में 6 दिवसीय मंडा मेला का शुभारंभ गुरुवार को भोक्ता के मंडप प्रवेश के साथ हुआ। इस आशय की जानकारी चुन्दरी पंचायत के पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि आज से मंडा मेला की शुरूआत भोक्ता के मंडप प्रवेश के साथ हो गई।वही रात्रि में लोटनसेवा और नागपुरी गीत भजन कार्यक्रम की जाएगी। आगामी 19 अप्रैल को दिन में कलश यात्रा व रुद्राभिषेक और रात्रि में भक्तों के द्वारा नृत्य व लोटन सेवा भजन कार्यक्रम व भव्य झांकी होगी।आगामी 20 अप्रैल को दिन में रुद्राभिषेक और रात्रि में भव्य झांकी भजन कार्यक्रम की जाएगी।आगामी 21 अप्रैल को रात्रि में भोक्ताओं के द्वारा लोटन सेवा एवं नागपुरी गीत व भजन कार्यक्रम,आगामी 22 अप्रैल को रंगारंग नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फुलकुंदी का आयोजन होगी। साथ ही आगामी 23 अप्रैल को भोक्ताओं द्वारा झूलन, फूल वर्षा वह विभिन्न गांव से आए नृत्य मंडली द्वारा नृत्य गीत के साथ मंडा मेला का समापन किया जाएगा।

### आग बुझाने को लेकर बच्चों को दिया टिप्स

## अग्निशमन विभाग ने सॉलिटेयर स्कूल मकरा में मॉक ड्रिल का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला अग्निशमन विभाग द्वारा सॉलिटेयर स्कूल मकर घाघरा में गुरुवार को दिन के 12:00 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।इस क्रम में बच्चों को आग बुझाने के टिप्स दी गई। अग्निशमन पदाधिकारी आलोक कुमार पांडे,प्रधान अग्नि चालक फिरोज मंसूर तथा अग्नि चालक मुकेश कुमार मंडल द्वारा बच्चों के बीच गैस सिलेंडर,पेट्रोल,कपड़े व अन्य चीजों में आग लगाकर दिखाया गया साथ ही बच्चों को बुझाने के कई टिप्स दिए। इस मौके पर जानकारी देते हुए अग्निशमन पदाधिकारी आलोक



कुमार पांडे ने बताया लकड़ी कोयला या कपड़ों के आग को साधारण पानी से बुझाया जा सकता है। लिक्विड जैसे पेट्रोल डीजल इत्यादि से लगने वाले आग जो होते हैं जिसे उड2 अथवा एएफएफएफ प्रकार का फाम से आग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। केमिकल फायर या शॉर्ट सर्किट से लगने वाले या प्लास्टिक के जलने पर फैलने वाले आग को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न प्रकार की विधि सिखाया।वही मेटल फायर इंडस्ट्रियल फायर भी इसके अंतर्गत आता है।वही बच्चों को फायर एडवाइजरी एवं एनओसी के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही कहा कि आग लगने के बाद लोग डर जाते हैं और आनन फानन में लोग घायल हो जाते हैं। आग लगने के बाद बिल्कुल डरे नहीं।

## भाकपा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया का नामांकन 23 को

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पलामू लोकसभा से भाकपा के उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया का नामांकन 23 अप्रैल को होगा नामांकन की प्रक्रिया पांकी रोड नियर बुढ़वा शिव मंदिर के पास से प्रारंभ होगी नामांकन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो महाराष्ट्र राज्य सचिव महेंद्र पाठक, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता हजारीबाग, एवं रांची जिला सचिव अजय सिंह भाग लेंगे। श्री तिवारी ने आम एवं किसान मजदूर भाइयों नौजवान भाइयों माता बहनों से रिक्शा टेंपो




चालकों से अपील किया है कि अमीर और गरीब की लड़ाई की प्रक्रिया में होने वाले नामांकन में आगामी 23 अप्रैल को हजारों की संख्या में 11:00 बजे दिन में आप शामिल होकर संघर्ष को तेज करें एवं अपनी एकजुट का परिचय दें। क्योंकि आज के समय में कॉर्पोरेट पक्षी पार्टियों को हारने के लिए चट्टानी एकता का परिचय दें। एवं फासीवादी टैक्टर को हराने का संकल्प ले हमारी जीत किसान मजदूर मेहनतकश की जीत होगी।

### जिले भर में रामनवमी जुलूस के दौरान निकाली आकर्षक झांकियां

# सती वियोग और शिव तांडव रहीं आकर्षण का केंद्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय में बुधवार को देर रात तक रामनवमी का आकर्षक जुलूस निकाला गया।जुलूस में सती वियोग, शिव तांडव समेत कई आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गयीं।तत्पश्चात श्रीरामनवमी पूजा महासमिति के द्वारा स्थानीय बाजारटांड मैदान में शस्त्र चालन प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महासमिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार ने कहा कि हमें बुराई को त्यागने और सत्य को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने



आयोजन में सहयोग करने के लिए लोगों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में कई लोगों ने अपने शस्त्र चालन कौशल से लोगों को प्रभावित किया।वहीं झांकी में जुबली चौक अखाड़ा को प्रथम पुरस्कार दिया गया इस झांकी में कलाकारों ने भगवान शंकर के द्वारा भस्मासुर को दिए गए वरदान और भस्मासुर के अंत की जीवंत झांकी प्रस्तुत की। चटनाही अखाड़ा ने नौका पर भगवान श्रीराम और केवट की झांकी प्रस्तुत कर दूसरा पुरस्कार जीता। राजहर अखाड़ा के द्वारा श्रीराम दरबार की झांकी को तीसरा पुरस्कार दिया गया। शस्त्र, लाठी डंडा और तलवारबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा के सदस्यों को महासमिति के द्वारा तलवार देकर पुरस्कृत किया गया। ताशा में पहले स्थान पर चटनाही, द्वितीय स्थान पर शहीद चौक और तृतीय स्थान पर बाजारटांड अखाड़ा रहा। निर्णायक मंडली में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, राजधानी यादव और अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता शामिल थे। मंच संचालन महासमिति के महामंत्री अंकित पांडेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम के द्वारा रावण दहन किया गया।

### जय श्री राम के नारों से गुंजा मनिका, झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**मनिका/लातेहार** : राम नवमी के अवसर पर मनिका पचफेडी देवी मंडप से अमर पूजा समिति द्वारा महावीरी झंडा के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई । महावीरी झंडा के साथ निकली शोभा यात्रा पचफेडी मंदिर प्रांगण से नाचते गाते चलकर



प्रदेश से आए महिला वा पुरुष कलाकारों ने रास लीला नृत्य,महाकाल नृत्य पूरे रास्ते में किया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा।खास कर महिला कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रास लीला नृत्य को देखने के लिए पूरे रास्ते में भीड़ लगी रही। थाना परिसर

मनिका थाना स्थित बजरंग बली मंदिर में पहुंचा जहां झंडा का मिला किया गया। इस दौरान शोभा यात्रा में शामिल लोग जय श्री राम,जय बजरंग बली के नारा लगाते रहे । शोभा यात्रा में उत्तर स्थित महावीर मंदिर में झंडा मिला के बाद शोभा यात्रा वापस पचाफेडी मंदिर पहुंची जहां महावीर झंडा को उनके स्थान पर रख कर शोभा यात्रा का समापन किया गया।

## एक झलक

### निर्दोष युवक को गोली मारने वाला ASI गिरफ्तार

**गोड्डा।** जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र स्थित साकिन डंगापाड़ा में अपराधी को पकड़ने गई पुलिस ने एक निर्दोष व्यक्ति को गोली मार दी। जिससे उस व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान हरिनारायण के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी एएसआई राजनाथ यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि बेनाडिक हेंब्रम लेवी वसूलने आने वाला है। सूचना के आधार पर बुधवार देर शाम सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस ने एक टीम गठित कर बेनाडिक हेंब्रम के घर छापेमारी की। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे रूकने को कहा, लेकिन वह भागता ही रहा। उसे पकड़ने के दौरान पुलिस ने फायरिंग की। इस गोलीबारी में बेनाडिक हेंब्रम के घर पर रह रहे हरिनारायण नाम के युवक के बांये कंधे के पास गोली लग गई। घायल अवस्था में पुलिस उसे अस्पताल ले गयी, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस पर बिना कुछ पूछे गोली चलाने का आरोप लगाया है। इधर, मेडिकल बोर्ड द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम किया गया है। घटना की जांच के लिए एसडीपीओ जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

### निर्माणाधीन कच्ची दीवार गिरने से दो बच्चे दबे, मौत

**चाईबासा।** कुमारडुंगी थाना क्षेत्र में बुधवार की रात निमार्णाधीन कच्ची दीवार गिरने से उसके मलबे में दबने से 2 बच्चों की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य बच्चे और एक बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के एक गांव में लगभग आधा दर्जन बच्चे एक साथ भोजन करने के बाद खेलते-खेलते देवानंद पान के घर के आंगन में सो गये। रात के करीब नौ बजे वहीं पर निमार्णाधीन दीवार अचानक से बच्चों के ऊपर जा गिरी। इससे नीचे सो रहे बच्चे दब गये। आनन-फानन में देवानंद पान ने 4 बच्चों को खींचकर मलवे से बाहर निकाला। लेकिन दो बच्चे शिवा पान व मुन्ना पान वहीं दब गये। परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहा पर शिवा पान की अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। वहीं मुन्ना पान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारडुंगी पहुंचाया। लेकिन वहां के चिकित्सकों ने मरहम-पट्टी कर चाईबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मुन्ना पान की भी चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही मौत हो गई।

### करनसाई में बसंती दुर्गा पूजा आयोजित

**डुमरिया।** डुमरिया के करनसाई में बसंती दुगार्पूजा का आयोजन विधि विधान के साथ किया गया। गुरुवार को दशमी पूजा के अवसर पर यज्ञोपवीत संस्कार भी संपन्न कराया गया। इससे पूर्व अष्टमी और नवमी को श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंचे। नवमी को आरती में पोटका विधायक संजीव सरदार भी शामिल हुए और पूजा अर्चना की। इस अवसर पर अष्टकोशी सार्वजनिन बसंती दुगार्पूजा कमिटी के अध्यक्ष अरुण कुमार कुमार पति, मनोज कुमार मुर्मू, विजय कुमार पति, जगबंधु पति, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, सचिव जयपाल सिंह मुर्मू, बीस सूत्री अध्यक्ष भगत बास्के, उप प्रमुख चैतन मुर्मू,भगत हांसदा, मनोज कुमार मुर्मू, लखन मार्डी, रामदास हेंब्रम, अर्जून मुर्मू, दांदु राम मार्डी आदि उपस्थित थे।

# कम मतदानवाले क्षेत्रों में चलायें जागरूकता अभियान : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज।** साहिबगंज के डीसी हेमंत सती ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में गुरुवार को स्वीप कोषांग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में संबंधित अधिकारियों को पिछले चुनाव में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ था, वहां विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। कहा कि इनोवेटिव कार्ययोजना बनाकर आमजनों को मताधिकार के महत्व को बताएं। पिछले चुनाव में जिले के 18 बूथों पर 50% से कम मतदान हुआ था। ऐसे बूथों के क्षेत्र में जेएसएलपीएस, एनएसएस, एनसीसी, आपदा मित्र आदि के सहयोग से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने बताया कि पिछले चुनाव में जिन 238 बूथों पर 50 से 60% तक वोट पड़े थे, वहां की



आंगनबाड़ी सेविका, जो बीएलओ के रूप में कार्य कर रही हैं, वह लोगों का प्रेरित कर मतदान प्रतिशत 75 तक पहुंने की कोशिश करें। जिन बूथों पर 75% से अधिक मतदान होगा, वहां की तीन आंगनबाड़ी सेविका बीएलओ को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 20 हजार, 15 हजार व 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। डीडीसी सतीश चंद्रा ने डीसी को स्वीप कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, नगर प्रशासक सोमा खंडैत, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन आशीष कुमार यादव सहित स्वीप कोषांग के कर्मी उपस्थित रहे।

## हरेंद्र सिंह ने महासचिव पद के लिए दाखिल किया नामांकन पत्र



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के महासचिव पद के लिए अधिवक्ता हरेंद्र सिंह ने गुरुवार को नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। हरेंद्र सिंह पूर्व में कई बार चुनाव करवा चुके हैं और इस बार खुद प्रत्याशी हैं। वे छात्र आंदोलन में भी शामिल रहे हैं। उनकी पहचान भी एक छात्र नेता के तौर पर रही है। वह कई सामाजिक संगठनों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आ रहे हरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि उनका मकसद इस पेशे को गौरवमई इतिहास के साथ जोड़ना है। चुनाव अधिकारी विष्णु अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह ने उनका नामांकन प्रपत्र प्राप्त किया। इस दौरान अधिवक्ता हरेंद्र सिंह के साथ सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, अनुशूभन चौधरी लालटू, दीपक सिंह, श्रीकृष्णा यादव, जन्मेजय सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, प्रिंस सिंह, अरुण बहादुर, राजीव कुमार सिंह, निशांत कुमार, गोल्डी सिंह, ललिता कुमारी, अनिता कुमारी, अजय कुमार सिंह, विजय प्रकाश, उमेश दुबे, डी खान, जनार्दन सिंह समेत अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

### स्मार्ट बाजार में सामान के टैग प्राइस से ज्यादा वसूलने पर हंगामा

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो एनएच 33 स्थित स्मार्ट बाजार के अउटलेट पर ग्राहकों ने उस वक्त हंगामा शुरू कर दिया जब बिलिंग के दौरान ग्राहकों से टैग प्राइस से अधिक वसूले जाने लगे। इस दौरान प्रबंधन ने भी ग्राहकों पर चोरी का आरोप लगाया जिससे ग्राहक और ज्यादा भड़क गए। मामला इतना बढ़ गया की पुलिस को हस्ताक्षेप करना पड़ा। दरअसल एक ग्राहक ने यहां आम की खरीद की जिसमें आलू का टैग लगा पाया गया। इसपर स्मार्ट बाजार के कर्मचारी ने ग्राहक कों चोर कि उपाधि दे डाली और उसे बाजार मे ही बैठा कर रखा। वहीँ एक अन्य ग्राहक द्वारा साबुन के पैकेट कि खरीदी कि गई थी जिसपर 102 रूपए का टैग लगा था लेकिन बिलिंग के वक्त उसका मूल्य 145 रुपय जोड़ दिया गया, जिसपर ग्राहक बिफर गए और वहां हंगामा शुरू हुआ, हालांकि स्मार्ट बाजार पहले अपनी गलती कों मानने से इनकार करते रहे और तकरीबन एक घंटे तक हंगामा यहाँ चला जिसके बाद पुलिस भी सुचना के आधार पर मौके पर पहुंची और सभी कों समझा बुझाकार मामले कों शांत करवाया।

# ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने अखाड़ा के लाइसेंसियों को किया सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजादनगर थाना शांति समिति एवं ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से पारडीह चेपापुल के पास हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी अखाड़ा जवाहरनागर रोड नंबर 14 तरुण संग त्रिवेदी अखाड़ा के लाइसेंसी नितिन चंद्र एवं पारडीह श्रमिक एकता बजरंग अखाड़ा के लाइसेंसी संजय मुखर्जी एवं उसके सदस्यों को शिविर में पगड़ी और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम ने खास तौर से पारडीह दुर्गा पूजा समिति के अपूर्व पाल, ह्यूमन वेलफेयर




ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, सैयद आसिफ अख्तर, सरदार गुरुचरण सिंह और आजादनगर थाना शांति समिति के सचिव मुख्तार आलम खान,सैयद आलम,सेंट्रल पीस कमिटी की मेंबर डॉक्टर निधि श्रीवास्तव,अशफाक आलम, हरपाल सिंह, मोइनुद्दीन अंसारी, हरपाल सिंह, रिजवानुल हक, ताहिर हुसैन, शेख बदरुद्दीन, सैयद साजिद परवेज, फिरोज आलम, फरजाना शफी, तुफैल अख्तर, इरशाद खान, अफताब आलम, साजू खान, गुरुचरण सिंह, एडवोकेट पार्थो बोस,अमरजीत सिंह, मोहम्मद अयूब के योगदान से शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में खास तौर से रामनवमी अखाड़ा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए चना, गुड, शरबत, मिनरल वॉटर की व्यवस्था की जाएगी और साथ में कोई अप्रिय घटना होने पर मेडिकल हेल्प डेस्क भी लगाया गया।

# कोर्ट परिसर में पार्क तोड़े जाने पर अधिवक्ताओं में आक्रोश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कोर्ट परिसर में उस वक्त हंगामा मच गया जब अधिवक्ताओं ने कोर्ट के आदेश पर परिसर में बने पार्क की चारदीवारी को तोड़ दिया। हालांकि बुधवार को कोर्ट में अवकाश के दौरान पार्क की चारदीवारी को तोड़ा गया पर गुरुवार को कोर्ट खुलने पर अधिवक्ताओं ने दीवार टूटी देखी और इसका विरोध करने लगे। अधिवक्ताओं ने कहा कि जिला बार भवन के पास विधायक फंड से दो माह पूर्व पार्क का उद्घाटन किया गया था। बुधवार को कोर्ट में अवकाश का फायदा उठाकर पार्क को तोड़ दिया गया है। पार्क को तोड़े जाने को लेकर अधिवक्ताओं में काफी रोष हैं। इसकी शिकायत



लेकर अधिवक्ताओं की एक टीम जमशेदपुर कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश के पास पहुंचे। हो हंगामा को देखते हुए प्रधान न्यायाधीश, रजिस्टर और अन्य पदाधिकारी बार भवन के पास पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही पार्क को पुनः बनाकर देने का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि कोर्ट में बने पार्क को ई-कोर्ट बनाने के लिए तोड़ा गया है। जिस जगह ई-कोर्ट बनना है वहां से बार भवन में प्रवेश करने के लिए काफी संकरा रास्ता है। इसके अलावा ई-कोर्ट के बन जाने से बार भवन की खिड़कियां भी बंद हो जाएगी जिससे काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ेगा।

## गांव पहुंच रहा जंगली हाथी फसलों को पहुंचा रहा नुकसान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। जंगली हाथियों के झुंड द्वारा लोगों पर हमला कर जान से मारना या घायल करना, किसानों का फसल नष्ट करना व मकान क्षतिग्रस्त करना विगत कई वर्षों कसे क्षेत्र की प्रमुख समस्या बन गया है। इस समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के ग्रामीण संबंधित विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाते हुए थक चुके हैं। वन विभाग भी जंगली हाथियों को आबादी वाले क्षेत्र से जंगल में वापस ले जाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन हाथियों का झुंड भोजन, पानी की तलाश में वापस गांव की ओर अपना रूख कर रहे हैं। जंगली हाथियोकं के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने पर ग्रामीण दहशत के साये में रहने पर मजबूर रहते हैं। शाम ढलने के बाद लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत रामनगर, होदागोड़ा, सीमा, गुंडा, काशीडीह समेत आसपास के गांवों में विगत दो दिनों से एक जंगली हाथी घूम रहा है।

# जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय में मना बांग्ला नववर्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**घाटशिला।** जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय परिसर स्थित आशा ऑडिटोरियम में गुरुवार को बंगला वर्ष 1430 का विदाई और नववर्ष 1431 का वर्ष वरन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। प्रधानाध्यापिका रीता मंडल ने स्वागत भाषण देते हुए बंगाली समाज के लिए पोइला वैसाख के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष तापस चटर्जी ने कहा कि जेसी स्कूल में पहली बार बंगला नव वर्ष वरन कार्यक्रम आयोजित



किया गया। इसके विद्यालय परिवार बधाई का पात्र है। बच्चों के सर्वांगीण विकास की कामना करते हैं। नव वर्ष की सभी बच्चों को बधाई दी। बंगला से सम्बंधित कार्यक्रम से स्कूल के सभी छात्र और स्कूल के स्टाफ को शामिल रहने और सहभागिता देने की अपील की। संयुक्त सचिव नीलू दत्ता ने कहा जेसी स्कूल प्रबंधन द्वारा अल्पसंख्यक बंगला स्कूल रहते बंगला भाषा के कार्यक्रम आयोजन किया जाना अपने आप मे गौरव की बात है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के कक्षा 9 एवं 10 के बच्चों द्वारा गीत संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एचएम रीता मंडल, अर्पिता राय, अर्चना शर्मा, मौसमी दत्ता, बेबी साव, रेशमी शर्मा, पार्थ प्रतिमा घोष, प्रद्युत कुइला, रूप नाथ तिवारी, पल्लव दे, देवराज मुखर्जी, शिशुलाल महतो, तप व्रत गिरी, अरूप चौधरी, सुभाष दे, शुभाष दास, राखाल विषई, गौतम बारीक, पारोमिता हुई, पम्पा रजक आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन अर्पिता राय, अर्चना शर्मा ने की।

### हरिनाम संकीर्तन में उमड़ी भक्तों भीड़

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के पाथरी पंचायत अंतर्गत मधुआबेड़ा गांव में हो रहे सोलह पहर व्यापी अखंड हरिनाम संकीर्तन के आज दूसरे दिन गुरुवार को आसपास के ग्रामीण भक्तों ने अपने मनोकामना पूर्ति हेतु हरि मंडप में पूजा अर्चना की।वहीं कमेटी की सदस्य ने बताया आने वाले भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा ।साथ ही पश्चिम बंगाल ,उड़ीसा तथा झारखंड के कीर्तन मंडलियों द्वारा कीर्तन किया जा रहा है। इस हरिनाम संकीर्त्तन के सफल बनाने के लिए अजीत कुमार धाड़ा, सुबल नायेक, प्रबीर मण्डल, पदमलोचन धाड़ा, हरेकृष्ण धाड़ा, प्रकाश धाउड़िया, नरेंद्र मुण्डा, सौरब जाना, करम चांद घोष, सचीन नायेक, आशोक कुमार धाड़ा, गणेश नायेक, दिलिप बिशाल, जगत नायेक व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बांगुर सीमेंट का मल्टी मीडिया कैंपेन लांच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर/धनबाद।** बांगुर सीमेंट ने देश भर के नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए नए मल्टी मीडिया कैंपेन का अनावरण किया है। यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड देश को सोलिड यानि मजबूत बनाने के लिए हर व्यक्ति के मतदान के महत्व पर रोशनी डालता है। यह कैंपेन आधुनिक है क्योंकि यह ब्राण्ड के पिछले बेहद लोकप्रिय कैंपेन का सीक्वल है, जिसे बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल के साथ फिल्माया गया था। इसके अलावा ब्राण्ड, अपनी वेबसाईट पर वोट का वचन के माध्यम से




लोगों को मतदान की शपथ लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। बांगुर सीमेंट ने मतदान की हर शपथ के लिए 1 किलो ग्राम सीमेंट दान में देने की शपथ ली है, जिसका उपयोग समाज कल्याण कार्यों में किया जाएगा। बांगुर सीमेंट इस प्रयोजन के लिए एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों के साथ साझेदारी कर रहा है। इस संबंध में नीरज अखोरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने कहा कि बांगुर सीमेंट का वोट सोलिड देश सोलिड कैंपेन और वोट का वचन शपथ हमारे ब्राण्ड्स, प्रोडक्ट्स एवं नेटवर्क के माध्यम से समावेशी विकास के साथ प्रगतिशील देश के निर्माण के लिए हमारी सतत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। यह कैंपेन वोट सोलिड, देश सोलिड का संदेश देता है। जिस तरह बांगुर सीमेंट सोलिड घर बनाने में मदद करता है, ठीक उसी तरह आप अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर देश को सोलिड बनाने में योगदान दे सकते हैं।

### श्री-श्री शिव शक्ति चैती दुर्गा पूजा समिति ने किया घट विसर्जन

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के पंडित हाता शिव मंदिर में स्थापित श्री-श्री शिव शक्ति चैती दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल में स्थापित माता दुर्गा की घट का विसर्जन गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर पंडित हाता शिव मंदिर प्रांगण से बाजे-गाजे के साथ निकाले गये घट विसर्जन यात्रा के दौरान आगे-आगे श्रद्धालु आगे-आगे हाथों में गिरिराज सेना के संरक्षक स्व। कमलदेव गिरि की तस्वीर लिये हुये चल रहे थे। घट यात्रा पंडित हाता शिव मंदिर प्रांगण से निकलकर तम्बाकू पट्टी रोड, बाटा रोड, राजबाड़ी रोड होते हुये पुरानी बस्ती स्थित सीढ़ी नदी घाट पहुंची। जहां विधिवत पूजा अर्चना कर घट का विसर्जन किया गया।

# चुनाव में जोबा माझी को जिताना शहीदों की होगी सच्ची श्रद्धांजलि : मंत्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चाईबासा।** इंडिया गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी जोबा मांझी को चुनाव में जिताना ही झारखंड के आंदोलनकारियों के सम्मान एवं वीर शहीदों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बातें जगन्नाथपुर विधानसभा अंतर्गत जगन्नाथपुर में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सह प्रभारी दीपक बिरुवा ने अपने संबोधन में कही। उन्होंने झारखंड से भाजपा मुक्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी गंभीरता से चुनाव जीत सुनिश्चित करने के लिए जुट गई है। हमारी जीत निश्चित है, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी को वोट देना जरूरी है। मौके पर मौजूद प्रत्याशी जोबा



मांझी ने अपनी हक, अधिकार एवं देश की संविधान को बचाए रखने के लिए अपने पक्ष में वोट करने की। मौके पर मौजूद मझगांव विधायक निरल पूर्ति, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, कांग्रेस विधायक सोनाराम सिंकु समेत अन्य वक्ताओं ने लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं में जोश भरते कहा कि आज देश भाजपा के नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की राह आसान नहीं है। देश का संविधान खतरे में है। यहां के आंदोलनकारी, आदिवासी-मूलवासियों के हक-हुकूक व अधिकार खतरे में है। आज झारखंड में इंडिया गठबंधन सरकार द्वारा गांव, गरीब, किसान के तरक्की व उन्नति की योजना बनाने का काम किया जा रहा है।

# मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की भूमिका महत्वपूर्ण : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में प्रीसाइडिंग ऑफिसर को दी जाने वाली ट्रेनिंग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में प्रीसाइडिंग ऑफिसर की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए सभी प्रीसाइडिंग ऑफिसर का आयोग के निर्देशानुसार आचरण अपेक्षित है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन हर मतदान केंद्र में सुबह 7:00 बजे से शुरू होगा। उन्होंने

## उपायुक्त ने बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**धनबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने गुरुवार को बाजार समिति स्थित चिन्हित बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने ले-आउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें वाहनों की पार्किंग/सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दशार्ये गए स्थानों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस पॉइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल लॉक सिस्टम, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, सी एवं डी कैटेगरी सुरक्षित बज्र गृह समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बाजार समिति परिसर में खड़े सभी वाहनों को बज्रगृह-सह-डिस्पैच सेंटर के आस पास से अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

चुनाव का पर्व
Desh ka garv
जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला

सूचना

गुमला जिला के प्रभावी गृहरक्षक जो किसी भी पोस्ट/प्रतिष्ठान में ड्यूटी करते हैं तथा जो किसी भी स्थान पर ड्यूटी नहीं करते हैं, उन्हें भी सूचित किया जाता है कि लोकसभा चुनाव-2024 हेतु गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, गुमला में अपना-अपना आगमन दिनांक- 27.04.2024 तक कराना सुनिश्चित करें। मुख्यालय गृह रक्षा वाहिनी, राँची के आदेशानुसार प्रभावी गृह रक्षकों में से 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को चुनाव कार्य में आगमन कराने का निदेश प्राप्त है। आगमन नहीं कराने वाले गृह रक्षकों को चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु मुख्यालय अनुशंसित किया जाएगा। इसके लिए आगमन नहीं कराने वाले गृहरक्षक स्वयं जिम्मेवार होंगे।

जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला।

PR.NO.323907 Home(24-25):D

# लोकसभा क्षेत्रों में पांच हजार बूथ संवेदनशील

**पटना :** बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को जिन चार सीटों पर होगा, सूबे में सर्वाधिक संवेदनशील बूथ इन्हीं लोकसभा क्षेत्रों में चिह्नित किये गये हैं । इनमें औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 15 विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथ संवेदनशील घोषित किये गये हैं ।इन मतदान केंद्रों की संख्या करीब पांच हजार है ।ऐसे में चुनाव आयोग की तरफ से कुछ जरूरी निर्देश भी जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने संवेदनशील बूथों पर मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक और सामान्य बूथों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक निर्धारित किया है ।तीन विधानसभा क्षेत्रों के कुल 995 बूथों को संवेदनशील




माना गया है, जहां पर मतदान शाम चार बजे तक ही होगा। इसमें शेरघाटी विस क्षेत्र के 305 बूथ, बाराचट्टी के 332 बूथ व बोधगया के 358 बूथ संवेदनशील हैं। गया लोस के शेष सभी विस क्षेत्रों गया टाउन, बेलागंज व वजीरगंज में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। जमुई लोस क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्रों के 1659 बूथ संवेदनशील हैं। इसमें सिकंदरा विस क्षेत्र के 313 बूथ, जमुई के 319 झाझा के 352, चकाई के 335 और तारापुर के 340 बूथ संवेदनशील हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के सिर्फ एक विधानसभा शेखपुरा के बूथ सामान्य हैं। 1941 बूथों में नक्सल प्रभावित 223 बूथ और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की संख्या 502 है ।नवादा लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा क्षेत्रों के 666 बूथों को संवेदनशील माना गया है। इसमें रजौली विधानसभा में 333 बूथ और गोविंदपुर विधानसभा के 328 बूथ हैं। नवादा लोकसभा क्षेत्र के बरबीघा, हिसुआ, नवादा और वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ संवेदनशील हैं। उधर, औरंगाबाद लोकसभा के कुटुम्बा विधानसभा के 296 बूथ, रफीगंज के 367 बूथ, गुरुआ के 337 बूथ, इमामगंज के 344 बूथ और टिकारी के 357 बूथ संवेदनशील हैं। यहां मतदान शाम चार बजे तक ही होगा। केवल औरंगाबाद लोस क्षेत्र के औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

## पूर्व डीएसपी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भरा पर्चा

**फारबिसगंज/अररिया :** अररिया में लोकसभा अधिसूचना जारी होने के बाद निर्दलीय प्रत्याशियों का नामांकन का खाता खुल गया है. डॉ. अखिलेश कुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। वही, आपको बता दें कि डॉ. अखिलेश कुमार किशनगंज के पूर्व डीएसपी रह चुके हैं वे अभी बिहार पुलिस की नौकरी छोड़ कर वर्तमान में पटना साइंस कॉलेज में सहायक प्राध्यापक हैं ।इससे पहले वो विधानसभा का चुनाव लड़ चुके है और अब लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे है ।अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डीएम इनायत खान के समक्ष डॉ. अखिलेश कुमार ने नामांकन किया. इस मौके पर अररिया समाहरणालय में सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किये गये थे. समाहरणालय परिसर में निषेधाज्ञा के बीच मंगलवार को नामांकन निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अखिलेश कुमार के तरफ से दाखिल किया गया.वही, अखिलेश कुमार ने कहा कि राजनीतिक में व्याप्त भ्रष्टाचार और परिवारवाद के खिलाफ उनकी लड़ाई है और वो व्यवस्था में सुधार हेतु राजनीति क्षेत्र में आना चाहते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जनता वर्तमान सांसद और राजद प्रत्याशी से सवाल करे की उन्हें क्यों वोट दे और मुझसे भी सवाल करे की मुझे क्यों वोट दें। वही उन्होंने अररिया जिले के अभिभावकों से अपने बच्चों को उनके पास भेजने की अपील करते हुए कहा कि मैं युवाओं का करियर संवारने का काम करूंगा।

## एक झलक

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**पूर्वी चंपारण :** जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के नंदपुर गांव में पेड़ से लटका एक युवक का शव बरामद किया गया। मृत युवक की पहचान पहाड़पुर थाना क्षेत्र के सिसवा बाजार कान्ही टोला गांव के रामबली महतो का 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है ।बताया गया कि दीपक अपने ससुराल नन्दपुर गांव में ददन महतो के घर आया था। जहां बीती रात उसकी पत्नी सुधा देवी से किसी बात को लेकर बकझक हुई थी। उसके बाद वह इन्द्रगाछी विधुत ग्रिड के समीप पेड़ में गले में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु मोतिहारी भेज दिया ।थाना अध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया जायेगा। परिजन की ओर से अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है ।वैसे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है । आवेदन मिलने पर प्राथमिक की दर्ज की जायेगी।

### मिशन सुरक्षा" के तहत एक व्यक्ति गिरफ्तार

**भागलपुर :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध हथियार, शराब, मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए छापेमारी, वाहन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में बीते रात्रि करीब 10:00 बजे अमडंडा थाना को सूचना मिली कि पति-पत्नी की आपसी विवाद में पति अपनी पत्नी को जान से मारने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अमडंडा थानाध्यक्ष अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे तो देखे की एक व्यक्ति एक महिला को देशी कट्टा से मारने का प्रयास कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुँचकर घटना को अंजाम देने से पहले महिला की जान बचाई तथा पति नीतीश कुमार को लोडेड देशी कट्टा के साथ विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर सुसंगत धाराओं में कांड पंजीकृत कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कहलगाँव के निगरानी में गठित छापेमारी दल रवि कुमार थानाध्यक्ष अमडंडा, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार उपाध्याय और सशस्त्र बल अमडंडा थाना थे। उक्त आशय की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगाँव ने गुरुवार को दी।

### 22-23 अप्रैल को होगा मतदान कर्मियों का जांच

**पूर्वी चंपारण :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सौरभ जोरवाल के आदेश के आलोक में आगामी 22 और 23 अप्रैल को वैसे मतदान कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा,जिन्होने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए निर्वाचन कार्य से विमुक्ति के लिए आवेदन दिया है। इसके लिए एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है,जिसमे सर्जन, ऑर्थो सर्जन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन एवं चिकित्सा पदाधिकारी को शामिल किया गया है। मेडिकल बोर्ड के चिकित्सक 22 व 23 अप्रैल को समाहरणालय स्थित डा.राधाकृष्णन भवन में कर्मियो की जांच करेगे। फिर उनके जांच प्रतिवेदन के आधार पर मतदान कर्मियो के विमुक्ति के संबंध में निर्णय लिया जाएगा ।बताया गया है,कि उक्त मेडिकल बोर्ड के समक्ष वैसे सभी कर्मियो को उपस्थित होना अनिवार्य है,जिन्होने स्वास्थ्य का हवाला देकर मतदान कार्य से विमुक्त होने के लिए आवेदन दिया है। जो कर्मी बोर्ड के समक्ष उपस्थित नही होगे उनके आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा।

### मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, व्यक्ति गिरफ्तार

**भागलपुर :** जिले के एसएसपी आनंद कुमार ने गुरुवार को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध हथियार और मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए छापेमारी, वाहन चेकिंग एवं सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

## बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह करेंगे मंच साझा

एजेंसी

**पटना :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल यानि शुक्रवार को होना है कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के चुनाव में चुनाव प्रचार के लिए बिहार आयेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार वे 20 अप्रैल को बिहार आएंगे। इस बार के लोकसभा चुनाव में यह राहुल का पहला बिहार दौरा होगा। 20 अप्रैल को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में राहुल गांधी की चुनावी सभा होनी है। इस दौरान राहुल गांधी कांग्रेस के उम्मीदवार अजीत शर्मा को वोट देने की अपील जनता से करेंगे। बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह उनके साथ मंच साझा करेंगे। आगामी 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव में 5 सीटों पर लड़ाई है। इसमें तीन सीट भागलपुर,कटिहार और किशनगंज पर कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पूर्णिया की सीट पर पप्पू यादव ने निर्दलीय ताल ठोका है जो पहले ही अपने दल का विलय कांग्रेस में कर चुके हैं। ऐसे में राहुल का बिहार दौरा कांग्रेस पार्टी को लाभ पहुंचा सकता है।

## आगामी 15 अगस्त को देंगे एक करोड़ को नौकरी : तेजस्वी यादव



**बेगूसराय :** बिहार के बेगूसराय में आईएनडीआईए गठबंधन के उम्मीदवार अवधेश राय के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि आगामी 15 अगस्त राज्य के एक करोड़ लोगों को नौकरी देंगे। भाजपा झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही है। इस बार झांसे में नहीं आएं और एकजुट होकर इंडिया गठबंधन को समर्थन करें। जिससे देश में विकास हो सके, हम बेरोजगारी महंगाई की बात करते हैं, लेकिन भाजपा सिर्फ मंदिर मस्जिद की बात करती है तेजस्वी यादव ने कहा है कि भारत को अंग्रेजों से आजादी 1947 में ही मिल गई थी। लेकिन असली आजादी नहीं मिली है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो हम बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष बहनों को एक-एक लाख रुपया देंगे। बिहार में जब हम गठबंधन में आए तो नौकरी की चर्चा किया। चाचा ने कहा था की पैसा कहां से लाओगे, हमने मैनेजमेंट किया और 5 लाख लोगों को नौकरी दी। आरक्षण बढ़ाया, टूरिज्म पॉलिसी को बढ़ाया, साढ़े चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी बनाया ।हमारे गठबंधन की बनी तो बेगूसराय में दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना करेंगे। बेगूसराय के वर्तमान सांसद गिरिराज सिंह कभी भी रोजी, रोजगार, किसान, मजदूर, शिक्षा, गरीबी और निवेश की चर्चा नहीं करते हैं। क्योंकि उनके पास कहने के लिए कुछ है ही नहीं। कोई उपलब्धि नहीं है, वह सिर्फ नफरत पैदा करके वोट लेना चाहते हैं। समाज में जहर बांटने का काम कर रहे हैं यह काम उन्हें बंद करना चाहिए।

**रक्षाबंधन पर देश की हर बहनों को देंगे एक-एक लाख**

## अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर वोट का करेंगे बहिष्कार



एजेंसी

**भागलपुर :** जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के खानपुर पंचायत के दौलतपुर गांव के सुंगठिया बहियार में दो दिन पूर्व मिरहट्टी पंचायत के नवटोलिया गांव के दबंगों ने दो किसान को गोली मार दी,जिससे एक किसान मुकेश कुमार मंडल की मौत घटना स्थल पर ही हो गई है। इस घटना के दो दिन बीत जाने पर पुलिस के द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर दौलतपुर गांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर गुरुवार को पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द हो और मृतक के बच्चों का भरणपोषण के लिए मुआवजा राशि एवं सरकारी नौकरी मिलना चाहिए नहीं तो पूरे गाँव के लोग लोकसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे

## राजद के शाहनवाज आलम ने भरा नामांकन का पर्चा

एजेंसी

**अररिया :** अररिया में दूसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। अभी नामांकन की प्रक्रिया चल रही है ।जिसके तहत गुरुवार को आईएनडीआईए गठबंधन के राजद उम्मीदवार के रूप में शाहनवाज आलम ने अपना नामांकन का पर्चा जिला निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी इनायत खान के समक्ष दाखिल किया ।नामांकन का पर्चा दाखिल करने के जाने वक्त कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जाकिर अनवर,पूर्व विधायक अनिल यादव,पोलो झा समेत गठबंधन के नेतागण मौजूद थे। नामांकन का पर्चा दाखिल करने के बाद राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम ने कहा कि इस बार का चुनाव मुद्दों को लेकर



है ।सीमावर्ती इलाके होने के कारण यह इलाका काफी संवेदनशील है और बाढ़ और पलायन के साथ रोजगार जिले की सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा है ।कल कारखाने के अभाव में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग बड़े शहरों की ओर पलायन करते हैं ।उन्होंने कहा कि आज इस इलाके को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से उपेक्षित रखा जाता है ।परिणामस्वरूप दिल्ली और पटना सहित अन्य बड़े शहरों के लिए आज तक सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं है ।उन्होंने कहा कि पार्टी ने उसके ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है और अंजाम तो पहुंचाने के लिए सतत प्रयत्नशील रहेंगे ।इससे पहले शाहनवाज आलम नामांकन पर्चा के लिए जाने से पहले अपने पैतृक गांव जोकीहाट के सिसौना पहुंचे ।जहां अपनी मां और परिवार के बड़े सदस्यों के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### 50 हजार का ईनामी अपराधी चंदन यादव गिरफ्तार

**भागलपुर :** जिले के सबौर थाना ने टॉप 10 की सूची में शामिल कुख्यात तथा 50 हजार का ईनामी अपराधी चंदन यादव उर्फ चंदन टाईगर को गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान सिटी एसपी श्री राज ने दी ।सिटी एसपी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार मोस्ट वांटेड अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में टॉप 10 की सूची में शामिल चंदन यादव उर्फ चंदन टाईगर के गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

## रामनवमी मेला समिति के तत्वावधान में घोड़ा रेस प्रतियोगिता आयोजित

**सहरसा :** रामनवमी के अवसर पर रामनवमी मेला समिति पंचवटी के तत्वावधान में गुरुवार को पटेल मैदान में घोड़ा रेस प्रतियोगिता आयोजित किया गया ।आयोजक एवं संचालक रमेश चंद्र यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी मेला समिति पंचवटी द्वारा भव्य आकर्षक शोभा यात्रा एवं झांकी निकाली गई ।पटेल मैदान में जिले के घुड़सवारों के बीच घोड़ा रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में कल 45 घुड़सवारों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर तेज चाल एवं धीमी गति चाल में आयोजित किया गया। इस मौके पर घुड़सवारों



ने अपने-अपने घोड़ा के करतब दिखाई ।प्रतियोगिता के आयोजन में मुख्य रूप से अवधेश झा, सुभाष यादव, रामविनय सिंह, राम प्रकाश सिंह अन्य लोगों ने सराहनीय योगदान दिया। यादव ने बताया कि धीमी चाल प्रतियोगिता में आशीष कुमार चकला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही सहुरिया पूर्वी के छोटू सवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि चंदौर निवासी अनिल यादव तृतीय स्थान पर रहे। वही तेज गति चाल फर्दवाल में सहुरिया पूर्वी निवासी छोटू सवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आरार्हा निवासी पपलेश यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## रामनवमी पर रात्रि जागरण में कलाकारों ने बांधा शमां

**अररिया :** जिले के फारबिसगंज में तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार के देर शाम रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।रामनवमी के मौके पर श्री राम सेना और श्री रामनवमी रथयात्रा महोत्सव समिति की ओर से आयोजित भक्ति जागरण पंकज मतवाला नाइट्स ग्रुप की ओर से प्रस्तुत किया गया,जिसमे स्थानीय कलाकारों के साथ साथ कोलकाता,जयपुर और नेपाल के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से मौजूद राम भक्तों का रातभर मनोरंजन किया ।लोक भजन गायन के साथ साथ लोकप्रिय भगवान राम से जुड़े



भजन गानों के गायन के साथ रिकार्डिंग डांस के माध्यम से मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।श्री रामनवमी रथयात्रा महोत्सव समिति और श्री राम सेना की ओर से रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे ।मौजूद राम भक्तो ने कलाकारों की प्रस्तुति पर जमकर उनकी हौसला आफजाई की।

## रसायनिक उर्वरक और कीटनाशक के अत्यधिक प्रयोग से बिगड़ रही मिट्टी और मानव की सेहत

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** कृषि प्रधान देश भारत के खेतो में लगातार बढ़ रहे रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक के प्रयोग से न केवल जमीन की गुणवत्ता घट रही है,बल्कि इसके दुष्प्रभावों ने मानव जीवन से लेकर पशु,पक्षी, जलस्रोत सहित समूचा पर्यावरणीय चक्र असुरक्षित होता जा रहा है। अत्यधिक कृषि उत्पाद पाने की लालच में खेतो में अनुचित मात्रा रसायनों व कीटनाशको के प्रयोग ने पूरे मानवीय जीवन के लिए गंभीर संकट पैदा करता दिख रहा है ।एक ओर जहां दुनिया के कई देशों ने रसायनिक उर्वरक के उत्पादन को प्रतिबंधित कर दिया है।



वही भारत में लगातार रसायनिक उर्वरको व कीटनाशक की मांग और उत्पादन में बढोत्तरी दर्ज की जा रही है ।एक सर्वेक्षण के अनुसार प्रतिदिन औसतन एक भारतीय 0.27 मिलीग्राम रसायन व कीटनाशक सब्जी, अनाज, फल, दूध एवं पानी के माध्यम से पेट में ग्रहण कर रहा है। जिससे देश में ब्लड प्रेशर,डायबिटीज, दमा, साइनस, हृदय रोग, थायरॉइड, एलर्जी,अंधापन एवं कैंसर जैसे गंभीर बीमारी मानव शरीर में बढ़ रहा है ।कृषि जानकार बताते है

## चौकीदार पिता का वर्दी पहनकर घुमने वाला पुत्र पर प्राथमिकी

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** जिले के दरपा थाना में एक चौकीदार पिता के नाम पर उसके पुत्र द्धारा अवैध रूप वर्दी पहनकर ड्यूटी करने के मामले में एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई करने का आदेश दिया है ।विगत दिनों कई समाचार पत्र एवं बेवसाइट ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिस पर एसपी ने संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया, जिसके बाद रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व किये गये जांच में इसकी पुष्टि हुई कि दरपा थाना क्षेत्र के दुबहा गांव निवासी चौकीदार अर्जुन सिंह के पुत्र रुपेश कुमार द्वारा अवैध रूप से वर्दी धारण




कर ड्यूटी किया जा रहा था ।साथ ही सोशल मीडिया में रूपेश का उक्त वायरल फोटो भी सत्य पाया गया।,जो दो वर्ष पुराना है ।बुधवार देर शाम एसपी कार्यालय द्धारा जारी किये पत्र में कहा गया कि इस मामले की सत्यता को देखते हुए दरपा थाना में कांड दर्ज कर अवैध रूप से वर्दी धारण करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### लोकसभा चुनाव को ले 1796 मतदान केंद्रों को ले मतदानकर्मियों का दल रवाना ,मतदान कल

# सीमाएं सील, मतदान की तैयारियां

एजेंसी

**नवादा :** प्रथम चरण 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव को ले 1796 मतदान केंद्र के लिए मतदान कर्मियों का दल गुरुवार को रवाना हो गया है । जो मतदान केंद्रों पर कार्यभार संभाल कर कल शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराएंगे ।नवादा जिले की सीमाएं सील कर दी गई है । बाहरी लोगों को नवादा में रहने नहीं दिया जाएगा ।इसके लिए सभी होटलों में सघन छापेमारी की जा रही है। नवादा के जिलाधिकारी सह जिला निवार्ची अधिकारी प्रशांत कुमार



तथा एसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि मतदान की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 1796 मतदान केंद्र पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न कराए जाएंगे ।जिस पर 20 लाख 6 हजार 124 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । डीएम ने कहा कि नक्सल प्रभावित रजौली तथा गोविंदपुर में 7:00 बजे सुबह से 4:00 बजे शाम तक मतदान संपन्न कराए जाएंगे। वहीं शेष सभी जगह पर 7:00 बजे से 5:00 बजे शाम तक मतदान संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव को देखते हुए व्यापक पैमाने पर छापामारी अभियान चलाकर भारी मात्रा में शराब भी जब्त किए गए हैं ।शास्त्रों की भी बरामद की की गई है ।सीसीए के लिए 126 प्रस्ताव आए थे ।इसमें 121 स्वीकृत किए गए। डीएम ने बताया कि कोडरमा, गिरिडीह, गया तथा शेखपुरा की सीमाएं सील कर दी गई है ।एसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सशस्त्र बलों की तैनाती में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे ।38 कंपनियां अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं ।उन्होंने कहा कि शत- प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें ।

## तेजस्वी ने लोक लुभावन वादों के साथ किया भाजपा पर प्रहार



एजेंसी

**अररिया :** अररिया नेताजी सुभाष स्टेडियम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने गुरुवार को जनसभा का संबोधित की,जिसमे उन्होंने लोक लुभावन वादों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर कड़ा प्रहार किया ।इंडी एलायंस के राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम के नामांकन के मौके पर आयोजित जनसभा में तेजस्वी प्रसाद ने कहा कि बिहार से भाजपा के नेता डरे हुए हैं ।प्रधानमंत्री,रक्षा मंत्री,मुख्यमंत्री से लेकर पूरे एनडीए के नेताओं को उनके खिलाफ उतार दिया है और वे अकेले मैदान में डटे हुए है ।अपने संबोधन में तेजस्वी प्रसाद ने कहा कि जब उनके गठबंधन की सरकार बनी तो आने वाले 15 अगस्त को एक करोड़ लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाना,एक लाख रुपैया सहायता राशि प्रत्येक परिवार को दिलाना,500 रुपये में गैस सिलेंडर,200 यूनिट फ्री बिजली, बिहार में पांच स्थानों पर हवाई अड्डा का निर्माण कराये जाने की लोक लुभावन घोषणा की ।उन्होंने कहा कि बिहार में बेरोजगारी, गरीबी, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव प्रमुख मुद्दा है। लेकिन केंद्र और राज्य की सरकार के नेता इन मुद्दों पर बात नहीं कर मुद्दाविहीन राजनीति करने का काम कर रहे हैं। तेजस्वी प्रसाद के निशाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी रहे।

## एक झलक

### कप्तानी के कारण शाहीन और मेरे में कोई मतभेद नहीं : आजम

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नये कप्तान बाबर आजम ने कहा है तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी से उनके काफी अच्छे संबंध हैं। ऐसे में ये कहना कि शाहीन को कप्तानी से हटाये जाने से दोनो के बीच दूरियां आ गयी है सही नहीं है। पाक बोर्ड ने विश्वकप के बाद शहीन को कप्तानी दी थी पर तीन माह के बाद ही आजम को फिर कप्तान बना दिया। अब बाबर ने कहा कि शाहीन ने सवयं ही कप्तानी से मुक्त करने की बात कही थी। आजम ने कहा, मैं यह साफ करनार चाहता हूं कि मेरा और शाहीन अफरीदी का रिश्त आज का नहीं पहले का है। हम एक दूसरे का किसी भी हाल में समर्थन करते हैं। हमारा लक्ष्य है अपनी टीम को पहले नंबर पर रखना और यह देखना कि हम उसे कैसे ऊपर ला सकते हैं। हम व्यक्तिगत लाभ के बारे में नहीं सोचते और हमारी टीम में ऐसा कुछ नहीं है। विश्व कप से पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज हो रही है।

### बांग्लादेश का कोच बना पूर्व पाक क्रिकेटर

**ढाका ।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद को टी20 विश्वकप तक लिए टीम का नया स्पिन गेंदबाजी कोच बनाया है। बीसीबी के अनुसार मुश्ताक अगले महीने जिबाब्वे के साथ होने वाली टी-20 सीरीज से पहले शिविर से जुड़ जाएंगे। वह श्रीलंका के रंगना हेराथ की जगह लेंगे। जून 2021 से कोच रहे थे।

मुश्ताक ने कोच बनाये जाने पर उत्साहित होकर कहा, ह्यबांग्लादेश क्रिकेट टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच चुना जाना सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका के लिए उत्साहित हूं और खिलाड़ियों को अपना सारा अनुभव देना चाहता हूं क्योंकि वह सीखने के लिए तैयार रहते हैं और मुझे हमेशा लगता है कि यह टीम बहुत खतरनाक टीम है। वे किसी को भी हरा सकते हैं क्योंकि उनमें क्षमता और कौशल है।

### डेवोन कॉनवे आईपीएल 2024 से बाहर

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं। पिछले दो आईपीएल सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व करने वाले कॉनवे ने 23 मैच खेले और 924 रन बनाए, जिसमें 9 अर्धशतक शामिल है। उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 92 है। सीएसके ने टाटा आईपीएल 2024 के शेष मैच के लिए इंग्लिश क्रिकेटर रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है। ग्लीसन ने 6 टी20ई में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है और उनके नाम 9 विकेट हैं। इसके अतिरिक्त, ग्लीसन ने 90 टी20 खेले हैं और 101 टी20 विकेट लिए हैं। वह 50 लाख रुपये के आधार मूल्य पर सीएसके में शामिल होंगे।

### बार्सिलोना ओपन में हारे राफेल नडाल

**बार्सिलोना।** चोट से वापसी कर रहे राफेल नडाल की बार्सिलोना ओपन में वापसी बुधवार को दूसरे दौर में समाप्त हो गई, जब उन्हें ऑस्ट्रेलिया के चौथे वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने एक घंटे और 50 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5, 6-1 से हरा दिया।37 वर्षीय स्पैनियार्ड ने पहले सेट में दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी के साथ अच्छी प्रतिस्पर्धा की, हालांकि दूसरे सेट में फिटनेस की कमी कारण वह ज्यादा चुनौती नहीं दे सके और मिनौर ने सेट और मैच आसानी से जीत लिया। पूर्व विश्व नंबर एक और बार्सिलोना में 12 बार के विजेता, नडाल ने मंगलवार को पहले दौर में इटली के फ्लेवियो कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई थी।बुधवार को बार्सिलोना में अन्य परिणामों में रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने एंड्रिया वावसोरी को 4-6, 6-3, 6-1 से हराया, जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड, एलेक्जेंडर मुलर के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गए।

# गुजरात पर बड़ी जीत के बाद दिल्ली पहुंची छठे स्थान पर

## गुजरात सावतें नंबर पर फिसली , ऑरेंज कैप की रेस में शुभमन ने रोहित को पीछे छोड़ा

आईपीएल 2024



एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** आईपीएल 2024 के एक अहम मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को छह विकेट से हरा दिया। इस मैच में गुजरात टाइटंस की टीम केवल 89 रन पर ही आउट हो गयी। इसके बाद जीत के लिए मिले 90 रनों के लक्ष्य को दिल्ली ने चार विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। दिल्ली की ओर से जेक फ्रेजर मैकगर्क ने सबसे ज्यादा 20 रन बनाए। दिल्ली की इस बड़ी जीत के बाद अंक तालिका में भी बदलाव आया है और अंक तालिका में दिल्ली दो पायदान ऊपर आकर छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि दूसरी ओर गुजरात टाइटंस दो पायदान नीचे आकर सातवें नंबर पर फिसल गई है। यह गुजरात टाइटंस की की सात मैचों में चौथी हार है। राजस्थान रॉयल्स 12 अंक के साथ पहले नंबर पर बनी हुई है। कोलकाता नाइटराइडर्स 8, चेन्नई सुपरकिंग्स 8, सनराइजर्स हैदराबाद 8 अंक लेकर दूसरे तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। इन टीमों के औसत में अंतर से रेटिंग प्रभावित हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। उसके 7 मैच से सिर्फ 2 अंक है। दिल्ली और गुजरात के मुकाबले के बाद सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की रेस में भी बदलाव हुआ है। विराट कोहली 361 रन बनाकर इस रेस में पहले नंबर पर बने हुए हैं। रियान पराग 318 रन बनाकर दूसरे, सुनील नरेन 276 के साथ तीसरे और संजू सैमसन 276 के साथ ही चौथे नंबर पर बरकरार हैं पर शुभमन गिल 263 रन बनारकर रोहित शर्मा 261 से आगे निकल गए हैं। शुभमन पांचवें और रोहित छठे नंबर पर हैं। इसके अलावा सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की रेस में भी बदलाव आया है। दिल्ली कैपिटल्स के खलील अहमद ने पंजाब किंग्स के को पीछे छोड़ चौथे नंबर पर कब्जा कर लिया है। खलील अहमद ने गुजरात के खिलाफ एक विकेट लिया। इस तरह अब पर्पल कैप की रेस में उनके कुल 10 विकेट हो गए हैं। वहीं अर्शदीप सिंह, पैट कमिंस, कैगिसो रबाडा, कोएत्जी 9-9 विकेट लेकर संयुक्त रूप से चौथे नंबर पर हैं.युजवेंद्र चहल 12 विकेट लेकर इस रेस में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जसप्रीत बुमराह (10) मुस्तफिजुर रहमान (10) क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं।

## पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज आज से

# पिछली हार का हिसाब बराबर करने उतरेगी पाक टीम



एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज आज से शुरू होगी। इस सीरीज में पाक टीम के पास पिछले न्यूजीलैंड दौरे में मिली हार का हिसाब बराबर करने का अवसर है।

इसी साल जनवरी में दोनों टीमों के बीच खेले गए 5 मैचों की टी20 सीरीज में पाकिस्तान को 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। दोनों टीमों ने अपने दल की घोषणा कर दी है। इस सीरीज में पाक की कप्तानी बाबर आजम जबकि न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी माइकल ब्रेसवेल कर रहे हैं। पाक और न्यूजीलैंड के पिछली सीरीज में पाक टीम की कप्तानी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी कर रहे थे पर अब शाहीन को पीसीबी ने कप्तानी से हटा दिया है। शाहीन की जगह फिर से आजम को कप्तानी दे दी गयी है। इस सीरीज का पहला मैच आज जबकि दूसरा टी20 20 अप्रैल को जबकि तीसरा 21 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं चौथा टी20 मैच 25 अप्रैल को और पांचवां और आखिरी टी20 27 अप्रैल को खेला जाएगा।

**न्यूजीलैंड टीम**

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, टिम रॉबिन्सन, जोश क्लार्कसन, जेम्स नीशम, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, कोल मैककोन्ची, टिम सीफर्ट, जैकब डफी, बेन लिस्टर, एडम मिल्ने, विलियम ओह्लरूर्के, बेन सियर्स और ईश सोढ़ी।

**पाक टीम**

बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद आमिर, इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन अफरीदी, उसामा मीर, उस्मान खान , जमान खान।

# शुभमन ने हार के लिए बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली कारारी हार के लिए टीम की खरार बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया है। शुभमन ने कहा कि बल्लेबाजों ने खराब शॉट लगाकर अपने विकेट गंवाये।

इस मैच में गुजरात टाइटंस को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में गुजरात टाइटंस की पूरी टीम 17.3 ओवर में ही 89 रन सिमट गयी। गुजरात टाइटंस का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी है। गुजरात की बल्लेबाजी काफी कमजोर रही, उसके केवल तीन खिलाड़ी ही दो अंकों तक पहुंच पाये। राशिद खान ने सबसे ज्यादा 24 गेंद में 31 रन बनाए। हार के बाद शुभमन ने कहा, ह्य हमारी बल्लेबाजी औसत दर्जे की रही। अब अगले मैच में हमारे लिए वापसी करना जरुरी है। पिच को दोष नहीं दिया जा सकता। यदि आप कुछ बल्लेबाजों के आउट होने के तरीके को देखें तो ये बात सामने आयी है।

वहीं दिल्ली कैपिटल्स की गेंदों के हिसाब से आईपीएल की यह सबसे बड़ी जीत है। उसने इससे पहले साल 2022 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 57 गेंद पहले ही जीत हासिली की थी। इससे पहले डेक्कन चार्जस के खिलाफ 2008 में दिल्ली को 42 गेंद पहले ही जीत मिल गयी थी। नए कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टीम अभी तक कुछ विशेष कमाल नहीं कर पाई है हालांकि उन्हें उम्मीद है कि टीम अब अगले मैचों में जीत हासिल करेगी।

# विराट , रोहित के रिकार्ड तोड़ सकते हैं बाबर आजम



एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान टीम की कप्तान दोबारा संभालने वाले बाबर आजम न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में भारत के रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी पीछे छोड़ सकते हैं।

इस प्रकार वह बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व कीर्तिमान विराट के नाम है। विराट ने 117 टी20 मैचों में 4037 रन बनाए हैं। इस सूची में दूसरे नंबर पर टीम इंडिया के कप्तान रोहित हैं। रोहित ने 151 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 3974 रन बनाए हैं। वहीं आजम 3698 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर हैं। विराट को पीछे छोड़ने के लिए बाबर आजम को 340 रन की जरूरत है। ऐसे में कीवी टीम के खिलाफ आजम के पास विराट के महारिकॉर्ड को तोड़ने का अच्छा मौका है।

### बेहतर पासिंग और तालमेल बनाने की जरुरत : रूपिंदर

**नई दिल्ली ।** भारतीय हॉकी टीम के पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय टीम को मिली हार पर निराशा जताते हुए कहा कि उसे कुछ सुधार करने होंगे। रूपिंदर के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम आक्रामक शैली से खेलती है जिससे मुकाबले के लिए भारतीय टीम को बेहतर पासिंग और तालमेल रखना होगा। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम में शामिल रहे रूपिंदर हालांकि इस परिणाम से अधिक चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी है।

# सुपर जॉयंट्स ने मयंक की शीघ्र वापसी के दिये संकेत



एजेंसी

**मुम्बई ।** अपने पहले ही दो मैचों में आईपीएल इतिहास की सबसे तेज गेंद फेंककर धूम मचाने वाले लखनऊ सुपर जॉयंट्स के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की टीम में शीघ्र वापसी की उम्मीदें हैं। मयंक चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल पाये थे। वहीं इस सत्र में अपनी तेज रफ्तार से मयंक ने सभी को अपना प्रशंसक बनाया है। लखनऊ सुपर जॉयंट्स ने अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है। इसमें मयंक को गेंदबाजी करते हुए देखा गया है। वह चोट की वजह से मयंक दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल सके.

मयंक का जो वीडियो आया है उसमें लिखा है, ह्य फिर से उड़ चला ह्ल मंयक 7 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में केवल एक ओवर गेंदबाजी के बाद दर्द के कारण मैदान से बाहर चले गये थे उनके पैर में किसी तरह की समस्या हुई और बाद में उन्हें फिजियो के सहारे ग्राउंड से बाहर जाते हुए देखा गया। उन्हें पीठ के निचले हिस्से में तकलीफ हुई थी.

करियर के पहले ही दो आईपीएल मैचों में मयंक ने अपनी तूफानी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। वह 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक चुके हैं। इस आईपीएल में सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड मयंक के नाम है। उन्होंने दूसरे ही मैच में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। डेब्यू आईपीएल मैच में मयंक ने 155.8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी।

मयंक यादव ने पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 3-3 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इस आईपीएल में अभी तक 9 ओवर की गेंदबाजी की है। जिसमें उनके नाम 6 विकेट हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाने वाले ऋषभ बने प्लेयर ऑफ द मैच



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली कैपिटल्स ने यहां हुए आईपीएल मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हरा दिया। इस मैच में दिल्ली की ओर से कप्तान ऋषभ पंत ने शानदार प्रदर्शन किया।

ऋषभ ने इस मैच में 11 गेंदों पर नाबाद 16 रन बनाने के अलावा विकेटकीपिंग कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो कैच लेने के अलावा दो खिलाड़ियों को स्टंप आउट भी किया। ऋषभ को उनके इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला। ऋषभ ने टीम को अब तक की मिली सबसे बड़ी जीत पर खुशी जतायी है और कहा कि अभी और सुधार करने बाकि हैं। इस मैच में दिल्ली ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस की टीम को 89 रन पर ही आउट कर दिया। मैच के बाद कप्तान ने कहा, ह्यबहुत सारी सकारात्मक बातें हैं जिसको लेकर हमें खुश होना चाहिए। निश्चित रूप से हमारे गेंदबाजों का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ में से एक रहा। अभी तो टूनार्मेंट की शुरूआत है और हम यहां से अब भी बेहतर कर सकते हैं।

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने जीत के लिए मिला 90 रनों का लक्ष्य केवल 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया जिससे उसका रन रेट में भी बेहतर हुआ है। इस मैच में उनकी कप्तानी भी अच्छी रही, उन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलाई. अपने प्रदर्शन पर इस खिलाड़ी ने कहा, ह्यमैदान पर आने से पहले एकमात्र विचार यह था कि मैं मैदान पर और बेहतर करना चाहता था। जब मैं अपना रिहैबिलिटेशन कर रहा था तो भी यही विचार दिमाग में था। हमने केवल यही बातचीत की थी कि इस लक्ष्य को जल्द से जल्द हासिल करना है क्योंकि कुछ अन्य मैचों में जिसमें हम हार गये थे, हमने नेट रन रेट अंक गंवा दिए थे।

# टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नये खिलाड़ियों को जगह मिलने की संभावना नहीं

एजेंसी

**मुम्बई ।** आगामी टी20 विश्वकप को लेकर भारतीय टीम की घोषणा इस माह इस माह होने की संभावना है। इसके लिए भारतीय टीम में किसी नये खिलाड़ी को जगह मिलने की संभावना नहीं है। अब तक अटकलें थीं कि आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को अवसर मिल सकता है पर अब ऐसा होता नहीं नजर आता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अस्थायी 15 सदस्यीय टीम घोषित करने के लिए एक मई की तारीख तय की है। जिसको देखते हुए बीसीसीआई चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर और चयनकर्ता टीम को अंतिम रुप देने में लगे हैं।

वहीं एक बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, ह्यइसके लिए कोई प्रयोग या फिर आईपीएल के प्रदर्शन से चयन नहीं होगा। भारत के लिए जो खिलाड़ी खेलते हैं और जिन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें ही अवसर मिलेगा। इससे साफ लगता है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से कोई एक टीम में जगह बनाने से रह सकता है लेकिन अगर अंतिम एकादश में दोनों को चुना जाता है तो फिर दो फिनिशर रिंकू सिंह और शिवम दुबे में से किसी एक को ही जगह मिलेगी।

वहीं दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए भी फैसला करीबी हो सकता है जिसमें संजू सैमसन को जितेश शर्मा, केएल राहुल और ईशान किशन से प्रतिस्पर्धा मिलेगी। राहुल और किशन शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और इस आईपीएल में इन दोनों ने अभी तक मध्यक्रम में बल्लेबाजी का प्रयास नहीं किया है जिससे चयनकताओं के लिए निचले क्रम में उनके प्रदर्शन का विश्लेषण करना मुश्किल होगा। हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी फिटनेस हालांकि चिंता का विषय बनी हुई

# यूईएफए चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंचा बायर्न म्यूनिख



एजेंसी

**बर्लिन।** जोशुआ किमिच के एकमात्र गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बुधवार को दूसरे चरण में आर्सेनल को 1-0 (कुल मिलाकर 3-2) से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम चार में प्रवेश किया। बायर्न म्यूनिख ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार शुरूआत की। मैच के शुरूआती मिनट में हैरी केन गोल करने के बेहद करीब थे, लेकिन उनका शॉट गोलपोस्ट से चूक गया। इसके बाद दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन सफलता नहीं मिली और पहला हॉफ गोल रहित समाप्त हुआ। बायर्न ने दूसरे हाफ में जोरदार शुरूआत की। लियोन गोरेत्जका ने हेडर के जरिये गोल करने की कोशिश की, लेकिन उनका शॉट गोलपोस्ट से टकरा कर वापस आया, जिसपर राफेल गुएरेइरो ने रिबाउंड शॉट मारा, हालांकि यह शॉट बेकार गया और गेंद बाएं गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गई। मैच के 63वें मिनट में आखिरकार जोशुआ किमिच ने बेहतरीन गोल करते हुए बायर्न को 1-0 की बढ़त दिला दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही बायर्न ने 2020 के बाद अपने पहले सेमीफाइनल में प्रवेश किया, उसी वर्ष जब उसने चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीती थी। सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख का सामना रियल मैड्रिड से होगा।



चीन में दक्षिण कोरिया की जियोन झी महिला एकल में रिटर्न शॉट लगाती हुई।

## एक झलक

### भारत से दुबई के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने रद्द की उड़ानें

**नयी दिल्ली :** दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में भारी बारिश के कारण पूरा शहर जलमग्न हो गया है। दुबई का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी इससे अछूता नहीं रहा। देश के विभिन्न शहरों से दुबई के लिए उड़ानों का संचालन करने वाली एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी उड़ानें फिलहाल रद्द कर दी हैं। टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया और इंडिगो हफ्ते में दुबई समेत संयुक्त अरब अमीरात के विभिन्न शहरों लिए करीब 72 उड़ानों का संचालन करती हैं। इंडिगो ने ह्वाएक्स पोस्टह्व पर कहा कि खराब मौसम और सड़क अवरोधों के कारण हवाई अड्डे पर प्रतिबंधों और परिचालन चुनौतियों के कारण दुबई आने-जाने वाली उड़ानें 18 अप्रैल दोपहर 12 बजे तक रद्द कर दी गई हैं। एयरलाइन ने कहा कि उड़ान विकल्पों की जानकारी के लिए https://t.ly/36u4Mh9 पर पूर्ण वापसी का अनुरोध करें। एयर इंडिया ने बयान में कहा कि कल खराब मौसम के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) पर उड़ान संचालन फिलहाल बाधित है, जिसके कारण रद्दीकरण और उड़ानों में देरी हो रही है। एयरलाइन ने कहा कि वैकल्पिक विकल्प या पूर्ण रिफंड का विकल्प चुनने के लिए 24*7 संपर्क केंद्र 91 116 932 9333 या 91 116 932 9999 पर संपर्क करें। उल्लेखनीय है कि दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट दुनिया के सबसे व्यस्त एयर हब के तौर पर जाना जाता है। भारत से एयर इंडिया एयरलाइन और इंडिगो एयरलाइन के अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा एयरलाइंस और स्पाइसजेट भी दुबई के लिए अपनी उड़ानों का संचालन करती हैं।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

**नयी दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान निराशा का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती बनी रही। एशियाई बाजार में भी आज तेजी का माहौल बना हुआ है। ब्याज दरों में कटौती की संभावना को लेकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से आए एक बयान की वजह से अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान निराशा का माहौल बन गया। यूएस फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने बुधवार को दिए एक बयान ने कहा कि ब्याज दरों में जल्दी कटौती होने की संभावना नहीं है। इस बयान के बाद वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पर दबाव बन गया। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,022.21 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 181.88 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,683.37 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ फिलहाल 37,825.68 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती नजर आई।

# लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार



**नयी दिल्ली :** कमजोर ग्लोबल संकेतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा जम कर बिकवाली करने के कारण घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी लेकिन बाजार खुलने के बाद पूरे दिन तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। दोपहर तक खरीदार बाजार पर भारी पड़ते दिखे लेकिन कारोबार के आखिरी 2 घंटे के दौरान मंदड़ियों ने पूरी तरह से बाजार को अपने कब्जे में ले लिया, जिसके कारण सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में 1,107 अंक से भी अधिक का गोता लगा लिया। इसी तरह निफ्टी भी इंट्रा-डे में 364 अंक तक टूट गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत और निफ्टी 0.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान टेलीकम्युनिकेशन, टेक और मीडिया सेक्टर को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा लेकिन कारोबार के अंत में स्मॉलकैप शेयरों में कुछ खरीदारी होती नजर आई। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स ने आखिरी वक्त में हुई खरीदारी के सपोर्ट की वजह से 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार का अंत किया। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 393.87 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 394.25 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 38 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,924 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,813 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,986 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 125 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,202 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,003 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,199 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर बढ़त के साथ और 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# सैमसंग ने भारत में एआई टीवी के नये युग की घोषणा की

**रांची :** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने बेंगलुरु के सैमसंग ओपेरा हाउस में आयोजित 'अनबॉक्स एंड डिस्कवर' इवेंट में अपने अल्ट्रा-प्रीमियम नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी के लॉन्च के साथ एआई टीवी को लॉन्च किया। नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी की 2024 सीरीज पावरफुल, एआई-आधारित सोल्यूशन के साथ आपके घरेलू मनोरंजन को और बेहतर बनाएगी। नए क्यूएलईडी 8के टीवी की 2024 रेंज एनक्यू8 एआई जेन3 प्रोसेसर के साथ आती है। इसमें एक न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट (एनपीयू) दी गई है जो न्यूरल नेटवर्क में 64 से 512 तक की आठ गुना बढ़त करता है। जिससे स्क्रीम पर एकदम स्पष्ट डिटेलिंग के साथ साफ और शानदार पिक्चर दिखाई देती है। नियो क्यूएलईडी 4के टीवी शानदार 4के रिजॉल्यूशन के लिए एनक्यू4 एआई जेन2 प्रोसेसर पर काम करते हैं। सैमसंग दुनिया का पहला ग्लेयर-फ्री ओएलईडी टीवी भी लॉन्च कर रहा है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी की हमारी 2024 रेंज घरेलू मनोरंजन को नई पहचान देती है। इसके अलावा ये रेंज ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की ताकत का इस्तेमाल करते हुए इस्तेमाल में आसानी, मजबूती और सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है।

# भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर जांच के घेरे में नेस्ले




**नयी दिल्ली :** दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता उत्पाद कंपनी नेस्ले भारत में बेचे जाने वाले बेबी फूड में चीनी मिलाने को लेकर अब जांच के घेरे में आ गई है। ज्यूरिख स्थित पब्लिक आई एंड इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क की रिपोर्ट में नेस्ले इंडिया पर बच्चों के दूध और सेरेलक में चीनी मिलाने की बात सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर जांच की बात कही गई है, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि नेस्ले से जुड़ी हालिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया गया है। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत नेस्ले कंपनी के बेबी फूड के सैंपल की जांच की जाएगी। दरअसल एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ कि नेस्ले कई देशों में बच्चों के दूध और सेरेलक प्रोडक्ट्स में चीनी और शहद का इस्तेमाल करता है। चीनी का इस्तेमाल करना अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। दरअसल नेस्ले कंपनी के इंडिया और विकासशील देशों में दो सबसे ज्यादा बिकने वाले बेबी फूड ब्रांड्स में चीनी की मात्रा अधिक मात्रा पाई गई है, जबकि यही उत्पाद ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में बगैर चीनी के बेचे जा रहे हैं। एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। इस तरह के मामले भारत के अलावा अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों में देखने को मिले हैं। हालांकि, नेस्ले ने इस पर सफाई देते हुए कहा है कि वो भारत में सभी नियमों का पालन कर रही है।

### कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। ब्रेंट क्रूड 88 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.23 डॉलर यानी 0.26 फीसदी उछलकर 87.61 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट जारी



**नयी दिल्ली :** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट का दौर जारी है। आज बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ बीएनबी मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रहा है, जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत 9 क्रिप्टो करेंसी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन गिर कर 62 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे आ गई। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 2.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,540.14 डॉलर यानी 51.41 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,001.70 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.02 प्रतिशत, सोलाना 4.92 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.31 प्रतिशत, टॉनकॉइन 3.95 प्रतिशत, डोजेकॉइन 7.44 प्रतिशत और काडानो 2.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, बीएनबी 0.51 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 2.09 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.25 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 187.97 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी आई है। इस अवधि में कुल 10,008 करोड़ डॉलर यानी 8.36 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 8.04 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.06 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 53.99 प्रतिशत रह गई है।

## भारत भर के 18 लॉ स्कूलों में प्रवेश के लिए एलएसएटी-इंडिया™ 2024 पंजीकरण विंडो 2 मई तक खुली रहेगी

**नयी दिल्ली :** एलएसएटी - इंडियाट्ठ मई पंजीकरण विंडो अब खुली है और पंजीकरण 2 मई 2024 तक स्वीकार किए जाएंगे। लॉ स्कूल प्रवेश में विश्व के नेताओं, लॉ स्कूल एडमिशन काउंसिल द्वारा डिजाइन किया गया, और पियरसन व्यू (Pearson VUE) द्वारा वितरित, एलएसएटी -इंडियाट्ठ भारत भर के संस्थानों में जगह सुरक्षित करने के इच्छुक संभावित उम्मीदवारों के लिए अग्रणी लॉ स्कूल प्रवेश परीक्षा में से एक है। टेस्ट शेड्यूल अभी उपलब्ध है और 2 मई 2024 को बंद हो जाएगा, और परीक्षा 16 से 19 मई 2024 तक कई स्लॉट में आयोजित की जाएगी। संभावित उम्मीदवार अपने पंजीकरण और अपनी परीक्षा शेड्यूल करने के लिए www.lsatindia.in पर जा सकते है। जनवरी 2024 पंजीकरण और परीक्षा विंडो सफल रहने के बाद, जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल (जेजीएलएस) के वाइस डीन और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) में लॉ एडमिशन के निदेशक प्रोफेसर आनंद प्रकाश मिश्रा एलएसएटी -इंडियाट्ठ मई 2024 को देश के प्रत्येक लॉ अभ्यर्थी के लिए अनिवार्य मानता है। भारत में लॉ के इच्छुक किसी भी अभ्यर्थी को एलएसएटी -इंडियाट्ठ परीक्षा नहीं छोड़नी चाहिए, क्योंकि यह देश में लॉ में प्रवेश के लिए सबसे सूक्ष्म और वैज्ञानिक योग्यता परीक्षा है। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के लगभग सभी लॉ स्कूल लॉ स्कूल में प्रवेश के लिए एलएसएटी स्कोर का उपयोग करते हैं। प्रोफेसर मिश्रा कहते हैं 'हम जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में एलएसएटी -इंडियाट्ठ टेस्ट का उपयोग करते हैं जो 2009 में भारतीय लॉ स्कूलों के लिए बनाया गया था, हमारे लॉ स्कूल में, 5-वर्षीय इंटीग्रेटेड एलएलबी डिग्री प्रोग्राम अर्थात बीकॉम-एलएलबी, बीबीए-एलएलबी और बीए-एलएलबी ऑनर्स प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एलएसएटी -इंडियाट्ठ टेस्ट अनिवार्य है। हम CLAT या किसी अन्य टेस्ट स्कोर को स्वीकार नहीं करते हैं।

### अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में वर्ष 2025 के लिए 'डेवलपमेंट लीडरशिप में पोस्ट-ग्रैज्युएशन डिप्लोमा' में दाखिले की प्रक्रिया प्रारंभ

**रांची :** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलूरु में डेवलपमेंट लीडरशिप कार्यक्रम में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए दाखिला शुरू कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया और उससे जुड़ी जरुरी तारीखें निम्नलिखित हैं। आवेदन की आखिरी तारीख मई 15, 2024, लिखित असाइनमेंट्स और साक्षात्कार जून झ जुलाई 2024, कक्षाओं की शुरूआत जनवरी 6, 2025। यह डिप्लोमा 11 महीने चलेगा। यह एक पार्ट-टाइम डिप्लोमा है। इस डिप्लोमा को कुछ इस तरह से तैयार किया गया है, जिससे इस डिप्लोमा को करने वाले पढ़ाई के साथ-साथ अपना काम और रोजगार भी जारी रख सकते हैं। यह डिप्लोमा तीन सत्रों में पूरा होगा। इन तीनों सत्रों के दौरान ऑन-कैंपस और ऑनलाइन, इन दोनों तरीकों से पढ़ाया जाएगा। यह डिप्लोमा विकास के क्षेत्र में मध्यम से वरिष्ठ स्तर पर काम करने वाले लोगों को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है।

# सर्राफा बाजार में जारी तेजी पर ब्रेक, सोना और चांदी में मामूली गिरावट



**नयी दिल्ली :** रामनवमी बीतने के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में जारी तेजी पर ब्रेक लगता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि आज की गिरावट के बावजूद देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में आज भी 24 कैरेट सोना 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 68 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब बना हुआ है। सोने की तरह ही चांदी में भी आज मामूली गिरावट आई है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 86,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 74,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 74,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,690 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 74,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 68,020 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 74,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 74,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 68,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 74,170 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 68,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 74,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 74,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

**"निर्भय" सबसोनिक क्रूज...**
मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल के सफल उड़ान-परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी लम्बी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल विकास मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने भी डीआरडीओ की पूरी टीम को बधाई दी है।

**चुनाव आयोग की डमी ...**
फेज में सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी और पलामू लोस क्षेत्र में चुनाव होंगे।

**क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से खूंटी दूसरा सबसे बड़ा लोस क्षेत्र है। चतरा सबसे बड़े क्षेत्रफल वाला लोस क्षेत्र है। वहीं, पहले फेज के चुनाव में जिन चार लोस क्षेत्रों में मतदान होगा, उसमें लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। प्रेस वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और ओएसडी गीता चौबे भी मौजूद थीं।

**पहले चरण के मतदान के ...**
साथ मतदान के लिए इंतजार कर रहे हैं। जनता जरूर वोट करे। उन्होंने महात्मा गांधी के उद्धरित शब्दों को दोहराया, जिसमें वह कहते हैं कि मतदान कमजोर को मजबूत लोगों के साथ समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एक वोट से सरकारें गिरती हैं। अपने वोट की कीमत का एहसास आपको ईवीएम का बटन दबाने पर होगा।

**ईडी ने उद्योगपति राज कुंद्रा व फिल्म ...**
फिल्म जगत में खलबली मच गयी है। हालांकि, अभी तक इस मामले में शिल्पा शेट्टी अथवा राज कुंद्रा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। उल्लेखनीय है कि राज कुंद्रा को मुंबई पुलिस ने पॉर्न फिल्म बनाने के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी राज-शिल्पा दम्पति के विरुद्ध धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए एक्ट) के तहत छानबीन कर रही है।

**सलमान खान गोलीकांड ...**
बुधवार की देर रात एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह शख्स लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और शूटरों के बीच सम्पर्क का काम करता था। इस शख्स को पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार किया है। सुबह-सुबह दो बदमाश बाइक पर आये और गैलेक्सी अपार्टमेंट की तरफ पांच गोलियां चलायी थीं। फायरिंग की घटना से हर कोई हैरान है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सलमान और खान परिवार को आश्वासन दिया है कि सरकार उनके साथ है। इस तरह इस मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) है। दोनों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अब हरियाणा से एक और शख्स की गिरफ्तारी के बाद यह देखना अब दिलचस्प होगा कि इस मामले में आगे क्या होता है।

**अनमोल बिश्नोई के खिलाफ ...**
विदेश में है और उसने आरोपितों से इंटरनेट कालिंग से बात की थी।
महाराष्ट्र पुलिस के सूत्रों ने बताया कि मामले के सह आरोपित अनमोल के कहने पर ही इस मामले के आरोपितों को घटना के एक दिन पहले 13 अप्रैल की रात को आग्नेयास्त्रों की आपूर्ति की गयी थी। इसके बाद 14 अप्रैल को दोनों ने सलमान के आवास के सामने हवाई फायरिंग की थी। जांच में पता चला है कि आरोपित सागर पाल और विक्की गुप्ता अनमोल बिश्नोई से फायरिंग के वक्त भी इंटरनेट कालिंग से बात कर रहे थे। घटना के बाद दोनों आरोपितों ने हथियार फेंक दिया था। पुलिस टीम ने हथियार तो बरामद कर लिया है, हथियार सप्लायर की तलाश कर रही है। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने कहा कि हमले की जिम्मेदारी लेने वाला अनमोल फिलहाल विदेश में है और मामले का सह आरोपित है। पुलिस उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी। इसी बीच मुंबई क्राइम ब्रांच ने कुख्यात गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की कथित साजिश के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए चार टीमें गठित कर उनको नयी दिल्ली, बिहार, गुजरात और राजस्थान भेजा है। इस मामले में पुलिस की क्राइम ब्रांच आरोपित सागर पाल के भाई सोनू पाल से गहन पूछताछ कर रही है। इसके अलावा यह बात भी सामने आयी है कि आरोपित सागर पाल अपने भाई सोनू पाल से इंटरनेट कॉलिंग के जरिये बातचीत कर रहा था। हालांकि, पुलिस ने अभी तक सोनू पाल को गिरफ्तार नहीं किया है। सोनू पाल भी हरियाणा में काम करता था। बांद्रा में सलमान के घर पर फायरिंग मामले में हरियाणा से एक और संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उससे भी पूछताछ जारी है।

**अब शांति और विकास की धरती...**
जायेगी। उन्होंने कहा कि भारत को श्रेष्ठ भारत बनाने के लिए नरेन्द्र मोदी दिन-रात प्रयास कर रहे हैं। इसलिए एनडीए समर्थित उम्मीदवारों को विजयी बना कर नरेन्द्र मोदी के अभियान को आगे बढ़ायें।

एनडीए के उम्मीदवारों की रैली में नड्डा के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भबेश कलिता, बीटीसी प्रमुख प्रमोद बोड़ो समेत पार्टी के उम्मीदवार तथा बड़ी संख्या में पार्टी के नेता, विधायक व मंत्री आदि मौजूद रहे।
गुरुवार को जेपी नड्डा ने असम में दो कार्यक्रमों को सम्बोधित किया। जेपी नड्डा गुरुवार सुबह 11 बजे धुबड़ी के रूपही हवाई अड्डे पर उतरे। वहां से 11:30 बजे वह कोकराझाड़ पहुंचे और रोड शो करते हुए रैली स्थल तक पहुंचे। कोकराझाड़ में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद नड्डा वहां से दरंग-उदालगुड़ी लोकसभा क्षेत्र के रौता पहुंचे। रौता में भी उन्होंने एक चुनावी रैली को सम्बोधित किया।

**नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ...**
अगले तीन वर्षों में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के कुशासन के बाद मोदी के 10 वर्षों का यह सुशासन देश के लिए बेहद जरूरी था। कांग्रेस के भय, भ्रम और भ्रष्टाचार की राजनीति को मोदी ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण में परिवर्तित कर दिया है। इंडी एलायंस के लोग देश को जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने वाले और हम जोड़ने वाले हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी ने सदैव हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर माना है। हिमाचल प्रदेश का विकास उनकी प्राथमिकताओं में हमेशा शीर्ष पर रहा है, इसीलिए एक छोटे पहाड़ी राज्य को पिछले 10 वर्षों में उन्होंने इतना दिया है, जिसकी पहले कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। रेल हो, सड़क हो या हवाई साधन तीनों में हिमाचल प्रदेश आज बेहद उन्नत है। जब हिमाचल प्रदेश में आपदा आई तब केंद्र सरकार ने तुरंत कार्य करते हुए 1762 करोड़ रुपये की मदद, 16 हजार से ज्यादा आवास, 2700 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें और मनरेगा द्वारा अलग से पैसे दिए। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि अगर आपको पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों की स्पीड और स्केल मापना है तो ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं है। आप यह देखिए कि हम मात्र 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाए हैं। 25 करोड़ तो कितने देशों की जनसंख्या भी नहीं है। हम उन्हें सिर्फ गरीबी रेखा से बाहर नहीं लाए बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए 4 करोड़ पक्के आवास, 12 करोड़ शौचालय, 13 करोड़ घरों में नल से जल, 11 करोड़ बहनों को फ्री गैस कनेक्शन, 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज और 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया है। इसके बाद स्वनिधि योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, विश्वकर्म योजना, स्किल इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया है। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि मोदी के नेतृत्व में आज का नया भारत सनातन और साइंस दोनों को साध कर चल रहा है। जिस सनातन सभ्यता और हिंदू अस्मिता का कांग्रेस ने सदा गला घोटने का प्रयास किया, वह आज फिर से अपने परम वैभव को प्राप्त होने को अग्रसर है। अयोध्या जी में 500 वर्षों बाद रामलला की पहली रामनवमी पर स्वयं भगवान सूर्य देव ने उनका तिलक किया। यह दृश्य स्वयं में ऐतिहासिक है और मोदी सरकार में हिंदू जन जागरण की कहानी बयान करने हेतु पर्याप्त है। आज काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारनाथ धाम सहित हमारे सभी धामों का विकास हो रहा है। श्रद्धालु पांच पांच गुना तक बढ़ रहे हैं। युवाओं में सनातन धर्म को लेकर एक नई ऊर्जा संचालित हुई है। यह सब देखकर हृदय को बड़ी प्रसन्नता होती है। इसके अलावा हमने जम्मू कश्मीर को अनुच्छेद 370 की बेड़ियों से आजाद कराया।

**ईरान में फंसे भारतीय 17 क्रू ...**
स्वागत किया। मंत्रालय ने आगे कहा कि तेहरान में भारतीय मिशन कंटेनर जहाज के शेष 16 भारतीय चालक दल के सदस्यों के संपर्क में है। चालक दल के सदस्य ठीक और स्वस्थ हैं और भारत में अपने परिवार के सदस्यों के संपर्क में हैं।
भारतीय मिशन एमएससी एरीज के शेष चालक दल के सदस्यों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ भी संपर्क में है। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस मामले पर अपने ईरानी समकक्ष विदेश मंत्री अमीर अब्दुल्लाहियन से बात की थी। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष के चलते वाणिज्यिक जहाज एमएससी एरीज को ईरान ने अपने कब्जे में लिया था। इसमें 17 चालक दल सदस्य भारतीय हैं।
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने महिला सदस्य की वापसी को मोदी की गारंटी से जोड़ा है। उन्होंने कहा है कि मोदी की गारंटी हमेशा देश या विदेश में काम करती है।

**भाजपा ने सिंधुदुर्ग-रत्नागिरी ...**
विराम लग गया। इस सीट पर राणे का मुकाबला शिवसेना (यूबीटी) नेता और मौजूदा सांसद विनायक राउत से होगा। नारायण राणे ने पहले भी बार-बार दावा किया था कि सिंधुदुर्ग-रत्नागिरी निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा का उम्मीदवार होगा और अगर पार्टी उनसे ऐसा करने के लिए कहेगी तो वह इस सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। राणे वर्तमान में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री हैं।

## एक झलक

### प्रधानमंत्री ने मीत ब्रदर्स के 'मेरा पहला वोट देश के लिए' एंथम को सराहा

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मीत ब्रदर्स के बहुभाषी एंथम 'मेरा पहला वोट देश के लिए' की सराहना की है। उन्होंने इसे लोकसभा चुनावों में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का एक बड़ा प्रयास बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर मीत ब्रदर्स की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का यह एक बड़ा प्रयास है। उल्लेखनीय है कि मीत ब्रदर्स ग्वालियर, मध्य प्रदेश की एक भारतीय संगीत जोड़ी है। इस जोड़ी में भाई मनमीत सिंह और हरमीत सिंह शामिल हैं। बहुभाषी एंथम 'मेरा पहला वोट देश के लिए' की शुरूआत बोल 18 की हूं कोई बच्ची नहीं, नई हूं पर कच्ची नहीं हैं।

### सीबीआई ने उत्तर पूर्व रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को घूस लेते किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को उत्तर पूर्व रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजय कुमार को घूस लेते गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने आरोपित से घूस की 20 हजार रुपये की रकम भी जब्त की है। सीबीआई ने सलेमपुर और गोरखपुर (यूपी) में आरोपित के परिसरों की तलाशी भी ली। सीबीआई ने एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरोपित संजय कुमार के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसे वर्तमान पोस्टिंग से मुरादाबाद मंडल में कार्य-मुक्त करने के लिए 50,000 रुपये की मांग की थी। उस दौरान आरोपित संजय कुमार उत्तर पूर्व रेलवे के वाराणसी क्षेत्र में स्थित देवरिया जिला के सलेमपुर में सीनियर सेक्शन इंजीनियर के तौर पर तैनात था।

### रेजीनगर दंगे की एनआईए जांच चाहती है भाजपा

**कोलकाता** : मुर्शिदाबाद के रेजीनगर में रामनवमी की शोभायात्रा पर दंगाइयों के हमले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पूरी घटना की एनआईए से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी ने जिस तरह से अपनी चुनावी जनसभाओं से दंगा को लेकर उकसावा दिया, उससे उपद्रवियों को बढ़ा मिला। रामनवमी शोभायात्रा को चारों तरफ से घेर कर हमले हुए हैं।

# आखिरकार पश्चिम बंगाल में रामनवमी पर हो ही गया फसाद



एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के उस मुर्शिदाबाद जिले में आखिरकार दंगा हो ही गया जहां के डीआईजी मुकेश कुमार को चुनाव आयोग ने कुछ दिन पहले ही हटाया था। उन्हें हटाए जाने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया था कि दंगा होगा तो चुनाव आयोग जिम्मेदार होगा। बुधवार शाम जब मुर्शिदाबाद के रेजीनगर इलाके में रामनवमी की शोभायात्रा निकल रही थी तो यहां चारों तरफ से इस पर पथराव होने लगे। इसमें कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं। उन्हें मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। दरअसल रामनवमी से पहले अपनी हर एक जनसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बार-बार दंगा होने की आशंका जाहिर की थी। इससे लोग डर के साए में थे और आखिरकार ऐसा हो ही गया। इसे लेकर वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा है कि उन्हीं के उकसावे की वजह से दंगा हुआ है। उन्होंने पुलिस पर भी इसमें मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा की शोभायात्रा पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। यहां तक की उसमें बमबारी भी की गई है। उन्होंने कहा कि एक तरफ से दंगाई पथराव कर रहे थे और दूसरी ओर पुलिस उनके साथ मिलकर राम भक्तों को तितर-बितर करने के लिए उन पर आंसू गैस के गोले दाग रही थी। बंगाल में शांतिपूर्वक तरीके से त्यौहार मने, इसके लिए बहुत जरूरी है कि यहां भाजपा की सरकार आए। उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले में प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बंगाल भाजपा के प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य शमिक भट्टाचार्य ने भी आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के उकसावे की वजह से ऐसा हुआ है। रेजीनगर हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया है।

### बंगाली हिन्दुओं की रक्षा करने में ममता विफल : भाजपा

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर और मेदिनीपुर के एगरा में रामनवमी की शोभायात्रा पर हमले के लिए भाजपा ने ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी ने कहा है कि वह बंगाली हिंदुओं की रक्षा में विफल हैं। बंगाल भाजपा के प्रभारी और आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने गुरुवार को ट्विटर पर लिखा, 'बंगाल टूट रहा है और इसके लिए ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। उनके निंदनीय और सांप्रदायिक भाषणों के कारण पूरे बंगाल में राम भक्तों पर हमले हुए हैं। मुर्शिदाबाद में बड़े पैमाने पर दंगे के बाद अब मेदिनीपुर के एगरा में श्रीराम भक्तों को निशाना बनाया गया। रामनवमी शोभा यात्रा पर हुए क्रूर हमले के विरोध में आज भाजपा कार्यकर्ता एगरा थाने का घेराव करेंगे। बंगाली हिंदुओं की रक्षा करने में विफल रहने के लिए बंगाल की मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

## रामनवमी हिंसा के खिलाफ विहिप ने किया राज्यव्यापी प्रदर्शन का एलान, एनआईए जांच की मांग

**कोलकाता** : विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने रामनवमी पर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा की निंदा करते हुए इसके खिलाफ राज्य भर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। इसके साथ ही मामले की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। संगठन की तरफ से लगाया गया है कि तृणमूल के संरक्षण में वहां के जिहादियों ने यह हमला किया, जिसमें दर्जनों हिंदू घायल हुए। विहिप ने घटना के विरुद्ध राज्यव्यापी प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन देने का फैसला किया है। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि मुर्शिदाबाद में रामनवमी के पावन अवसर पर निकली गई शोभायात्रा पर जिहादियों का प्राणघातक हमला आतंकी घटना से कम नहीं है। घरों की छतों से पत्थर फेंके गए, शोभायात्रा में शामिल लोगों पर बम फेंके गए, तलवारों से हमला किया गया और घेर कर जान से मारने की कोशिश की गई। यह सब एक दिन की तैयारी से नहीं हो सकता, हफ्तों से तैयारी चल रही होगी, जिसकी जानकारी तृणमूल और सरकार को ना हो, यह संभव नहीं है। विहिप नेता ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि बंगाल में हिंदू अपनी मां-माटी-मानुष तीनों को सुरक्षित नहीं रख सकता है।

# इंडोनेशिया में रुआंग पर्वत पर विस्फोट

- सुनामी का खतरा
- 11000 से अधिक लोगों को इलाका खाली करने का आदेश



एजेंसी

**जकार्ता** : इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी के रुआंग पर्वत पर हुए विस्फोट के बाद सुनामी का खतरा बढ़ गया है। इसके मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को तत्काल प्रभाव से बंद करना पड़ा है। क्षेत्र में हजारों फीट की ऊंचाई पर राख फैल गई है। अधिकारियों ने बुधवार को सुनामी की चेतावनी जारी करते हुए 11,000 से अधिक लोगों को क्षेत्र छोड़ने का आदेश दिया है। इंडोनेशिया के प्रमुख समाचार पत्र जकार्ता पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने गुरुवार को कहा है कि रुआंग ज्वालामुखी से कई दिनों तक लावा और राख निकलने के बाद आसपास के इलाकों से सैकड़ों लोगों को हटाया गया है। इसी वजह से उत्तरी सुलावेसी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कराया गया है। बुधवार को उत्तरी सुलावेसी के दूरदराज के द्वीप पर अचानक ज्वालामुखी से लावा निकलने लगा। कुछ ही देर में राख का ढेर आकाश में तीन किलोमीटर (दो मील) तक फैल गया। ज्वालामुखी के ऊपर आकाश में बिजली की चमक दिखाई दे रही है। अधिकारियों की चेतावनी के बीच क्षेत्र से 800 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इंडोनेशिया के ज्वालामुखी विज्ञान और भू-वैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने कहा कि सुलावेसी द्वीप के उत्तरी किनारे पर ज्वालामुखी में पिछले 24 घंटों में कम से कम पांच बड़े विस्फोट हुए हैं। अधिकारियों को चिंता है कि ज्वालामुखी का एक हिस्सा समुद्र में गिर सकता है और 1871 के विस्फोट की तरह सुनामी पैदा कर सकता है। ज्वालामुखी के उत्तर-पूर्व में टागुलैंडांग द्वीप फिर खतरे में है। द्वीप के आसपास के निवासियों को अन्यत्र जाने को कहा गया है।

### विदेशी मुद्राओं में ऋण का विकल्प देगा इरेडा

**नयी दिल्ली** : भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में अपने एक कार्यालय की शुरूआत की है, जो विदेशी मुद्राओं में ऋण विकल्प प्रदान करने में विशिष्टता प्राप्त होगा। इससे नेचुरल हेजिंग (जोखिम प्रबंधन रणनीति) की सुविधा प्राप्त होगी। इरेडा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित अबू धाबी में आयोजित वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी सम्मेलन के दौरान यह बात कही। उर्जा मंत्रालय प्रवक्ता ने बताया कि 17 अप्रैल को अरब अमीरात (यूएई) स्थित अबू धाबी में आयोजित वर्ल्ड फ्यूचर एनर्जी सम्मेलन- 2024 में लंबी अवधि के ऊर्जा भंडारण के लिए भविष्य में विकास के अवसर विषय पर एक पैनल चर्चा के दौरान इस रणनीतिक पहल को सीएमडी ने रेखांकित किया।

## सुधांशु त्रिवेदी सहित पांच नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्यों ने शपथ ली



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राज्यसभा के पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ संसद भवन में दिलाई गई, जहां राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीके मोदी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण करने वालों में भीम सिंह, परमार जसवन्तसिंह सलामसिंह, संगीता, नवीन जैन और डॉ. सुधांशु त्रिवेदी शामिल थे।

## सपा-बसपा व कांग्रेस की थी दंगा पॉलिसी : योगी



आयोजन

एजेंसी

**बुलंदशहर** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को 'राम-राम' और माफिया-अपराधियों के लिए 'राम नाम सत्य' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बुलंदशहर के सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने यहां गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए जनसभा कर वोट की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज हम सभी नए भारत में हैं। 2014 के चुनाव के साक्षी लोग जानते हैं कि उस समय कैसा भारत था। वे वर्तमान पीढ़ी और नवोदित मतदाताओं को बताएं कि उसके पहले लोगों में आक्रोश, अविश्वास था। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद सिर चढ़कर बोल रहा था। देश की सभी संस्थाओं में भ्रष्टाचार चरम पर था।

### विश्व धरोहर दिवस पर गंगा नदी के संरक्षण की अपील

**वाराणसी** : विश्व धरोहर दिवस पर गुरुवार को भारत के सांस्कृतिक धरोहर की प्रतीक मां गंगा को सहेजने की अपील नमामि गंगे ने की। दशाश्वमेध घाट पर कार्यकताओं के साथ नागरिकों ने भी प्रवाहित गंगा में किनारे पड़े निर्माल्य को निकाला। मणिकर्णिका घाट से दशाश्वमेध घाट तक लाउडस्पीकर से भारत की पहचान, मां गंगा के संरक्षण की अपील की गई। विश्व को वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश दे रही सनातनी संस्कृति की धरोहर गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को कूड़े कचरे से बचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि नदियों के बिना किसी भी सभ्यता का विस्तार नहीं हो सकता है। गंगा नदी भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।

## बॉक्स ऑफिस पर 'बड़े मियां छोटे मिया' का संघर्ष जारी

**बॉलीवुड** स्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर 'बड़े मियां-छोटे मियां' को लेकर इस वक्त हर कोई उत्सुक है। अक्षय-टाइगर की एक्शन से भरपूर फिल्म चर्चा में है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां-छोटे मियां' गुरुवार 11 अप्रैल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों का भी खूब प्यार मिल रहा है। अब 'बड़े मियां-छोटे मियां' की रिलीज के 7वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर अभिनीत फिल्म 'बड़े मियां-छोटे मियां' 11 अप्रैल को रिलीज हुई थी। अब रिलीज के 7वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 7वें दिन फिल्म ने 2.50 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है। वहीं, ओपनिंग डे पर "बडे.मियां छोटे मियां" ने 15.66 करोड़ रुपये की कमाई की थी, दूसरे दिन 7 करोड़ रुपये का कारोबार किया। तीसरे दिन फिल्म ने 8.50 करोड़ रुपये की कमाई की। चौथे दिन फिल्म ने 9.05 करोड़ रुपये कमाए। पांचवें दिन 2.5 करोड़ रुपये कमाए और छठे दिन 2.4 करोड़ की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।



## टाइम पत्रिका की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में अजय बंगा व साक्षी मलिक शामिल




### टाइम्स मैग्जीन के सौ सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शामिल हुई आलिया भट्ट



**आलिया** भट्ट इस समय मनोरंजन जगत की टॉप अभिनेत्री हैं। आलिया ने पिछले कुछ सालों में कई फिल्मों में अभिनय करके प्रशंसकों का प्यार कमाया है। करियर की शुरूआत में एक्टिंग को लेकर ट्रोल होने वाली आलिया अब अपनी एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। आलिया के सिर पर एक और ताज सज गया है। दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में आलिया भट्ट को भी शामिल किया गया है। आलिया भट्ट को "टाइम्स" की टॉप 100 प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शामिल किया गया है। इस लिस्ट में आलिया भट्ट समेत दुनियाभर के लोगों के नाम शामिल हैं।

एजेंसी

**न्यूयॉर्क** : विश्व की प्रतिष्ठित पत्रिका द्वारा बुधवार को जारी दुनिया के 100 प्रतिष्ठित लोगों में भारतीयों ने बड़ी संख्या में प्रभावशाली हस्तियों की सूची में जगह बनाई है। इस सूची में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सीईओ सत्या नडेला, ओलंपियन पहलवान साक्षी मलिक और अभिनेता-निर्देशक देव पटेल शामिल हैं। टाइम के 'वर्ष 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों' में अमेरिकी ऊर्जा विभाग के ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, येल विश्वविद्यालय में खगोल विज्ञान और भौतिकी की प्रोफेसर प्रियंवदा नटराजन, भारतीय मूल की रेस्तरां मालकिन अस्मा खान एवं रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवेलनी की विधवा यूलिया नवेलनाया भी शामिल हैं।

# 1.13 करोड़ मतदाता करेंगे 91 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

- शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल, राज्य सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल और होमगार्ड के जवान तैनात
- जबलपुर में 19, सीधी में 17, शहडोल में 10, बालाघाट में 16, मंडला में 14 और छिंदवाड़ा में 15 उम्मीदवार मैदान में
- कांग्रेस से पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ दूसरी बार चुनाव मैदान में



लोकसभा चुनाव

एजेंसी

**भोपाल** : लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मध्य प्रदेश की छह लोकसभा सीटें सीधी, शहडोल, मंडला, बालाघाट, जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। बालाघाट के नक्सल प्रभावित बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्रों में दो घंटे पहले चार बजे मतदान समाप्त हो जाएगा। शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल, राज्य सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है। पहले चरण में 1.13 करोड़ मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। इन छह सीट पर 91 उम्मीदवार चुनाव मैदान में किस्मत अजमा रहे हैं। इनमें जबलपुर में 19, सीधी में 17, शहडोल में 10, बालाघाट में 16, मंडला में 14 और छिंदवाड़ा में 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। जबलपुर समेत प्रथम चरण की सभी छह लोकसभा क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी ने सघन प्रचार- प्रसार किया। इन क्षेत्रों में 40 से अधिक सभाएं, 30 से अधिक स्थानों पर रोड शो, 25 से अधिक स्थानों पर कार्यकर्ता सम्मेलन हुए। वहीं, कांग्रेस ने भी इन सीटों को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। कांग्रेस की तरफ से भी दर्जनों सभा, रैली निकाली गईं। पहले चरण में विंध्य-महाकोशल की सभी सीट पर प्रमुख रूप से भाजपा-कांग्रेस के बीच मुकाबला माना जा रहा है।

**जबलपुर लोकसभा सीटः** इस सीट पर भाजपा-कांग्रेस में प्रमुख मुकाबला है। दोनों दलों ने नया चेहरा उतारा है। भाजपा ने पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष आशीष दुबे तो कांग्रेस ने भी पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है। जबलपुर लोकसभा सीट पर साल 1996 से भाजपा का कब्जा है। यहां से चार बार के सांसद राकेश सिंह के विधानसभा चुनाव जीत कर मंत्री बनने के बाद भाजपा के गढ़ को बचाने की जिम्मेदारी पार्टी ने आशीष दुबे को सौंपी है। दुबे का मुकाबला कांग्रेस के दिनेश यादव से है, जिन्हें पार्टी ने ओबीसी कार्ड खेलते हुए मैदान में उतारा है। प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री मोहन यादव जबलपुर आकर भाजपा प्रत्याशी के साथ जबलपुर के विकास का दृष्टि पत्र जारी किया। यहां से कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जबलपुर में कुल 2130 मतदान केंद्रों पर 18,94,304 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

**छिंदवाड़ा लोकसभा सीटः** देशभर की नजर प्रदेश की इस सीट पर है। दरअसल यह कांग्रेस का अभेद्य किला माना जाता है जहां से कांग्रेस अब तक सिर्फ एक बार चुनाव हारी है। वर्ष 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी यहां से कांग्रेस ने जीत हासिल की।

### राहुल गांधी 20 अप्रैल को भागलपुर से करेंगे चुनावी शंखनाद



**पटना** : लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल यानि शुक्रवार को होना है कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के चुनाव में चुनाव प्रचार के लिए बिहार आयेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार वे 20 अप्रैल को बिहार आएंगे। इस बार के लोकसभा चुनाव में यह राहुल का पहला बिहार दौरा होगा। 20 अप्रैल को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में राहुल गांधी की चुनावी सभा होनी है। इस दौरान राहुल गांधी कांग्रेस के उम्मीदवार अजीत शर्मा को वोट देने की अपील जनता से करेंगे। बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह उनके साथ मंच साझा करेंगे। आगामी 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव में 5 सीटों पर लड़ाई है। इसमें तीन सीट भागलपुर, कटिहार और किशनगंज पर कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

### मायावती ने झांसी-ललितपुर सीट पर नौ दिन पहले घोषित प्रत्याशी को पार्टी से निकाला



**झांसी** : बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने नौ दिन पहले घोषित झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से बुधवार देर रात निष्कासित कर दिया। कुशवाहा पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता का आरोप है। इतना ही नहीं, मायावती ने झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को भी हटा दिया है। उनके स्थान पर बीके गौतम को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। बसपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष गौतम ने बताया कि जल्द ही इस सीट पर प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। गौतम ने एक बयान में बताया कि राकेश कुशवाहा पर पार्टी विरोधी गतिविधियों के साथ ही अनुशासनहीनता के भी आरोप लगे थे। जांच में आरोप सही पाए जाने पर उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। झांसी-ललितपुर सीट पर लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान है। इस चरण के लिए अधिसूचना 26 अप्रैल को जारी होगी और मतदान 20 मई को होगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश समेत आठ राज्यों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसमें उत्तर प्रदेश की 14 सीटें- झांसी-ललितपुर, मोहनलाल गंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा शामिल हैं।

### प्रकृति ने दे दिये हैं जीत के संकेत: कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह



- रामनवमी पर कैबिनेट मंत्री के घर के आंगन में खिले 'पांच कमल', मान रहे संयोग
- सोशल मीडिया पर छायी मंत्री की फेसबुक पोस्ट, जीत की अग्रिम बधाइयों की बौछार

**देहरादून** : सूबे के कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट की है, जो सोशल मीडिया पर खासी वायरल हो रही है। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा कि कुदरत ने भी उत्तराखंड के पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत के संकेत दे दिए हैं। दरअसल, रामनवमी पर ऐसा संयोग बना कि घर के आंगन में पहली दफा कमल दल खिले, वह भी पांच। यह भी गजब संयोग है कि भारतीय जनता पार्टी का चुनाव निशान भी कमल है और राज्य में लोकसभा सीट भी पांच हैं। लोकसभा चुनाव प्रचार थम गया है। राजनीतिक दल चुनावी गणित लगाने में जुटे हैं। इस बीच कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत की फेसबुक पोस्ट सोशल मीडिया पर छाई हुई है। उन्होंने अपनी पोस्ट में एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें 'पांच कमल' खिले हैं। उन्होंने लिखा है कि यह कुदरत का अद्भुत संयोग है, जो प्रदेश के पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा की विजयश्री का संकेत दे रहा है। फेसबुक पोस्ट में आगे लिखा है कि रामनवमी के अवसर पर उनके आंगन में पहली बार कमल दल खिले हैं और वह भी पांच।